सुप्रभात
रांची, सोमवार
15.04.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 271




12 मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब : राहुल

### न्यूज डायरी

#### मनोज तिवारी के खिलाफ कांग्रेस से कन्हैया कुमार


**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 10 उम्मीदवारों की एक और सूची रविवार को जारी की। कन्हैया कुमार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली से उतारा है। वह भाजपा के मनोज तिवारी को चुनौती देंगे।

#### ईरान ने इजरायल पर दागी 146 मिसाइलें

**यरूशलम।** ईरान ने इजरायल पर 185 ड्रोन, 36 क्रूज मिसाइलें और 110 सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी हैं। ईरान ने दमिश्क में अपने दूतावास से सटे कांसुलर एनेक्सी भवन पर इजरायल के हमले के जवाब में यह हमला किया। इजरायल ने दावा किया कि उसने सभी ड्रोन और मिसाइलों को रोक दिया। वह भी निर्णायक प्रतिक्रिया की तैयारी में है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 69200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 90000 रु./प्रति किलो |




## युवा, महिला, गरीब और किसानों को सशक्त बनाने का भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र

# जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको हमने पूजा : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए रविवार को अपना संकल्प पत्र मोदी की गारंटी 2024 को जारी किया । देश में गरीब कल्याण योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के रोडमैप को विस्तार दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा, जिनको किसी ने नहीं पूछा, उनको मोदी पूजता है। यही सबका साथ, सबका विकास का भाव है और यही भाजपा के संकल्प पत्र की आत्मा भी है। दिव्यांग साथियों को अब पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जायेगी। पीएम मोदी ने आगामी पांच साल में विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों - युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाने के संकल्प व्यक्त किया। पार्टी देश को विकसित भारत बनाने के लिए कृत संकल्प है। घोषणापत्र मोदी की गारंटी संकल्प पत्र कहा कि अगले पांच वर्षों में सुधार, प्रदर्शन, परिवर्तन के मंत्र पर आगे बढ़ते हुए, हम और भी तेजी से प्रगति करेंगे। पार्टी ने वादा किया है कि वह पूरे देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी। 'संकल्प पत्र' विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों - युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाया जायेगा।




#### बिरसा मुंडा का जिक्र

श्री मोदी ने कहा, आदिवासी समाज के योगदान को पहचानते हुए हमने देश में जातीय गौरव दिवस मनाने का फैसला किया। अगले वर्ष 2025 में हम राष्ट्रीय स्तर पर भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनायेंगे, जिससे जनजातीय गौरव अभियान को और गति मिलेगी। सात सौ से अधिक एकलव्य विद्यालयों के निर्माण के लक्ष्य को भी तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)

#### संकल्प पत्र की प्रमुख बातें

युवाओं को रोजगार की गारंटी। 2036 में ओलंपिक की मेजबानी। 3 करोड़ लखपति दीदी। महिला आरक्षण लागू होगा। कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा। मछुआरों के लिए विशेष योजना। ओबीसी, एससी-एसटी को हर क्षेत्र में सम्मान। अयोध्या का और विकास करेंगे। विश्वभर में रामायण उत्सव मनाया जायेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई होगी। भारतीय न्याय संहिता लागू होगी। वन नेशन, वन इलेक्शन लागू होगा। यूनिफॉर्म सिविल कोड प्रभावी ढंग से लागू करेंगे। गरीबों के लिए तीन करोड़ और घर बनायेंगे। पाइप से सस्ती रसोई गैस की आपूर्ति होगी। 50 हजार कर्ज की लिमिट को बढ़ाया जायेगा। साथ ही 70 वर्ष से ज्यादा आयु वाले बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जायेगा, उन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगा। अगले पांच वर्षों तक पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन देना जारी रखा जायेगा। करोड़ों परिवारों के बिजली बिल जीरो करने के लिए काम करने का भी वादा किया है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर तेजी से काम किया जायेगा। ट्रांसजेंडर को भी आयुष्मान योजना से जोड़ा जायेगा। मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए कम दर में आवास, सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं, अच्छी शिक्षा और रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के मौके देंगे। बुलेट ट्रेन की सौगात देंगे। 6जी टेक्नोलॉजी को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का वादा किया है। श्री अन्न पैदा करने वाले 2 करोड़ से ज्यादा छोटे किसानों को विशेष लाभ देंगे।

### पहले चरण की सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा व पलामू में चुनाव 13 मई को

## झारखंड की चार सीटों पर नामांकन 18 से

उम्मीदवारों का जनसंपर्क तेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों के लिए चार चरणों में होनेवाले चुनाव के लिए पहले चरण में चार सीटों के लिए नामांकन 18 से शुरू होगा। ये चार सीटें हैं सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू। इन सीटों पर 13 मई को वोट डालें जायेंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल तक और वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दल अब तक 34 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं। घोषित प्रत्याशी गर्मी की तपिश में लगातार प्रचार अभियान में जुट गये हैं। इसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी तारीख से नामांकन शुरू हो जायेगा। एनडीए ने सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इंडी गठबंधन ने अब तक केवल नौ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। पांच सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा बाकी है। अब तक न तो एनडीए ने और न ही इंडी गठबंधन ने झारखंड के लिए स्टार प्रचारकों की घोषणा की है। (शेष पेज 11 पर)

#### झारखंड में कब-कब चुनाव

**13 मई पहला चरण :** सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू। **20 मई दूसरा चरण :** चतरा, कोडरमा और हजारीबाग। **25 मई तीसरा चरण :** गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर। **एक जून चौथा चरण :** राजमहल, दुमका और गोड्डा। मतगणना 4 जून को होगी।

### सरबजीत के हत्यारे की लाहौर में गोली मार कर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी एवं आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आमिर सरफराज ताम्बा की रविवार को लाहौर में अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। ताम्बा पर मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने लाहौर के इस्लामपुरा इलाके में हमला किया। उसे नाजुक हालत में एक अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। अफजल गुरु को फांसी की सजा दिए जाने के बाद तांबा ने जेल में सरबजीत पर हमला कर दिया था, जिसके कुछ दिन बाद उनकी मौत हो गयी थी।।

## झारखंड में बनेगा भाड़ा नियंत्रण ट्रिब्यूनल

### मकान मालिक और किरायेदारों के विवादों का निपटारा होगा आसान

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड में मकान मालिक और किरायेदारों के बीच के विवादों का निष्पादन अब काफी आसान होगा। सरकारी कार्यालयों का वर्षों चक्कर लगाने के लिए अब जूते-चप्पल नहीं घीसने होंगे। झारखंड में मकान मालिक और किरायेदारों के बीच उत्पन्न विवादों का निपटारा अब ट्रिब्यूनल (न्यायाधिकरण) करेगा।

इसके लिए भाड़ा नियंत्रण अधिकरण का गठन किया जायेगा। हाईकोर्ट की सलाह पर जिला न्यायाधीश को इस अधिकरण का अध्यक्ष बनाया जायेगा। इसके लिए राज्य सरकार झारखंड भवन पट्टा, किराया और बेदखली विधेयक का जल्द ही ड्राफ्ट तैयार करेगी। हालांकि इस विधेयक पर बीते दो सालों से काम चल रहा था। इस विधेयक को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूबे में आचार संहिता के खत्म होने के साथ ही इस विधेयक को विभागों ने गुजरते हुए कैबिनेट में जायेगा और सरकार की मुहर लगेगी।

#### उच्चस्तरीय कमेटी गठित

विधेयक का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### राजधानी में स्कूटी से 11.06 लाख बरामद

**रांची।** लालपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान प्लाजा चौक के समीप से रविवार को एक स्कूटी से 11.06 लाख रुपया बरामद किया है। स्कूटी सवार को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। युवक ने बताया कि यह पैसा पंडरा के दाल व्यवसायी एस अग्रवाल का है। श्री अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उक्त राशि खूंटी से वसूल कर लाया गया था, जिसे बैंक में जमा नहीं कर पाया है। उसका कर्मचारी उक्त राशि लेकर घर आ रहा था। राशि का पूरा ब्योरा उनके पास है। आयकर विभाग की टीम भी पूरे मामले की पड़ताल में जुट गयी है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।



## सिंहभूम सीट से झामुमो प्रत्याशी बदले जाने की राजनीतिक महकमों में चर्चा गरम

# हॉट सीट सिंहभूम में दो महिला दिग्गज का लगा है दावं, हो जाति के प्रत्याशियों की हो रही है मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा सीट से झामुमो के प्रत्याशी बदलने की भी चर्चा गर्म हो रही है। वर्तमान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन तक झामुमो प्रत्याशी के बदले की बात पहुंच गयी है। हालांकि, जेएमएम कोटे से जोबा मांझी को उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व में वह क्षेत्र कांग्रेस का रहा था। कोल्हान सीट को लेकर इंडी गठबंधन में शुरू से ही रार चल रहा है। ऐसे में प्रत्याशी बदलने की भी चर्चा हो रही है। पार्टी के विधायकों का मानना है कि सभी विधायक पार्टी उम्मीदवार के लिए काम करेंगे लेकिन, झामुमो कार्यकर्ताओं का मानना है कि चुनाव में किसी भी **हो** समुदाय के प्रत्याशी को पार्टी चुनाव में उतारती, तो सीट आसानी से निकाला जा सकता था। पार्टी के विधायकों की मानें, तो प्रत्याशी बदलने के मामले में अगले एक-दो दिनों में फैसला हो सकता है।





### प. सिंहभूम में 13 मई को डाले जायेंगे वोट

कोल्हान की दो लोकसभा सीटों में से एक सिंहभूम लोकसभा हॉट सीट इसलिए हो गया है, क्योंकि यहां दो महिला दिग्गजों के बीच महामुकाबला है। सिंहभूम लोकसभा के लिए 13 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनावी अखाड़े में दो महिला उम्मीदवार खड़ी हैं। भाजपा ने निवर्तमान सांसद गीता कोड़ा को चुनाव में उतारा है, वहीं इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो ने हेमंत सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री रहीं जोबा मांझी पर दांव खेला है। दो महिला उम्मीदवारों के बीच महामुकाबला की वजह से सिंहभूम सीट राज्य भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। दोनों महिला उम्मीदवार अपने पति की राजनीतिक विरासत बचाने में जुटी हैं। दोनों उम्मीदवार अपनी-अपनी विधानसभा सीटों पर भी मजबूत पकड़ रखती हैं। सियासी-सामाजिक पकड़ की बात करें, तो झामुमो की जमीनी पकड़ भाजपा से बेहतर नजर आती है। इसका कारण है चाईबासा की सभी छह विधानसभा सीटों पर झामुमो-कांग्रेस का एकतरफा कब्जा है।

**हो बहुल लोकसभा क्षेत्र में झामुमो ने खड़ा किया संथाल प्रत्याशी :** सिंहभूम लोकसभा सीट पर 2019 की मोदी लहर में भी कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में गीता कोड़ा ने जीत का परचम लहराया था। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा ने इस बार कांग्रेस छोड़ कमल का दामन थाम लिया है। भाजपा ने गीता कोड़ा को ही सिंहभूम से टिकट देकर चुनाव में उतारा है। गीता हो जनजाति से आती हैं, सिंहभूम लोकसभा सीट **हो** बहुल है। राजनीतिक विशेषज्ञ का दावा है कि जगन्नाथपुर विधानसभा में मधु कोड़ा की पकड़ मजबूत है, लेकिन उनके सामने इस संभावित लीड को सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा में बनाये रखने की चुनौती होगी।

**जोबा मांझी को है संगठन पर भरोसा :** सिंहभूम लोकसभा सीट से 1991 में झामुमो के कृष्णा मार्डी ने संथाल होते हुए भी हो बहुल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। इसके बाद हुए चुनाव में झामुमो लोकसभा सीट नहीं जीत सकी। वहीं पिछले दो दशकों से चुनाव में गठबंधन की राजनीति में सिंहभूम सीट सहयोगी दलों के खाते में चले जाने की वजह से झामुमो लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा नहीं कर पाता था। 2019 के विधानसभा चुनाव में सिंहभूम लोकसभा की सभी 6 विधानसभा सीटें इंडिया गठबंधन ने जीत ली थी। झामुमो के कब्जे में पांच सीटें सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर और चक्रधरपुर है। वहीं जगन्नाथपुर सीट कांग्रेस के कब्जे में है। भाजपा गठबंधन के पास विधानसभा की सीटें नहीं है। ऐसे में जोबा मांझी की सिंहभूम लोकसभा सीट पर संथाल होते हुए दावेदारी को कमजोर नहीं आंका जा सकता। संयुक्त बिहार और झारखंड सरकार में कई बार मंत्री रह चुकीं जोबा मांझी वर्ष 1995 से लेकर 2019 तक के विधानसभा चुनाव में सिर्फ एक बार 2009 में ही हारी हैं। 1995, 2000, 2005, 2014 और 2019 में वह मनोहरपुर विधानसभा से लगातार चुनाव जीतती रही हैं।

# महिला जनप्रतिनिधि पर हमला कर रहे झामुमो के गुंडे : बाबूलाल मरांडी

**गीता कोड़ा पर हुए हमले पर प्रतिक्रिया**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को गीता कोड़ा पर हुए हमले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अपनी हार की निश्चितता देख कर झामुमो नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गीता कोड़ा और उनकी सहयोगियों पर चुनाव प्रचार के दौरान जो कायराना हमला किया है, उसकी जितनी निंदा की जाय कम हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल झामुमो और उनके सहयोगी दलों को पता है कि वे चुनाव में भाजपा के खिलाफ बुरी तरह हार रहे हैं और इसी कुंठा में भाजपा नेताओं पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा का दावा करने वाली झामुमो की सरकार के गुंडे जब महिला जनप्रतिनिधि पर हमला करते हुये नहीं डर रहे हैं तो सोचिये कि राज्य में जनता की क्या हालत होगी। उन्होंने कहा कि ये हमला सिर्फ गीता कोड़ा पर ही नहीं बल्कि सिंहभूम की जनता पर भी है। जो गीता कोड़ा जी को अपना नेता मान चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस भी इन उपद्रवियों को रोकने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग से आग्रह करूंगा कि इस हमले पर संज्ञान ले और तुरंत करवाई करें।

## विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगा भाजपा का संकल्प पत्र : सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र भारत की आकांक्षाओं, सपनों और जरूरत को पूरा करने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर तैयार हुए इस संकल्प पत्र में देश के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। इसमें कई ऐसी बातें हैं, जिससे सीधा झारखंड का कनेक्शन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पर्यटन और होम स्टे जैसी चीजों को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके अलावे पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कड़ा कानून बनाने से उन युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा, जो अपने भविष्य के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। यह संकल्प पत्र युवाओं के मनोबल को भी बढ़ायेगी।

## कल्पना सोरेन ने बाबा साहेब को किया याद



**रांची।** झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने और उसके लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया।

**खबर एक नजर में**

### जगुआर एसॉल्ट ग्रुप करायेगा लोस चुनाव

**रांची।** लोकसभा 2024 के मद्देनजर झारखंड पुलिस एक्टिव हो गयी है। झारखंड पुलिस ने चुनाव में जवानों की प्रतिनियुक्ति की कवायद भी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में रविवार को आइजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने झारखंड जगुआर परिसर में अधिकारियों और जवानों को ब्रीफिंग की। अमोल वेणुकांत होमकर ने जगुआर के सभी एसॉल्ट ग्रुपों, पदाधिकारियों एवं बम निरोधक दस्ते के साथ बैठक कर जवानों को लोकसभा चुनाव भयमुक्त,निष्पक्ष, बिना जान माल की क्षति के सुचारू रूप से मतदान कराने का दिशा–निर्देश जारी किया। बैठक में जगुआर के डीआइजी इंद्रजीत महथा भी मौजूद थे।

### लोकतंत्र को किया जा रहा कमजोर : मिथिलेश

**रांची।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जयंती पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रांची के डोरंडा स्थित पुराने हाईकोर्ट के समीप उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भारत का संविधान पूरी दुनिया में अनूठा है। इस संविधान में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित अन्य धर्म के लोगों को एक समान अधिकार दिया गया है। ठाकुर ने कहा कि हम सभी को इस संविधान को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लेना चाहिए। हमें समतामूलक समाज की ओर आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र को कमजोर करने में कुछ ताकतें दिन रात लगी हुई हैं, उन्हें हमें जवाब देना है। मौके पर समनूर मंसूरी, अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, डा. हेमलाल कु मेहता, अफरोज अंसारी, संजय राय, फरीद खान, परवेज आलम, सोनू मुंडा, संगठन सचिव रमजान रजा, पुष्पा वर्धवा, सुषमा वर्धवा, प्रदीप मिर्धा, असद टिंकू, राकेश वर्मा, अतिकुर रहमान, फिरोज, मो नौसाद आलम, परवेज अख़्तर, अमन खान, राजेश, सोनू, प्रिंस सहित अन्य उपस्थित थे।

### शोषितों, वंचितों को उनका हक और अधिकार मिले यह हमारी प्राथमिकता : सुदेश महतो



**रांची।** बाबा साहब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहे थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहब ने समाज में वर्ग के विभाजन को तोड़ सबको संविधान में समान अधिकार दिया है। आज पुन: उनके कथन और मार्गदर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। शोषितों, वंचितों को उनका हक व अधिकार मिले यह हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने अंबेडकर पार्क, सिल्ली स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कही। इसके बाद अंबेडकर ग्राम विकास समिति, सिल्ली द्वारा आयोजित जयंती महोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि आज देश के लिए बाबा साहब के सपनों को पूरा करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का दिन है। संविधान निर्माण व समाज सुधार में उनके द्वारा किए गए प्रयासों को कभी भुलाया नही जा सकता। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से डॉ. अंबेडकर के आदर्शों से सीख लेकर आगे बढ़ने का आहवान किया।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले जायेंगे जेल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रामनवमी को लेकर झारखंड पुलिस ने मुकम्मल व्यवस्था कर ली है। रामनवमी के दौरान सोशल मीडिया पर यदि किसी प्रकार की अफवाह या उस व्यक्ति के द्वारा सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न होता है तो उसे सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। झारखंड पुलिस ने इस मामले में एक गाइडलाइन तैयार किया है। जारी गाइडलाइन में सोशल मीडिया पर पोस्ट की जांच करें और फिर उन पर विश्वास करें।

**जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सेल :** रामनवमी त्योहार को देखते हुए पुलिस भी ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि रामनवमी त्योहार को देखते हुए सबसे ज्यादा फोकस सोशल मीडिया पर रहेगा, इसके लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और डीसी को अपने-अपने सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लोगों के साथ-साथ महावीरी अखाड़ों और अन्य शांति समितियों को साझा करने का निर्देश दिया गया है।

क्या है गाइडलाइंस

- कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। आपत्तिजनक मैसेज आने पर पुलिस को सूचित करें
- मैसेज को बिना सत्यापन के फॉरवर्ड न करें। सावधानी बरतें

**हाईटेक है सोशल मीडिया सेल :** सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है वह काफी हाईटेक है। उदाहरण के तौर पर अगर कोई किसी अनजान सर्वर से मैसेज वायरल करता है तो इसकी जानकारी तुरंत मॉनिटरिंग सेल के जरिए साइबर टीम को दे दी जाएगी। सोशल मीडिया के अलग–अलग विंग के लिए अलग–अलग टीमें बनाई गई हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है। इसके लिये एसपी, डीएसपी, इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

**सत्यापन के लिए पुलिस को करें कॉल :** झारखंड पुलिस के प्रवक्ता आईजी अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि सोशल मीडिया को लेकर जिलों के डीसी और एसपी को एक दर्जन से अधिक निर्देश जारी किये गये हैं। उनसे शहर के प्रमुख चौराहों पर सोशल मीडिया से संबंधित साइन लगाने और हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए गये हैं।

**अफवाहों के बारे में पुलिस से बात करें :** आईजी अमोल होमकर के मुताबिक, समाज में अफवाह फैलाने के लिए कई तरह के मैसेज फैलाए जाते हैं। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या अपने स्थानीय थाने में फोन कर इसकी जानकारी दें, सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बारे में पुलिस से बात करें और पुलिस से पूछें कि क्या यह जानकारी सही है।

## 360 डिग्री की तरह पूरा गोल है बीजेपी का घोषणा पत्र : झामुमो

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झामुमो पार्टी कार्यालय में रविवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता कर कहा कि अब पॉलिटिकल पार्टी की अवधारणा को समाप्त किया जा रहा है। अब पार्टी के संकल्प पत्र को बीजेपी के द्वारा मोदी की गारंटी बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा का घोषणा पत्र नहीं है। इसमें 24 इनटू 7 की बात कही गयी है, जबकि 360 डिग्री की तरह भाजपा का घोषणा पत्र गोल है। जिसका मतलब है तुम हमसे कुछ मत पूछो जो करना है हम करेंगे। फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर का मालिक अंबानी और अडानी, देश और प्रकृति की सुरक्षा नारी सम्मान सब है, लेकिन कहां गया मणिपुर, किसान मरते हैं और मोदी बोलते हैं। मेरे लिए मरा है क्या। उन्होंने आगे कहा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर कैसे किया जाएगा आदिवासियों का सम्मान, जहां राष्ट्रपति का ही अपमान हो रहा हो। सुप्रियो ने कहा भाजपा के लोग प्रधानमंत्री के आगे नतमस्तक हैं, क्यूंकि उनका स्पाइनल कोड ही नहीं है। लेकिन जनता अब नतमस्तक नहीं होगी, क्योंकि इनके घोषणा पत्र में मणिपुर, शिक्षा और रोजगार की बात कहीं नहीं की गयी है।

## संविधान बदलने का दस्तावेज है बीजेपी का संकल्प पत्र : राजेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के संकल्प पत्र को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संविधान बदलो पत्र, का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र एक छलावे के समान है। यह जनता के हितों के लिए संकल्प पत्र नहीं बल्कि देश के संविधान को बदलने के लिए भाजपा द्वारा लिया गये संकल्प का दस्तावेज है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रपंच और प्रोपेगेंडा भाजपा की चुनावी रणनीति का एक हिस्सा है जो वह पिछले 10 सालों से जनता के साथ करते आ रही हैं परंतु जनता इस बार उनके छलावे और बहकावे में नहीं आने वाली है। भगवान बिरसा मुंडा का नाम लेकर प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर से आदिवासी समुदाय को ठगने की कोशिश की है। सबसे पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि विधानसभा से पारित सरना धर्म कोड की मांगों के बारे में अभी तक क्या कार्रवाई हुई है। आदिवासी मुख्यमंत्री का जेल भेजकर पीएम के मुंह से आदिवासी हित की बात करना शोभा नहीं देता। राजेश ठाकुर ने कहा कि देश की जनता के हितों के लिए भाजपा कितनी सजग है। यह इससे पता चलता है कि उनके इस पूरे घोषणा पत्र मे जुमलेबाजी के सभी शब्द शामिल है सिवाय मंहगाई एवं बेरोजगारी को छोड़कर। उन्होंने कहा कि जनहित में भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा है।

# केंद्र सरकार ने झारखंड के एनएच से दिया अतिक्रमण हटाने का निर्देश

खबर मन्त्र यूरो

**रांची।** झारखंड समेत देश के सभी राज्यों को केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाईवे में किए गये अतिक्रमणों को हटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय की ओर से यह कहा गया है कि एनएच पर अवैध तरीके से किए गये अतिक्रमण को हटाने के लिए उचित कार्रवाई करें। केंद्र ने इसके लिए कंट्रोल ऑफ नेशनल हाईवे लैंड एंड ट्रैफिक एक्ट 2002 के धाराओं का प्रयोग करते हुए कार्रवाई करने को कहा है।

इसे लेकर झारखंड के एनएच के आरओ, परियोजना निदेशक, चीफ इंजीनियर एनएच सहित सभी इंजीनियरों को पत्र लिखा है। इसमें लिखा गया है कि केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने नेशनल हाईवे पर लगातार निरीक्षण करने को कहा है। इस दौरान किए गये अतिक्रमण सहित सड़क निर्माण कार्य और रख-रखाव का भी नियमित अनुश्रवण करने को कहा है। इसके लिए मुख्यालय के अधिकारियों सहित सभी फील्ड के अफसर-इंजीनियरों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गये हैं। मंत्रालय ने सड़कों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं करने का निर्देश दिया है।

**बना देते हैं अस्थायी दुकान :** बताते चलें कि नेशनल हाईवे में अक्सर यह देखा जाता है कि अतिक्रमणकारी सड़कों का अतिक्रमण कर अस्थायी रूप से दुकान का निर्माण कर लेते हैं। कई जगहों पर तो लोग सड़क किनारे बस भी जाते हैं, जबकि यह हाईवे की जमीन होती है। सड़क किनारे अतिक्रमण होने से वाहनों क आवागमन में भी परेशानी होती है। खास-तौर से शहरों से सटे एनएच में अधिक दिक्कत होती है।

### दांव पर लगी लोकसभा की तीन सीटों पर इंडिया और एनडीए की प्रतिष्ठा

**रांची।** राज्य की तीन लोकसभा सीटों पर इंडिया और एनडीए की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। राजनीति के खिलाड़ियों का मानना है कि खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम एसटी रिजर्व सीट के अंतर्गत पड़ने वाले सभी एसटी विधानसभा सीटों पर महागठबंधन का पलड़ा भारी है। 2019 में लोहरदगा और सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले एसटी आरक्षित विधानसभा सीटों पर भाजपा का खाता भी नहीं खुल पाया था। वहीं खूंटी लोकसभा क्षेत्र की दो विधानसभा सीट तोरपा और खूंटी में ही भाजपा की जीत हो पाई थी। तब झामुमो और कांग्रेस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 16 एसटी विधानसभा सीट में से क्रमशः 9 और 5 सीटें जीती थी। एसटी रिजर्व लोकसभा सीट सिंहभूम में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन, कोड़ा दंपती के साथ साथ झामुमो के सिंहभूम सीट से आनेवाले विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। 2019 में मामूली वोट से जीत पाए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के ऊपर भी खूंटी लोकसभा सीट से जीत दर्ज करने का दवाब है। इसी तरह का दवाब नीलकंठ सिंह मुंडा के ऊपर है।लोहरदगा लोकसभा सीट पर इंडी की जीत हो, इसका दवाब रामेश्वर उरांव पर भी होगा, जो लोहरदगा से विधायक होकर राज्य के वित्तमंत्री हैं।

## अंबेडकर के सपनों का देश गढ़ने में कड़ी मेहनत कर रहे हैं पीएम मोदी : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर देश के लिये सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार एवं समाज में व्याप्त असमानता को को दूर करने वाले महामानव के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बाबासाहेब का जीवन हम सबों के लिये सदा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा एवं एक समृद्ध राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा।

वहीं, प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एवं संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने बाबा साहब डॉ डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं, महानगर भाजपा के सुखदेव नगर मंडल में समाज के लोगों को सम्मानित करने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुये नेता प्रतिपक्ष अमर बाऊरी ने कहा कि बाबा साहब ने जन्म से जीवन तक जगह-जगह यातनायें झेली, अपमानित होते रहे पर उन्हीं के हाथ में जब देश के भविष्य का दस्तावेज बनाने का अवसर आया तो उसमें कहीं भी कटुता का भाव नहीं दिखा। उन्होंने बाबा साहब की ऊंचाई को समझते हुये आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सपनों का देश गढ़ने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं एवं उनके कार्यकाल आज दलित समाज जो कभी शोषित पीड़ित हुआ करता था।

इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये सिर्फ अमृत छोड़ गये हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके बताये मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। प्रदेश मुख्यालय में पुष्पांजलि करने वालों में बालमुकुंद सहाय, सीमा पासवान, शिवपूजन पाठक, हेमंत दास, अशोक बड़ाइक, रामचंद्र नायक, राकेश भास्कर, पंकज सिन्हा, योगेंद्र लाल, राजीव लाल, मुकेश सिंह, मृत्युंजय कुमार, नवीन झा, अमिताभ धीरज, पुरुषत्तम राय, प्रिंस कुमार आदि शामिल थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में सियासी संग्राम चरम पर

# झारखंड के चुनावी महासमर में नरेंद्र मोदी बनाम हेमंत सोरेन के बीच है '10 का दांव'

**चुनावी रण में बिछी टक्कर की बिसात**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड में सियासी संग्राम चरम पर है। भाजपा जहां पिछले दो चुनावों के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की हैट्रिक लगाने को आतुर है, वहीं इंडिया गठबंधन इस चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। जहां भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों को जीतने का लक्ष्य तय किया है, वहीं गठबंधन के दल एकजुट होकर भाजपा की महत्वाकांक्षाओं को विफल करने के लिए गोलबंदी में जुटे हैं। चुनावी रण में आमने-सामने की टक्कर की बिसात बिछ गई है। अभी के राजनीतिक परिदृश्य में पार्टियां 10 मुद्दों पर सवार होकर वार-पलटवार कर रही हैं। ये मुद्दे आगामी चुनावों के नतीजे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### सियासी दलों के विभिन्न मुद्दों पर आधारित 10 का दांव...

1 झारखंड में भाजपा प्रधानमंत्री मोदी की छवि और उनकी नीतियों, खासकर उन कल्याणकारी योजनाओं को भुनाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिनसे देश और झारखंड के लोगों को फायदा हुआ है।

2. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी महत्वपूर्ण मुद्दा बनने की ओर अग्रसर है। झामुमो गिरफ्तारी के पीछे राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए भाजपा पर हमलावर है। मुंबई और दिल्ली के बाद हेमंत की गिरफ्तारी के विरोध में अब रांची में उलगुलान न्याय महारैली 21 अप्रैल को झामुमो की मेजबानी में होने वाली है।

3. **बेरोजगारी :** बेरोजगारी युवाओं के लिए एक बड़ा मुद्दा रही है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने। कहा कि राज्य नौकरी के अवसरों के मामले में पिछड़ा हुआ है। कई प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर हुआ विवाद भी युवाओं के समक्ष पेश करने के लिए बड़ा मुद्दा है।

4. **भ्रष्टाचार :** हाल में भ्रष्टाचार की वजह से झारखंड पर देशभर की नजर रही। हेमंत सोरेन समेत राजनेताओं से पूछताछ, पूजा सिंघल और छवि रंजन जैसे आईएएस अधिकारी ईडी जांच के दायरे में आए। भाजपा मुख्य रूप से अवैध खनन और भूमि सौदों से संबंधित भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गठबंधन पर जोरदार हमला करती दिख रही है। वहीं, इंडिया गठबंधन पलटवार कर रहा है कि भाजपा तथ्यहीन आरोपों से लोगों में भ्रम फैला रही है। भाजपा हेमंत सरकार बनने के दिन से इसे गिराने का षड्यंत्र रच रही है। आरोप लगाया जा रहा है कि हेमंत को भाजपा ने गिरफ्तार कराया है

5. **ओबीसी आरक्षण :** झारखंड विधानसभा से पारित पदों और सेवाओं में रिक्तियों में झारखंड आरक्षण (संशोधन) अधिनियम- 2022 को भी राजभवन ने वापस लौटा दिया है। राज्यपाल ने सरकार को कानून की समीक्षा करने का सुझाव दिया है। बिल में ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27%, एसटी आरक्षण 26 से बढ़ाकर 28%, एससी के लिए 10 से बढ़ाकर 12% करने का प्रस्ताव था।। ईडब्ल्यूएस के लिए भी 10% आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। सरकारी नौकरियों में कुल आरक्षण 77% किया गया था। सत्ताधारी दल इस विधेयक को भी मुद्दा बनाएंगे।

6. **कानून-व्यवस्था :** झारखंड में विपक्षी दल सामूहिक बलात्कार, हत्या, लूट और जबरन वसूली के मामलों को महत्वपूर्ण मुद्दा बनाकर उभार रहा है। हाल में एक विदेशी पर्यटक से सामूहिक दुष्कर्म और पूर्व में सीपीएम नेता सुभाष मुंडा की हत्या को लेकर राज्य में कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए जा रहे हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार त्वरित कार्रवाई, निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों की गिरफ्तारी की बात लगातार कहती आ रही है।

7. **सरना धार्मिक कोड :** इंडिया गठबंधन कई मुद्दों को उजागर करने को तैयार है। आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड के रूप में जनगणना में 'सरना को शामिल करने की मांग है। झामुमो की नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने नवंबर 2020 में जनगणना में सरना धर्म कोड शामिल करने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा था। झामुमो ने राष्ट्रपति को पत्र भी लिखकर अलग सरना धर्म बनाने में हस्तक्षेप की मांग की है।

8. **पलायन :** झारखंड में पलायन का मुद्दा लंबे समय से चुनौती रहा है। सरकारों के लगातार प्रयास के पलायन- प्रवासन बड़े स्तर पर जारी है। लाखों मजदूर दूसरे राज्यों में आजीविका तलाशने के लिए मजबूर हैं। देश के हर कोने में झारखंड के मजदूर देखे जा सकते हैं। कई जगहों पर श्रमिकों का शोषण भी देखा जा रहा है।

9. **1932 खतियान :** 1932-खतियान आधारित स्थानीयता झारखंड के एक लिए प्रमुख मुद्दा है। विधानसभा से दो बार पारित इस विधेयक को राजभवन से अब तक मंजूरी नहीं मिलने के कारण महागठबंधन में शामिल दल राजभवन पर निशाना साधते हैं। इस चुनाव में इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन और मुखर होगा। इसके आधार पर भी वोट मांगा जाएगा।

10. **मानव तस्करी :** राज्य मानव तस्करी का शिकारगाह रहा है। हर साल यहां से हजारों नाबालिग लड़कियों की बड़े शहरों में तस्करी की जाती है। उनमें से कई को यौन शोषण व घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। कई बार रिश्तेदारों की भूमिका भी देखने को मिलती है। कहीं न कहीं यह भी रोजगार से जुड़ा विषय है।

**मनोज कुमार सिन्हा, लेखक साहित्यकार और समाजसेवी हैं।**

# चैती छठ : डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर सुख- समृद्धि की कामना की, घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** उपासना का महापर्व छठ धूमधाम से मनाया जा रहा है। व्रतधारी महिलाओं ने शाम पवित्र नदियों , जलाशयों और तालाबों के किनारे पहुंचकर डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मन्नत मांगी। इस दौरान व्रती महिलाएं छठ मइया की महिमा की बखान कांचे ही बांस की बहंगिया, बहंगी लचकत जाए.... केरवा जे फरेला घवदि के ता पर सूगा मेड़ाय, आदि गीत गाती रहीं। छठ पूजा स्थल पर विभिन्न लोकगीतों की धुन पर श्रद्धालुओं ने घाटों पर कमर भर पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया। श्रद्धालुओं ने छठ माता से सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। महिलाओं ने वेदी पर पूजा-अर्चना करने के बाद घर लौटकर पूजा-पाठ में जुट गईं।

**बजे ढोल-नगाड़े और हुई आतिशबाजी** : बड़ी संख्या में लोग ढोल- नगाड़े की थाप पर नाचते-छठ मइया की महिमा के गीत गाते चल रहे थे। इस दौरान लोग आतिशबाजी कर पर्व की खुशियां भी मना रहे थे। जिन महिलाओं की मन्नतें पूरी हो गई थी उन्होंने अपने परिवारीजनों के साथ वेदी पर फूल-मालाएं चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। कई श्रद्धालु जमीन पर लेटते हुए आयोजन स्थल तक पहुंचे और पूजा-अर्चना की।

## एसएसपी की पत्नी कंचन सिंह ने भी किया चैती छठ व्रत...

रांची। चैती छठ के पहले अर्घ्य को लेकर जलाशयों में श्रद्धालुओं का लगा जमावड़ा लगा रहा। आस्था के महापर्व छठ में छठ वृत्तियों समेत श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य को दिया। राजभवन के समीप हटनिया तालाब में छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की पत्नी कंचन सिंह ने भी चैती छठ व्रत पूरे परिवार और मित्र के साथ मनाया। खुद एसएसपी ऑफिस का कामकाज निपटा कर अर्घ्य देने के लिये हटनिया तालाब पहुंचे थे।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोंध कांत सहाय ने किया घाटों का दौरा



उपासना का महापर्व छठ के मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय राजधानी के विभिन्न घाटों पर पहुंचे और छठ व्रतियों से आशीर्वाद लिया।



नेम और निष्ठा के महापर्व छठ के मौके पर शाहदेव नगर में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद पूजा पाठ करती छठ व्रतियां।

# श्री चैती दुर्गा पूजा समिति, डोरंडा ने किया बेलवरण अनुष्ठान



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चैत नवरात्र के पावन अवसर पर रविवार को श्री चैती दुर्गा पूजा समिति के द्वारा आयोजित माँ भवानी की पूजा के क्रम में बेलवरण अनुष्ठान विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। पूजा पंडाल से संध्या चार बजे जलयात्रा निकाली गई। श्रद्धालु भवानी पताका के साथ कोलाबोऊ लेकर ढाक बाजा और शंखनाद करते माँ भवानी की जय जयकार करते जलयात्रा में शामिल हुए। जलयात्रा पूजा प्रांगण से प्रारंभ होकर झंडा चौक गॉंधी मैदान आलोक बाले होते हुए स्थानीय बटम तालाब पहुंची जहाँ मंत्रोच्चार के साथ कोलाबोऊ का स्नान कराया गया।

कलशों में मंत्रों से अभिषित जल भरा गया विशेष पूजा अर्चना व आरती की गयी और पूरे विधि विधान के साथ पूजा प्रांगण में कलशों को स्थापित किया गया। इससे पूर्व आज प्रातः नौ बजे से षष्ठी की पूजा की गयी आचार्य अजित पाठक व पंडित मनोज वैद्य के सान्निध्य में यजमान देवाशीष दत्ता व तान्या दत्ता ने विधि विधान के साथ षष्ठी पूजा का अनुष्ठान संपन्न कराया। षष्ठी पूजा और जलयात्रा में प्रकाश वर्मा, राकेश पाल, महेश विजय, मुकेश गुप्ता, प्रमोद चौधरी, अरुण गुप्ता, बबलू हिमांशु, शेखर दास, विनय गुप्ता, संजीव विजय, राजकुमार पाल, दीपक राम, योगेश्वर दूबे, लडडू प्रसाद, डिंपल नाग, गणेश प्रसाद, मनीष कुमार, रामवृक्ष साव, राजेश सिंह, क्षेत्री गोपाल, वर्मा विजय, वर्मा शंकर, राम विजय, प्रधान बाघा, भाई बिनोद, वर्मा गोपाल सरकार ,अशोक वमा, सरदार नरेंद्र पाल सिंह, चंदन गुप्ता सहित बडी. संख्या में माता भक्त उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने जयंती पर संविधान निर्मता को याद किया

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयन्ती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. अम्बेडकर को सामाजिक नवजागरण का अग्रदूत बताते हुए उनके जीवनी पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि उनका जीवन सदियों से शोषित-दलित मानव के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित था। वे समाज में व्याप्त रूढ़िवादी एवं विषमता को समूल समाप्त करने के लिए जीवन-पर्यन्त संघर्ष करते रहे। बाबा साहब एक सुलझे हुए राजनीतिज्ञ और राष्ट्रीय नेता थे। वक्ताओं ने कहा कि जब तक व्यक्ति सुरक्षित और समृद्ध नहीं होगा, तब तक कोई समाज और देश विकास नहीं कर सकता। उन्होंनें अपने पीछे भारत के संविधान के रूप में एक मूल्यवान विरासत छोड़ा है।

## 16-17 अप्रैल को अपर बाजार में वाहनों का परिचालन वर्जित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में 16 अप्रैल की रात निकलनेवाली झांकियों के मददेनजर रातू रोड से किशोरी चौक यादव चौक से लेकर अपर बाजार, महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक, सुभाष चौक में किसी भी प्रकार के सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। यातायात एसपी ने यातायात के संबंध में सूचना जारी कर दी है। यातायात एसपी ने कहा कि रामनवमी के दिन रातू रोड, मेन रोड से गुजरनेवाले भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। उक्त वाहनों को रिंग रोड से ही गुजरने की हिदायत दी गयी है।

**कहां-कहां वर्जित रहेगा** : एसएसपी आवास चौक से कचहरी चौक, शहीद चौक जानेवाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

सर्कुलर रोड से आनेवाले वाहन जेल चौक तक ही पहुंच सकेगें, उसी जगह से अन्य मार्ग के लिये जायेंगे।

जाकिर हुसैन पार्क से कमिश्नर चौक, रेडियम चौक आनेवाले मार्ग में सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

पुराना नगर निगम कार्यालय मार्ग से कमिश्नर चौक की तरफ आनेवाले सामान्य वाहनों पर रोक रहेगी।

चडरी तालाब से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर आनेवाले सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

प्लाजा चौक से अल्बर्ट एक्का चौक जानेवाले सामान्य वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

पुरूलिया रोड से सर्जना चौक, चर्च रोड से मेन रोड आनेवाले वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। ऊल हाउस, कर्बला चौक से रतन पीपी, पीपी कंपाउंड से सुजाता चौक, चुटिया बाजार रोड से दोनों तरफ, राजेंद्र चौक से ओवरब्रिज, सुजाता चौक, पिस्कामोड़ से रातू रोड न्यू मार्केट तक वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा।

## 26 अप्रैल को निकलेगा नगर कीर्तन तथा 27 एवं 28 अप्रैल को सजेगा विशेष दीवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा संचालित गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा दो दिवसीय आठवां महान गुरमत समागम 27 एवं 28 अप्रैल को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा में आयोजित किया जा रहा है। समागम की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए गुरु नानक सेवक जत्था द्वारा रविवार को गुरुनानक भवन परिसर में बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से बनी रूपरेखा के अनुसार समागम की शुरूआत 26 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे से 8:00 बजे तक भव्य नगर कीर्तन से होगी, जिसमें पुष्प सवारी पर विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को पांच प्यारे एवं पांच निशानची की अगुवाई में कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण कराया जाएगा। श्री गुरु नानक सत्संग सभा में पहला दीवान 27 अप्रैल, शनिवार को रात 8:00 बजे से 11:00 बजे तक तथा दूसरा दीवान 28 अप्रैल, रविवार को दोपहर 11:00 बजे से 2:00 बजे तक सजाया जाएगा। इन दीवानों में शिरकत करने के लिए विशेष रूप से सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई नवप्रीत सिंह जी एवं बीबी तरनप्रीत कौर जी टांडा (जालंधर) वाले रांची पधार रहे हैं। दोनों दीवानों की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जाएगा। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने समस्त नगरवासियों से इस समागम में शामिल होकर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त करने को कहा है।

# हथियार सप्लाई करते-करते गिरोह के लिए लेवी वसूलने लगा कल्लू, ओरमांझी से पुलिस ने दबोचा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव से पूर्व अमन साहू गिरोह की कारोबारी से लेवी वसूलने की साजिश को रांची पुलिस ने नाकाम साबित किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना पर सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में टीम ने अमन साहू गिरोह के सक्रिय सदस्य को पकड़ा है। ओरमांझी इलाका से पुलिस ने कल्लू को पकड़ा है। उक्त जानकारी एसएसपी ने प्रेसवार्ता ने दी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अपराधी अल्लाउद्दीन अंसारी उर्फ कल्लू रामगढ़ जिला के पतरातू का रहने वाला है। उसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल और जिंदा गोली जब्त किया है। गिरफ्तारी से पूर्व कल्लू कारोबारी से लेवी वसूलने आया था।

### लेवी वसूलने में सदस्यों को मिलता है 10 हजार

एसएसपी ने कहा कि अमन साहू गिरोह से जुड़े सदस्यों को एक कारोबारी से लेवी वसूलने के एवज में मात्र 10 हजार मिलता है। 10 हजार की खातिर नौजवान अपनी जिन्दगी को जेल में खराब कर रहे है। एसएसपी ने वैसे नौजवानों से अपील की है कि 10 से 15 हजार की खातिर अपनी जिंदगी को बर्बाद न करें।

### हथियार सप्लाई करते बन गया गिरोह का सक्रिय सदस्य

एसएसपी ने कहा कि गिरफ्तार कल्लू पूर्व में गिरोह में हथियार सप्लाई करता था। धीरे-धीरे गिरोह में अपना विश्वास बनाते हुए लेवी वसूलने की जिम्मेदारी संभालने लगा। फिर गिरोह के सरगना अमन साहू, चंदन साहू और मयंक सिंह के कहने पर कारोबारी से लेवी वसूलने के काम करने लगा। इसी दौरान शनिवार को ओरमांझी इलाके में भारत माला प्रोजेक्ट में काम कर रहे कंपनी से लेवी वसूलने आया था, लेकिन पुलिस ने गुप्त सूचना पर पकड़ लिया।

# श्री सप्तदेव धाम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के चौथे दिन नगर भ्रमण पर निकले श्रद्धालु







खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** वृन्दावन कॉलोनी, चिरौंदी, बोड़ेया रोड स्थित नवनिमृत श्री सप्तदेव धाम मंदिर के पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे दिन रविवार को वेदी पूजन के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात महास्नान, शिखर स्नान के बाद नगर भ्रमण का कार्यक्रम हुआ। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिये निकाले गये नगर भ्रमण में लगभग हजारों की संख्या में महिला-पुरूषों एवं बच्चों ने अपनी सहभागिता निभायी। नगर भ्रमण का कार्यक्रम वृन्दावन कॉलोनी स्थित मंदिर परिसर में भ्रमण करने के पश्चात वहां से बैंक कॉलोनी, चिरौंदी देवी मंदिर का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त हुआ। नगर भ्रमण कार्यक्रम की समाप्ति के बाद न्यास एवं आरती किया गया एवं कार्यक्रम को विराम दिया गया। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पांचवें एवं अंतिम दिन सोमवार को वेदी पूजन के साथ प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूजन का कार्य 10 बजे से आरंभ होगा। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद हवन पूजन आहुति एवं आरती का कार्यक्रम होगा। इसके पश्चात दोपहर दो बजे से महाभंडरा का कार्यक्रम होगा जो देर शाम तक चलेगा।

## संविधान बचाने को बापू वाटिका पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर राजधानी के डोरंडा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर झामुमो ने माल्यार्पण किया। वहीं दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष धरना दिया। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि अपने संविधान निर्माता की जयंती पर हमलोगों को धरना पर इसलिए बैठना पड़ रहा है, क्योंकि आज संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा कि हमारा कार्यक्रम बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि भी है और भाजपा की नीतियों का प्रतिवाद है।

जेएमएम नेता सुप्रियो भट्टचार्य ने कहा कि जिस तरह से लोकतांत्रिक रूप से जनता के वोट से जीतकर आये विपक्षी दलों के नेताओं पर साजिश रचकर कार्रवाई की जा रही है। इससे यह साफ है कि भाजपा देश में तानाशाही व्यवस्था लाना चाहती है, जहां कोई विपक्ष ही न हो। ऐसे में बहुत जरूरी है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करने वाली पार्टियों को जनतांत्रिक रूप से प्रतिवाद करना ही होगा।

**भाईचारगी के माहौल को खराब करने में माहिर है भाजपा- मुश्ताक आलम** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और उसकी नीतियों का विरोध इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हमला संविधान के मूल तत्वों पर बोला जा रहा है। नफरत की राजनीति कर चुनाव जीतने की कोशिश की जा रही है। उनके नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गलत मामले में फंसा कर जेल में डाल दिया गया है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को भी सिर्फ इसलिए जेल भेजा गया, क्योंकि उन्होंने भाजपा की नीतियों का विरोध किया। अब तो भाजपा के सांसद और नेता कहने लगे हैं कि संविधान बदलने के लिए 400 पार की जरूरत है।

## खबर एक नजर में

### भाजपा ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन



रांची। भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा पर हमला को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन ।भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आगोग जाकर चुनाव आयुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के साथ घटना का वीडियो का पेन ड्राइव भी दिया था। चुनाव आयोग के द्वारा जांच का आदेश दिया गया। प्रतिनिधिमंडल मे विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविनाथ किशोर एवं लक्ष्मी कुमारी मौजूद थे।

### अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाना पुलिस ने अवैध तरीके से शराब बेचने के दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को खादगढ़ा ओपी एरिया से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विभिन्न ब्रांड के दस बोतल भी जब्त किया है।

### बिना परमिट व रूट के चलनेवाले 14 ऑटो जब्त

रांची। यातायात पुलिस ने शहर में बिना परमिट के चल रहे पांच ऑटो और नौ ई-रिक्शा को जब्त कर लिया है। ई-रिक्शा बिना रूट लाइन की चल रही थी। यातायात पुलिस ने यह कार्रवाई ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद कुमार केशरी के नेतृत्व में की है। जानकारी के मुताबिक, रविवार को यातायात पुलिस ने रेडियम रोड, कचहरी चौक, रातू रोड के दुर्गा मंदिर से लेकर पिस्कामोड़ चौक, हिनू चौक से बिरसा चौक में अभियान चलाया। अभियान के दौरान ब्लैक शीशा, बिना हेलमेट, सूचक बोर्ड लगाकर चलनेवाले वाहन, बिना लाइसेंस वाले 135 लोगों का चालान काटा गया।

### देसी पिस्टल के साथ एक अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** मांडर थानांतर्गत पुलिस ने एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन कुनार सिन्हा ने प्रेस वार्ता में बताया कि मांडर थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अपराधी को मांडर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पूर्व में भी हरियाणा पुलिस के द्वारा एनडीपीएस केस में जेल गया था। इसके घर में छापेमारी करने पर दो देसी पिस्टल बरामद किया गया है।

### रंगदारी वसूलने पहुंचा आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** खूंटी के कर्रा थाना पुलिस ने हत्या और मारपीट मामले में जमानत पर आये अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वह कर्रा थाना स्थित सुनगी गांव में रंगदारी वसूलने पहुंचा था। आरोपी पांच माह पूर्व हत्या के मामले में जमानत पर निकला था। इसके बाद मारपीट के मामले में जेल गया था। गिरफ्तार आरोपी जुलियस तोपनो कर्रा थाना क्षेत्र के सुनगी का रहने वाला है। आरोपी के पास से एक देशी कट्टा पुलिस ने बरामद किया है।

### सरना नवयुवक संघ केन्द्रीय समिति ने की बैठक

**रांची।** रविवार को सरना नवयुवक संघ केन्द्रीय समिति की समीक्षा बैठक अध्यक्ष डॉ हरि उरांव की अध्यक्षता में आदिवासी लूर अड्डाएहतमा रांची में संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में सरहुल पूर्व संध्या समारोह का समीक्षा करते हुये आयोजन में हुई आय-ब्यय, सांस्कृतिक कार्यक्रम का मूल्यांकन, समयावधि आदि पर विस्तार से चर्चा करते हुए निम्न निर्णय लिया गया। इसके तहत सरहुल-करम पूर्व संध्या समारोह अपराह्न 1 बजे से प्रारंभ की जायेगी। सभी सामूहिक दल को निर्णायक मंडली की नियमावली से अवगत कराया जायेगा। संघ अपना यू ट्यूब चैनल प्रारंभ करेगी। समीक्षा बैठक में डॉ हरि उरांव, डॉ बन्दे खलखो, साधु उरांव, पंकज कुजूर, सरिता कुमारी, गणेश उरांव, जगदीश उरांव, कृष्णा उरांव, जोहे भगत आदि उपस्थित थे।

### हटिया मजदूर यूनियन ने मनायी अंबेडकर जयंती

रांची। हटिया मजदूर यूनियन कार्यालय के प्रांगण में भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को मनायी गयी। विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल अमल आजाद ने संविधान के शिल्पकार डॉ अंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संघर्ष करो और संगठित व शिक्षित बनो के मूल मंत्र पर आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि यही मंत्र समाजिक समरसता, धार्मिक और अंधविश्वास को दूर करने में सफल हुआ। संविधान में सभी धर्मों के प्रति सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लेख है।

### सीएमपीडीआई ने अंबेदकर की जयंती मनायी



**रांची।** भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की 133वीं जयंती सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में रविवार को मनायी गयी। इस मौके पर कंपनी के सीएमडी मनोज कुमार, निदेशक शंकर नागाचारी, अजय कुमार, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण ने श्रद्धांजलि अर्पित की और डॉ. भीमराव अम्बेदकर के योगदान को याद किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने लोगों से डॉ. भीम राव से संबंधित साहित्य एवं पुस्तकें पढ़ने की अपील की। इससे उनके आदर्शों और सिद्धांतों के वास्तविक सार को जानने व समझने में सहूलियत होगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर समतामूलक समाज के निर्माण के लिए प्रयास करना चाहिए। मौके पर विशिष्ट अतिथि विजय कुमार त्रिशरण, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सेल, रांची ने स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में केएम डार्विन, प्रवीण कुमार, टुकलाल निराला, गोरेलाल पासवान, राजेश साव, मनोज कुर्रे, श्रीमती मीरा कुमारी एवं अन्य लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

### मूलवासी सदानों के समर्थन के बिना बहुमत की सरकार नहीं बन सकती : राजेंद्र प्रसाद

**उल्लगुलान महारैली को लेकर सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ने दी प्रतिक्रिया**

**रांची।** झामुमो की ओर से 21 अप्रैल को धुर्वा के प्रभात तारा मैदान में होने वाली उलगुलान महारैली को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड आंदोलनकारी, समाज सेवी व मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि महारैली में नेताओं के द्वारा पांच लाख भीड़ आने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि रैली में भले ही भीड़ आ जाएगी, लेकिन महारैली में सभी वर्गों का समर्थन और भागीदारी मिलना संभव नहीं है। प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में जितने भी क्षेत्रीय दल है, यह तो वह एक जाति की राजनीति करते हैं या एक वर्ग विशेष की। ऐसे में कोई भी क्षेत्रीय दल झारखंड में बहुमत की सरकार अपने बल पर नहीं बना सकती है। प्रसाद ने कहा कि जब तक 65 प्रतिशत मूलवासी सदानों का राजनीतिक दलों को समर्थन प्राप्त नहीं होगा तब तक बहुमत की सरकार बनना नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि झारखण्ड लिए सबसे बड़ा विडम्बना है कि मूलवासी सदान की आबादी 65 प्रतिशत है और जनजातियों की आबादी 26 प्रतिशत है दोनों को मिलाकर 90 प्रतिशत होने के बावजूद क्षेत्रीय दल बहुमत की सरकार नहीं बना पाए ।प्रसाद ने इसका मूल कारण बताया है कि जेएमएम एक विशेष वर्ग का राजनीतिक करती है और दूसरा अन्य क्षेत्रीय दल सिर्फ एक जाति की राजनीति करती है ।जिसके कारण इन क्षेत्रीय दलों को सभी वर्गों का जन समर्थन कभी नहीं मिला। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा मूलवासी सदानों में विभिन्न जातियां हैं,उस पर क्षेत्रीय दल कभी भरोसा नहीं जताया। जिसका फायदा राष्ट्रीय दल उठाते रहे हैं।

## खबर एक नजर में

### अथर्व शर्मा रहे प्रथम रनरअप



रांची। यूसीएमएएस अबेकस की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में अथर्व शर्मा ने प्रथम रनरअप का खिताब अपने नाम किया। अथर्व अबेकस माध्यम द्वारा गणित के जटिल जोड़-घटाव-गुणा-भाग को अंगुलियों पर चुटकियों में सुलझा लेता है। अबेकस की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया था। इसमें अथर्व अपने अंकगणितीय कौशल से राज्य में प्रथम रनरअप रहा।

### मिथिला का लोकपर्व जुड़शीतल मना



रांची। मैथिली नव वर्ष एवं मिथिला का लोक पर्व जुड़शीतल के अवसर पर बिशवम्भर फॉउंडेशन रांची के तत्वावधान मे रविवार को हरमू क्षेत्र के सहजानंद चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम फॉउंडेशन के द्वारा सहजानंद चौक आने वाले गर्मी को देखते हुये जलशाला का निर्माण किया गया। इसका लोकार्पण अमरनाथ झा ने किया। इस आयोजन में मुख्य रूप फॉउंडेशन के सचिव नवीन कुमार झा, राजेश झा, बिनोदानंद झा, अमरनाथ झा, प्रदीप चौधरी, विद्या नन्द ठाकुर, बीरेंद्र झा, राधेश्याम यादव, मृत्युंजय झा एवं किशोर झा संग अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### मधु मंजूषा में हुआ मासिक सत्संग

रांची। मधु मंजूषा में रविवार को मासिक सत्संग हुआ। मौके पर 6 घंटे का कीर्तन भी हुआ। मौके पर वरिष्ठ आचार्य बिमलानंद अवधूत दादा ने भक्ति की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में सौ बार बताने पर भगवान और भक्ति की बाते समझते हैं और यहां एक बार मे समझ जाते हैं। भक्ति के बिना साधाना नहीं हो सकती और साधना के बिना मुक्ति मौक्ष संभव नहीं है। सत्संग मे करीबन दो सो भक्त जान उपस्थित थे। मुख्य लोगों मे आचार्य अमलेशानंद, आचार्य ज्योत्सना दीदी, दीदी संघीता, डाक्टर करुणा साहदेव, दादा प्रद्युमंद, भुक्ति प्रधान पंचू, बिजय, बिनोद, तत्विक रतन, तत्विक दशरथ, दादा धानेश्वर, दादा देव शिवानंद आदि उपस्थित थे।

### डोरंडा अंबेडकर चौक में लगा कैंप



रांची। भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर स्वर्गीय नंदन राम जी के स्मृति में उनके पुत्र सोनू दास एवं उनके परिवार के द्वारा डोरंडा अंबेडकर चौक के समीप कैंप लगाया गया। कैंप में लोगो के लिए शीतल जल की कोल्ड ड्रिंक एस लस्सी दही एवं बच्चों के बीच पेन पेंसिल स्टेशनरी का वितरण स्वर्गीय नंदन राम के परिवार के द्वारा किया गया। कैंप में सुनील दास (सोनू) निक्कू ,सनी, उनकी माता शकुंतला देवी, प्रेमशाही मुंडा, सोमिया लिंडा, उमेश लोहारा, महल लोहारा, पप्पू वर्मा, संजय राम, दीपू राम, गजेंद्र राम, दीपक राम, अनिल राम, शकुन देवी, सावित्री देवी, बेबी देवी, रिद्धि कुमारी, सिद्धि कुमारी थे।

### मारवाड़ी युवा मंच की रांची शाखा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



रांची। मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा का शपथ ग्रहण सामरोह रविवार को अग्रसेन भवन मे किया गया। समारोह में आशीष अग्रवाल को अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। सोनित अग्रवाल को सचिव एवं स्पर्श चौधरी को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। नीरज अग्रवाल, उमंग सुल्तानिया, विकास अग्रवाल को उपाध्यक्ष पद की एवं अभिषेक जालान और निकुंज पोद्दार को सह सचिव और इसके साथ 16 अन्य सदस्यों को नई कार्यकारिणी के रूप में शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि संजय सेठ, विशेष अतिथि पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय एवं झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, झारखंड प्रांत मंडलीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया मौजूद थे। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन सुभाष पटवारी ने किया।

### बाबा साहब ने शोषित समाज को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया : ब्रज मोहन कुमार

रांची। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को आजसू केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव ब्रज मोहन कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने समाज की कुरीतियों को दूर करने का दृढ़ संकल्प किया एवं निरंतर प्रयास करते हुए एक समरस समाज की कल्पना की। उन्होंने वास्तव में शोषित समाज को मुख्य धारा से जोड़ने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य किया। मौके पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह , आशुतोष गोस्वामी, रांची जिला सह प्रभारी अजीत कुमार, रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा, रोहित चौधरी, वेदांत कौस्तव, रित्विक राज, रिशु कुमार, मुकेश कुमार, अनमोल प्रजापति, सुमित साहू, नैनित प्रजापति, सचिन साहू, अमरजीत कुमार, अभिषेक सही, प्रियांशु शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहें।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर डोरंडा में श्रद्धांजलि सभा

# बाबा साहब ने समरसता और राष्ट्रीय एकता की भावनाओं को पिरोकर संविधान बनाया: आलोक

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने डोरंडा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर कांग्रेस उन्होंने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर देश के संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक, विधि विविधता,अर्थशास्त्री व राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब उन चंद आर्थिक सिद्धांतकारों में से एक थे जिनका आर्थिक नीतियों और योजनाओं के प्रति दृष्टिकोण व्यावहारिक और लोक हितकारी था। बाबा साहब ने समरसता और राष्ट्रीय एकता की भावनाओं को पिरोकर संविधान का सृजन किया। वह एक विधिवेत्ता होने के साथ ही बहुजन राजनीतिक नेता और एक बौद्ध पुनरुत्थान वादी भी थे,जिन्होंने अपना सारा जीवन भारतीय समाज में सर्वव्यापित जाति व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष में बिता दिया।

वहीं, रविदास महासभा के प्रांतीय महासचिव सह श्रद्धांजलि समारोहके आयोजक दीपक राम ने कहा बाबा साहब को बौद्ध महा शक्तियों के दलित आंदोलन को प्रारंभ करने का श्रेय भी जाता है। बाबा साहेब की सोच आज की सामाजिक, आर्थिक नीतियों, शिक्षा, कानून और सकारात्मक कार्रवाई के माध्यम से प्रदर्शित होती है ऐसे महान शक्ति को कोटि-कोटि नमन है। मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता अनिकेत कुमार संजय तिर्की, विकास कुमार, ललन कुमार,रोशन केरकेप्ता, उत्तम मिंज, रोशन खलखो, मेहुल दुबे भी उपस्थित थे।

## डॉ अंबेडकर सोच में अपने समय से काफी आगे थे : डॉ एससी दुबे

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी डॉ बीआर आंबेडकर अपने समय से काफी आगे थे। डॉ दुबे रविवार को डॉ बीआर अंबेडकर की जयंती समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों के खात्मे में और शिक्षा के महत्व को उजागर करने में उनके योगदान के लिए राष्ट्र हमेशा उनका कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम कानून मंत्री भारतरत्न डॉ आंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे। भारतीयता के प्रतीक पुरुष डॉ आंबेडकर जातिगत एवं अन्य पूर्वाग्रह से मुक्त भारत के निर्माण के लिए आजीवन संघर्षरत रहे। वह एक ऐसा समाज चाहते थे जहां महिलाओं, कमजोर वर्गों और मजदूरों को समान अधिकार प्राप्त हों। एक जुझारू नेता, सुलझे हुए लेखक, अग्रणी अर्थशास्त्री, संपादक, शिक्षक, समाज सुधारक और संविधान लेखक के रूप में वह हमेशा याद किए जायेंगे। इस अवसर पर बीएयू के वैज्ञानिकों डॉ डीके शाही, डॉ एमएस मलिक, डॉ सुशील प्रसाद, डॉ जगरनाथ उरांव, डॉ बीके अग्रवाल, डॉ बीके झा, डॉ बीसी उरांव, डॉ पंकज सेठ आदि लोगों ने भी राष्ट्र निर्माण में डॉ अंबेडकर के अवदानों की चर्चा की।

# रांची गौशाला न्यास कार्यकारिणी के चुनाव में 15 उम्मीदवार जीते

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची गौशाला न्यास की कार्यकारिणी का चुनाव रांची गौशाला न्यास हरमू रोड (रांची) में रविवार को संपन्न हो गया। चुनाव में कुल 146 मत पड़े। तीन मत अवैध घोषित किये गये। गौशाला चुनाव में अभी तक की यह सर्वाधिक वोटिंग है, जबकि काफी सदस्य रांची से बाहर थे। इस चुनाव में कुल 19 उम्मीदवारों ने पर्चे भरे थे, जिसमें 15 ने की जीत हासिल की।

**विजयी प्रत्याशी और मिले मत :** वासुदेव भाला 138, भानु प्रकाश जालान 137, भरत कुमार बगड़िया 135, काशी प्रसाद कनोई 134, अरुण कुमार बुधिया 134, प्रेम मित्तल 132, राजेश कुमार चौधरी 129, कमल खेतावत 129, दीपक कुमार पोद्दार 127, राजेंद्र कुमार चौधरी 125, सुरेश कुमार जैन 124, प्रदीप कुमार राजगढ़िया 122, राजेंद्र बंसल 119, भगवती प्रसाद सर्राफ 107 और हेमेंद्र सिंह 89।

**चार लोग हारे :** ललित कुमार पोद्दार 76, कमल कुमार सिंघानिया 71, विश्वनाथ जाजोदिया 63 और ज्योति बजाज 54।

**हार जीत लगी रहती है :** इस चुनाव में गौशाला के पूर्व उपाध्यक्ष ललित पोद्दार एवं पूर्व सचिव ज्योति बजाज भी पराजित हो गये। मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन रतन जालान ने कहा की संस्थाओं के चुनाव में हार जीत लगी रहती है। जो लोग हार गये हैं, उन्हें मायूस होने की जरूरत नहीं है। उनको दोगुने उत्साह से गौ सेवा में लग जाना चाहिए। आखिर सबका का लक्ष्य तो एक ही है, वह है गौसेवा। गौशाला के प्रदीप राजगढ़िया ने कहा कि आज के चुनाव के नतीजे से साफ है कि गौशाला के सदस्यों ने एकमत से सारे विवादों को खत्म करने के लिए वोट दिया है। गौशाला के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने चुनाव पदाधिकारी वेद प्रकाश बागला एवं उनकी टीम को अच्छे से चुनाव संपन्न करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

### एचइसी सप्लाई ठेका अप्रेंटिस मजदूर संघ की नये टेंडर पर चर्चा

रांची। एचईसी सप्लाई ठेका अप्रेंटिस मजदूर संघ के तत्वाधान में रविवार को सुनील पांडे की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक की शुरूआत में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यापर्ण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके बाद बैठक में शामिल ठेका श्रमिकों ने बारी-बारी से अपनी बातों को रखा। इस मौके पर संघ के महामंत्री उदय शंकर ने कहा कि प्रबंधन हम सब का टेंडर जल्द से जल्द निकलने का प्रयास करें, ताकि हम कारखाने में जाकर उत्पादन करने में पहले की तरह पुण्य का भागीदार बने रहें। इसके अलावा बैठक में एचईसी का उत्पादन बढ़ाने को लेकर कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

## बाबा साहेब की कही बातें आज भी हैं प्रासांगिक : राजेश गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। देश में राजनीतिक बराबरी तब तक कोई मायने नहीं रखेगी, जब तक सामाजिक, आर्थिक बराबरी कायम न होगी। यह बातें 26 नवंबर 1949 में संविधान सभा में डॉ भीमराव अंबेडकर ने कही थी। यह बातें आज भी प्रासंगिक है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय हार्मोन में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती के मौके पर रविवार को उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण करने के पश्चात कही। श्री गुप्ता ने कहा कि भारत रत्न डॉ अंबेडकर ने उसे वक्त कहा था कि इस देश में संविधान लागू हो जाने से राजनीतिक रूप से बराबरी तो हो गई लेकिन इस संविधान को लागू करने वाले ठीक नहीं होंगे तो यह कागज का पुलिंदा साबित होगा। श्री गुप्ता ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए देश के समस्त नागरिकों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ एवं नागरिकों में सामाजिक समता लाना होगा। प्रदेश महासचिव अजय मेहता ने कहा कि देश के संविधान को सबके घरों में रखने और उसके एक-एक अनुच्छेद को पढ़ने की जरूरत है।

## संविधान बचाने के लिए देश की जनता आगे आये : महेंद्र पाठक



रांची। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यालय में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गई। इस मौके पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र रविदास ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाकपा के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, हाई कोर्ट के अधिवक्ता सहगल टोपो, वरीय अधिवक्ता योगेंद्र प्रसाद, इम्तियाज खान ने संबोधित किया। महेंद्र पाठक ने कहा कि आज बाबा भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान को देश की गद्दी पर बैठी हुई फासिस्ट सरकार संविधान को बदलने के लिए बेताब है। संविधान को बचाने के लिए जनता को सड़कों पर आना चाहिए।

### चतरा जिला पासवा उपाध्यक्ष के निधन पर पासवा ने दी श्रद्धांजलि

रांची। पासवा की ओर से रविवार को कचहरी चौक स्थित डिप्टी पाड़ा स्थित वित्त मंत्री डॉ रामश्वर उरांव के सरकारी आवास में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर चतरा जिला पासवा के जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर पासवा के आलोक कुमार दुबे, अरविन्द कुमार, डा सुषमा केरकेप्ता, मसूद कच्छी, आलोक बिपीन टोप्पो एवं उपस्थित पासवा के राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी गण ने सत्येंद्र कुमार सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मनायी जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। बैंक ऑफ इंडिया राँची अंचल द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आर अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, अखिल भारतीय बैंक ऑफ इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी एम्पलॉइज एसोसिएशन झारखंड राज्य इकाई के महासचिव अरुण जॉन प्रबाल, उप महासचिव मनीष नारायण, सहायक महासचिव भरत लाल ठाकुर ने श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। संजीव कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी प्रासंगिक है और आने वाले कई हजार वर्षों तक प्रासंगिक रहेंगे।

मौके पर अरुण जॉन प्रबाल, सुनील लकड़ा, संतोषी केरकेट्टा, प्रकाश उरांव, मनीष नारायण ने बाबासाहब के संघर्ष को याद किया।

# श्री राधा कृष्ण मंदिर में मां दुर्गा सप्तशती एवं दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। श्री राधा कृष्ण मंदिर,कृष्णा नगर कॉलोनी में चल रहे चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आज षष्ठी के दिन रविवार को सुबह पांच बजे भक्तों के द्वारा सामूहिक रूप से माँ की कपूर ज्योत जलाई गई। इसके उपरांत कुंवारी कन्याओं द्वारा मॉ के चरणों में चुनरी एवं नारियल भेंट की गई। तत्पश्चात पंडित ज्ञानदेव मिश्रा,चंद्रभान जी तलेजा एवं रामचंद्र जी तलेजा की अगुवाई में मॉ दुर्गा सप्तशती एवं दुर्गा चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। माता रानी के जयकारों के साथ पूरा मंदिर परिसर भक्तों से भरा पड़ा था, जिससे पूरा माहौल मां के भक्ति के रंग में रंग गया। इसके साथ ही 18 घंटे का अखंड जाप 108 भक्तों के द्वारा किया गया।

**कार्यक्रम का विवरण :** राधा कृष्ण मंदिर के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने बताया कि महाष्टमी के दिन सुबह 5:00 बजे से 6:00 बजे तक जाप किया जाएगा, उसके उपरांत सुबह 8:00 बजे से 9:00 बजे तक एवं 10:00 बजे से 1:00 बजे तथा शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक चुन्नी एवं नारियल मां के भक्तों द्वारा माँ के चरणों में भेंट की जाएगी। रात्रि 9:00 बजे से 1008 ज्योत प्रज्वलित की जायेगी और श्री दुर्गा जागरण मंडली एवं मां भवानी ज्योत सेवा मंडल के द्वारा भजन - कीर्तन का कार्यक्रम रात्रि 11:00 बजे तक होगा।17 अप्रैल को रामनवमी के पावन अवसर पर सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक भजन कीर्तन का कार्यक्रम होगा जिसमें दुर्गा जागरण मंडली एवं इंडियन आइडल फेम के कुमार विश्वास के द्वारा भजनों का कार्यक्रम होगा। मंदिर कमिटी द्वारा विशाल भंडारे भी चलाया जाएगा। दशमी के दिन सुबह 10:00 बजे से हवन एवं ज्योत विसर्जन का कार्यक्रम होगा।

## मगबंधु पत्रिका सामाजिक यात्रा का एक लेखा-जोखा : अशोक प्रियदर्शी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राशण महासभा के तत्वावधान में रविवार को मगबंधु अखिल पत्रिका का लोकार्पण कृति भवन, इंद्रपुरी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में मग परिवार के सदस्यों की भागीदारी हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज के डॉ शिव कुमार मिश्र एवं विशिष्ट अतिथि प्रो अशोक प्रियदर्शी थे। मुख्य अतिथि ने मगबंधु पत्रिका के सामाजिक महत्व को रेखांकित करते हुए इसकी प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि प्रो अशोक प्रियदर्शी ने मगबंधु पत्रिका के 19 वर्षों के सामाजिक यात्रा का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रज बिहारी पांडेय ने पत्रिका के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। पत्रिका के सम्पादक डॉ सुधांशु शेखर मिश्र ने लोकार्पित अंक लघुकथा विशेषांक का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। साथ ही पत्रिका के आगामी अंकों की भी चर्चा की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ हरिहर प्रसाद पाण्डेय जी ने की। लोकार्पण समारोह में डॉ अनिल कुमार मिश्र, गोपाल पाठक, मनीष वैद्य, कृष्णा पाठक, प्रो रामलाला पांडेय, प्रो प्रह्लाद पाण्डेय, काली कुमार मिश्र, आलोक शर्मा, प्रफुल्ल पाठक, धनेंद्र प्रवाही, धर्मप्रकाश, सनत मिश्र, प्रदीप मिश्र, रामशंकर पाण्डेय, रवींद्र शर्मा, मनीष वैद्य, सोनू, रविशंकर मिश्र, बाहुबली आदि मौजूद थे।

# पारस अस्पताल में पूर्वी भारत का पहला बायोरिसोर्वेबल स्टेंट का हुआ प्रत्यारोपण

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। एचइसी स्थित पारस अस्पताल में पूर्वी भारत का पहला बायोडिग्रेडेबल स्टेंट प्रत्यारोपण किया। पारस अस्पताल में एक 38 वर्षीय मरीज में बायोरिसोर्वेबल स्टेंट सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया। मरीज को सीने में गंभीर दर्द, उच्च रक्तचाप, सीने में तकलीफ और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के साथ- साथ उसे तीच दिल का दौरा भी आता था। कोरोनरी एंजियोग्राफी के बाद, उनकी एक धमनी में 100 प्रतिशत रुकावट और उनकी बायीं पूर्वकाल की अवरोही धमनी में रक्त का धक्का जमने का पता चला। मरीज के परिवार की सहमति से वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलोजिस्ट डॉ. महेश कुशवाहा ने पारंपरिक धातु स्टेंट के विपरीत बायोरिसोर्वेबल स्टेंट का उपयोग करने के लिए गैर-सर्जिकल प्रक्रिया को अपनाया और सफल इलाज किया। इस काम में उन्हें 40 मिनट लगे। मरीज को दो दिनों के अंदर छुप्ती दे दी गई।

इस संबंध में पारस अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. महेश कुशवाहा का कहना है कि मेडिकल वर्ल्ड में आनेवाला समय यामोरिसोर्वेबल स्टेंट का है। यह एक बायोडिग्रेडेबल स्टेंट है जो तीन साल के भीतर घुल जाता है और हृदय की धमनी को उसकी सामान्य स्थिति में लाने में मदद करेगा। इस तकनीक में लंबे समय तक कोरोनरी धमनियों में कोई स्थायी धातु प्रत्यारोपण नहीं छोड़ती है जो कोरोनरी धमनी रोग के रोगियों के लिए बहुत लाभकारी पारस अस्पताल के निदेशक डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि अब पारस अस्पताल में बायोरिसोर्वेबल स्टेंट लगाने की सुविधा प्रारंभ हो गयी है। इसके लिए मरीजों को कही बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हृदय रोगी अब बहुत ही आसानी से अपना इलाज करा कर सामान्य जीवन जी सकते हैं। कम उम्र के हृदय रोगियों के लिए यह अच्छा उपचार विकल्प हो सकता है।

## वनवासी कल्याण केंद्र का आरोग्य भवन बरियातु में सरहुल मिलन समारोह

# जनजाति समाज है तो पर्यावरण संतुलन है : संजय सेठ

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। वनवासी कल्याण केन्द्र की ओर से रविवार को आरोग्य भवन बरियातु में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर महानगर अध्यक्ष सज्जन सर्राफ ने प्रस्तावना के रूप में वनवासी कल्याण केन्द्र के द्वारा जनजाति हित में सेवा कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज अगर पर्यावरण को कोई सुरक्षित रखा है तो वह है जनजाति समाज। जनजाति समाज यदि नहीं होता तो पर्यावरण संतुलन नहीं रहता और पर्यावरण संतुलन नहीं रहने से सृष्टि का विनाश अवश्य होता।

वहीं, डॉ. एचीपी नारायण ने कहा कि सरहुल पर्व केवल प्रकृति पर्व हीं नहीं है, बल्कि सभी प्रकृति के सभी प्राणियों का मेल-मिलाप है। पेशा कानून झारखण्ड में अभी तक लागु नहीं हुआ है और लागु नहीं होने से जनजातियों की रीति-रिवाज-परम्परा संरक्षित नहीं हो पा रही है। इसीलिए आप सभी जागिये और अपना हक मांगिये।

**सभी जनजाति प्रकृति को पूजते हैं : निशा उरांव**

झारखंड पंचायती राज विभाग की निदेशक निशा उरांव ने कहा कि धरती ही परिवार है, सभी जनजाति प्रकृति को पूजते हैं। परिवार को पूजा जाता है। सरहुल के ही दिन धरती माता और सूर्य देवता का विवाह हुआ था। इसी दिन से जनजाति समुदाय नये-नये फल, सब्जियों को पूजा करने के उपरांत सेवन करते हैं तथा इसी दिन से नये साल का शुभारंभ होता है। इसके साथ हीं निशा उरांव ने पेसा कानून की जानकारी दी।

कार्यक्रम के बीच-बीच में डॉ. बुटन महली एवं लक्ष्मीकांत बड़ाईक ने सरहुल गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को देवव्रत पाहन, बी.आई.टी. के प्रो. डॉ. प्रदीप मुण्डा एवं साईनाथ यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एसपी अग्रवाल ने भी सरहुल महोत्सव को संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संदीप उरांव, प्रदीप लकड़ा, विमल पाहन, मेघा उरांव, सोमा उरांव, हिन्दुवा उरांव, सन्नी उरांव, सुनील सिंह, तुलसी गुप्ता, विजय केशरी, हीरेन्द्र सिन्हा, नरेश पाहन, महेश मुण्डा, पिंकी खोया, सुशील मराण्डी, देवनन्दन सिंह, तुलसी महतो, देवकी मुण्डा, नरेश मुण्डा, अमित मुण्डा, रामकुमार पाहन, सुजाता मुण्डा, ललिता कुमारी, सुलेखा कुमारी, प्रतिभा गोयल, पूनम गुप्ता, रणधीर सिन्हा, बीरेन्द्र सिंह, पवन मंत्री अर्जुन राम, डॉक्टर अटल पांडेन्य, भीम मुंडा ,जितेश्वर मुंडा आदि थे।

स्पीड न्यूज

## अंबेडकर की जयंती मनी

**इटकी।** इटकी में रविवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयन्ती मनायी गई। मौके पर पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने डॉ अंबेडकर में चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धाजंलि दी। उन्होंने संविधान निमार्ता डॉ भीमराव आंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, भोगन सोरेन, कृष्णा महली, सुधीर उरांव, राकेश राम, पूनम देवी, रोपण देवी, सुशीला देवी, शारदा देवी, ओम प्रकाश तिवारी सहित अन्य शामिल थे।

## पिठोरिया दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने अनिल

**पिठोरिया।** दुर्गा पूजा समिति पिठोरिया का चुनाव सम्पन्न हुआ। नई समिति के पदाधिकारी निम्नलिखित हैं- अध्यक्ष- अनिल कुमार केशरी, कार्यकारी अध्यक्ष - कृष्ण कुमार महतो, कोषाध्यक्ष- चार, उपाध्यक्ष- 12, सचिव -15 के अलावे 17 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है। रविवार को सभी पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पुरोहितों के नेतृत्व में कलश की स्थापना से दुर्गा पूजा शुरू हुई। 15 अप्रैल को नव पत्रिका प्रवेश सह सप्तमी पूजन, 16 अप्रैल को महा अष्टमी पूजा व अपराह्न 4:16 में संधि-बलि, 17 अप्रैल को महा नवमी पूजा, 18 अप्रैल को मेला, दशमी पूजा और नव पत्रिका का विसर्जन किया जाएगा जबकि 19 अप्रैल को अपराह्न 4:30 बजे भजन-कीर्तन के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

## साक्रेट नालेज पब्लिक स्कूल का उद्घाटन

**बुढ़मू।** रविवार को साक्रेट नालेज पब्लिक स्कूल नाउज का उद्घाटन बुढ़मू पश्चिमी के जिला परिषद रामजीत गंझू एवं प्रमुख सत्य नारायण मुंडा के साथ मुखिया अनुपा उरांव ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके परविद्यालय प्रबंधक समिति के द्वारा अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत कियागया साथ ही छात्रों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। इस दौरान प्रमुख सत्य नारायण मुंडा ने कहा शिक्षा मानव जीवन का वह मंत्र है। जिसके ज्ञान से सफल लोगों को कामयाबी सफलता के लक्ष्य को हासिल करते हैं। मौके पर बिरसा मुंडा,बसंत पाहन, विद्यालय की प्रधानाध्यपिका अलका तिवारी, विष्णु कुमार, मधुसूदन साहू समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## खलारी में चला पुलिस वाहन चेकिंग अभियान

**खलारी।** मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार के निर्देश पर थाना क्षेत्र के लरबेधवा हेसालौंग सड़क पर एएसआई मिर्जा सोरेन के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहनों के चालको एव अन्य छोटे वाहनों की गहनता से जांच की गई। साथ ही दोपहिया गाड़ियों के डिक्की एव बैग झोला की भी जांच की गई। वही बाइक सवार आने जाने वालो से पूछताछ भी किया गया साथ ही बिना हेलमेट, तेज रफ्तार मोटर साइकिल चलाने वालों को कड़ी चेतावनी दिया गया।

## तेज रफ्तार कंटेनर पलटा बाइक सवार बचा

**ओरमांझी।** रामगढ़ से रांची की ओर जा रही एक कंटेनर ट्रक पलट गई। जिसके चपेट में आने से एक बाइक सवार बाल-बाल बच गया। एनएच-20 पथ ओरमांझी में रविवार दोपहर एक बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि तेज रफ्तार से जा रही ट्रक डीएल1एलएसी-3570 डोमानदी पुल पार करन के बाद सड़क की हल्की मोड़ पर ही असंतुलिस हो पलटते हुए डिवाईडर से जा टकरा गया। उसी समय आगे-आगे जा रहे एक बाइक सवार ट्रक में दबने से बच गया। वहीं ट्रक चालक को हल्की चोट लगी।

## छापेमारी में 270 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के बिजुपाड़ा चौंक स्थित संतोष लाइन होटल में शनिवार रात छापेमारी कर 270 बोतल अंग्रेजी शराब पुलिस द्वारा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार अवैध शराब के कारोबार में शामिल होटल के संचालक संतोष कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया गया है।

# हम सभी को बाबा साहेब की जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**चांन्हो।** प्रखण्ड के चोरेया मे डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती धूमधाम मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। भीमराव रामजी आम्बेडकर, डॉ. बाबासाहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय, भारतीय बहुज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुई। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि हमें बाबा साहेब के जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत है। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने पढ़ाई को नहीं छोड़ा। अपने मेहनत के बालबूते उन्होंने भारत का नाम पूरे विश्व में रोशन किया। आज हम जिस संविधान की बात करते हैं यह बाबा साहब की देन है उन्होंने सभी भारतीयों को एकता के सूत्र में बांधा। सामाजिक न्याय की अवधारणा रखी। वही पूर्वी जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि बाबा साहब ने सभी भारतीय नागरिकों को सामाजिक न्याय और समरसता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने पढ़ाई पर अत्यधिक बल दिया पढ़ाई ही वह हथियार है जिसके बल पर हम अपना हक और अधिकार को ले सकते हैं।

इसीलिए अपने बच्चों को दो रोटी कम खिलाए लेकिन अच्छी शिक्षा अवश्य दीजिए। धन्यवाद ज्ञापन मुखिया रेखा सांगा ने किया। मौके पर प्रेम सागर राम, सूबेदार राम, सुरेंद्र गुप्ता, दिनेश राम, भारत राम, जितेश राम, चारवा उरांव, बिजय राम, अनिल राम, सुमित राम, रुपेश राम , प्रकाश राम, आशा देवी, शांति देवी, भंगा उरांव, चमरू उरांव, सुखदेव उरांव, नेहरू उरांव, शिवनारायण राम, बिन्दे राम समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## समतावादी चिंतक थे बाबा साहेब : जैनेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर 133 वीं जयंती पर श्रद्धा से याद किये गये। मुख्य समारोह बिजुलिया स्थित जनजातीय प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया गया। भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार तथागत खास मेहमान थे। उन्होंने बाबा साहेब को विश्व के महान समतावादी चिंतक और उपेक्षित समाज के लिये प्रेरणा स्त्रोत बताया। श्री कुमार ने कहा कि बाबा साहेब जाति विहीन समाज के पक्षधर थे। उन्होंने डॉ राव के विचारों को अपनाने तथा सशक्त व समृद्ध राष्ट्र के नवनिर्माण पर जोर दिया। इससे पूर्व बाबा साहेब की चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। संस्थान के छात्रों ने उनके बताये मार्ग पर चलकर देश एवं संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया।



समारोह में कॉलेज के छात्र-छात्राएं।

### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

निदेशक प्रियांशु कुमार, प्राचार्य संध्या खलखो, प्रबंधक हिमांशु सिंह, अकेडमिक हेड आशीष कुमार, निकिता कुजुर, हिना परवेज, प्रतिभा केरकेट्टा, निधि पाठक, दीपक रजक, आरपी सिंह, मुंसाद मंझर, परमेश्वर महतो, कुंदन कुमार, साकिब आलम, जुगनू कुमार, अभिषेक गुप्ता, मोकिम अहमद आदि।

### बीएड कॉलेज में भी मनी जयंती

प्रखंड के उषामातु स्थित समर्पण दीप बीएड कॉलेज में भी कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं, एनएसएस इकाई की युवा संवाद कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता हुयी। सचिव नवल किशोर गुप्ता ने मतदान के प्रति छात्रों को जरूरी निर्देश दिये।

## सीसीएल प्रबंधन ने झांसे में रखकर 50 % संडे कटौती कर काम निकाला

**खलारी।** एनके प्रबंधन के द्वारा सीसीएल मजदूरों को झांसे में रखकर 50 प्रतिशत संडे कटौती कर काम निकाला। इसका पता तब चला जब केडीएच प्रबंधन के द्वारा वर्कशॉप माइनिंग घर,पीओ कार्यलय में पोस्टिंग सीसीएल मजदूरों को बिना बताये 50 प्रतिशत संडे कटौती किया गया। बीते एक दिन पूर्व प्रबंधन के द्वारा अम्बेडकर जयंती पर पूर्व की तरह पेड होलीडे का पत्र जारी किया गया था। जिसके बाद मजदूरो ने हाजरी घर में जाकर पता चला कि आधे से अधिक कोल कर्मियों को संडे नही दिया गया है। जब जाकर मजदूर यूनियन नेताओं व कार्यकताओं ने 50 प्रतिशत संडे कटौती को लेकर दिन भर प्रबंधन व मजदूरों से गहमागहमी बना रहा। जिसके बाद सभी कर्मचारी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए काम को बंद कर दिया गया। इसके बाद क्षेत्रीय नेताओं ने कारगिल पिट ऑफिस पहुंच कर मजदूरों के साथ खड़े होकर प्रबंधन कड़ा विरोध किया। नेताओं ने सारे मजदूरों से कहा कि प्रबंधन मजदूरों के सुविधाओं से कटौती करना बंद करे। प्रबंधन मजदूरों को झांसे में रखकर अपना काम कराते रहता है। जिसका मजदूर बर्दाश्त नहीं करेंगे। जब प्रबंधन को उत्पादन कराना होता है तो बड़ी-बड़ी बात करते हैं और उत्पादन पूरा होते हि अपना सौतेला रूप दिखाते हैं। नेताओं ने सभी मजदूरों से अगले सप्ताह संडे ड्युटी नहीं करने कि अपील की है।

## साईनगर बुकबुका में बाबा साहेब की जयंती मनी

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** साईनगर बुकबुका में डॉ0 अम्बेडकर विचार मंच के तत्वाधान में बाबा साहेब अंबेडकर की 133 वीं जयन्ती अनील पासवान के अध्यक्षता मे मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कुंदन चौहान एवं आनन्द तूरी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिता भोक्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम सुन्दा सिंह सरस्वती देवी (जिला परिषठ), सरिता देवी (बेतीं) मुखिया अन्नुप्रिया पासवान (पंचायत समिति बेंती, संजय प्रसाद दीपक चौहान, सुनील बौद्ध, अनिता गंजू, मनोज भुईया ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित किए। इस दौरान स्वागत भाषण में अनिल पासवान ने कहा कि हर भारतीय को बाबा साहेब के विचारों को समझने एवं जीवन मे अपनाने की आवश्यकता है। श्याम सिंह ने कहा कि हमें भूतकाल में इतिहास की बुराइयों को सुधार कर बाबा साहेब को आदर्श मान कर चलने की आवश्यकता है। वही मुख्य अतिथि अनिता भोक्ता ने कहा कि भारत का राजनैतिक, सामाजिक,आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास का हल सिर्फ बाबा साहेब अंबेडकर का विचार एवं संविधान है। कार्यक्रम को सफल बनाने मे श्यामजी महतो, मनोज भुइयां, अनीता एका, गंगा, सरोज चौधरी, अमित कोहरा,भोला राम, जीतेन्द्र सिंह, सुनील पासवान, संध्या देवी, रेशमी कुंडा, शंभूनाथ गंजू, रमेश गंजू, अरुण पासवान, रीना देवी, खीन्द्रनाथ चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## राहे में जयंती पर याद किये गये बाबा साहेब



बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

**राहे।** राहे प्रखंड के रामडेरा, कटियाडीह, नुरू, ओर भगतसिंह चौक गोमदा में संविधान के निमार्ता और भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती मनाया गया । इस अवसर पर लोगों ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। आजसू के प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो अपने समर्थकों के साथ रामडेरा स्थित प्रतिमा माल्यार्पण किये। खतियानी झारखंडी पार्टी के संस्थापक सदस्य राजु कुमार महतो, अमिष महतो ,दिलेश्वर नायक,अर्जुन मिर्धा,प्रफुल उरांव, लखन मुंडा, मुकेश उरांव, शंकर मुंडा, हरिराम मुंडा, मनीष आदि ने माल्यार्पण किये। राहे धोबी मोहल्ला में समाज के लोगो के द्वारा बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किये। कटियाडीह गांव में मुखिया संघ के अध्यक्ष श्याम सिंह सिंह मुंडा के नेतृत्व में लोगों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। नुरू और भगतसिंह चौक पर किसानसभा के द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ का शपथ लिया गया। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ प्रण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुढ़मू।** रविवार को उमेडण्डा में भव्य कलश यात्रा के साथ उमेडण्डा तालाब किनारे स्थित शिव मंदिर,हनुमान मंदिर एवं भगवती मंदिर का प्रण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ हुआ। गौरतलब है कि विगत माह उमेडंडा में उक्त तीनों मंदिरों में स्थापित मुर्तियों को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया था। महावीर मंडल के सौजन्य से बजरंगबली की नई प्रतिमा मंदिर में स्थापित की गई है साथ ही अन्य दो मंदिरों का जीर्णोद्धार करते हुए दो दिवसीय समारोह का भव्य शुभारंभ रविवार को हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सहाय, सुरेश बैठा,भैरो सिंह ने उपस्थित होकर कलश वितरण किया साथ ही लोगों को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दी। सहाय ने अपने संदेश में कहा कि रामनवमी महापर्व आपसी भाईचारा एवं स्नेह का प्रतीक है। उन्होंने कलश यात्रा में शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। कलश यात्रा स्थानीय तालाब से जल लेकर नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में लौटकर समाप्त हुआ इस दौरान जय श्री राम,हर हर महादेव के उदघोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। वहीं, सोमवार को प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भंडारा का आयोजन के साथ यज्ञ का समापन किया जायेगा। समारोह के सफल आयोजन में महावीर मंडल उमेडंडा के अध्यक्ष रतन सिंह, संरक्षक मनोज मिश्रा, महामंत्री सुनील कुमार साहू, सचिव मोहन जायसवाल, अरुण यादव, कुलदीप साहू, चंद्र दीप साहू, अनिमेष मिश्रा सहित अन्य सदस्यों एवं श्रद्धालुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।, मौके पर जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू, प्रमुख सत्य नारायण मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, सारले मुखिया सुमित्रा देवी, विनोद मुंडा, बलराम साहू, सदन साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य



**इटकी।** सूयोर्पासना का चार दिवसीय चैती छठ महापर्व के दौरान रविवार को छठ व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ दिया। इटकी के केशरी नया तालाब सहित एनी जलाशयों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी। वहीं कई लोगों ने अपने घरों में ही जलाशय की व्यवस्था कर भगवान सूर्य को अर्घ दिया।

## अनगड़ा में आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनायी गयी



**अनगड़ा ।** डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ति के मौके पर टाटीसिलवे डोलबगीचा स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माला पहनाकर उनकी जयन्ती धूमधाम से मनाई गयी । इस मौके मुख्य अतिथि के तौर पर आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा की बाबा साहब भारतीय संविधान के शिल्पकार थे जो संविधान बनाएं हमे वो संविधान को बचा के रखना है और उनके आदर्शों पर चलना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू नायक ने संचालन जगरनाथ महतो ने किया।इस मौके विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य विपिन टोप्पो आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य राजू नायक अर्जुन राम मानव राम किसन नायक राजेश नायक विजय नायक शंकर रामअरुण राम बंटी नायक सुनील जॉय मुखिया कृष्णा पाहन भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो मनोज चौधरी रामसाय मुंडा इत्यादि उपस्थित थे।

## किड्जी स्कूल का उद्घाटन



ठाकुरगांव। जी लर्न ग्रुप के किड्जी स्कूल का उदघाटन रविवार को पिठोरिया में किया गया। उदघाटन मुख्य अतिथि झारखंड के अपर महाधिवक्ता जयप्रकाश,डीएवी भागलपुर के सेवानिवृत्त प्रचार्य सुदर्शन प्रसाद,किड्जी ईस्टर्न जोन के मार्केटिंग मैनेजर देवप्रिय दास,निश्चल मेमोरियल स्कूल के निदेशक उमेश केशरी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि इस विद्यालय के शुरू होने से इस क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा के लिए काफी मदद होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ खेलकूद, योग व संस्कार युक्त शिक्षा भी प्रदान किया जायेगा। उद्घाटन के दिन कई बच्चों का निःशुल्क नामांकन भी किया गया। मौके पर अनिल केशरी,मोनिका प्रसाद,संजीत कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर 501 महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी के महुवाटूंगरी में हनुमान मंदिर के तीसरे वार्षिकोत्सव पर रविवार को 501 महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार उपस्थित थे।महिलाओं ने तीन किलोमीटर कि यात्रा कर नगड़ाबेड़ा स्थित स्वर्ण रेखा नदी से कलश में जल उठाव कर ग्राम भ्रमण किया। मुख्य अतिथि जैलेन्द्र कुमार और विशिष्ट अतिथि मुखिया राजेन्द्र बेदिया ने नदी से कलश में पवित्र जल महिलाओं को देकर कलश यात्रा का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की भक्ति में लीन रहने से ही असली शक्ति मिलती है। कलश यात्रा से गांव का शुद्धिकरण होता है।पूरा वातावरण जय श्रीराम और जय हनुमान के नारे से गूंजयमान हो गया। मौके पर उदय कुमार महतो, गोपाल करमाली, हीरालाल महतो, धीरज, महेंद्र महतो, राजन महतो, महेश महतो, कमल महतो आदि शामिल थे।

## तहरीक-ए-नौजवान ईदगाह कमेटी कुटे का पुनर्गठन

**सिकिदिरी।** तहरीक-ए-नौजवान ईदगाह कमेटी के गठन को लेकर रविवार को कुटे स्थित मरकजी ईदगाह में ग्रामीणों की बैठक हुई।इसकी अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य अमीर हमजा अंसारी ने की।बैठक में मरकजी अंजुमन जमियत-उल मोमिनिन व अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष तनवीर अहमद रजा,शेख साजुद्दीन,अली इमाम अंसारी व खुर्शीद आलम की निगरानी में पुरानी कमेटी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया।इस में अध्यक्ष इब्राहिम खान,सचिव इसरफिल अंसारी,कोषाध्यक्ष नूरहसन अंसारी,उपाध्यक्ष आमिर रजा,सह सचिव अशरफ खान को बनाया गया है। इस के अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में इमामुद्दीन खान, तौसीफ अंसारी,नेसार खान, मुर्शीद खान इसराइल अंसारी व तौसीफ आलम चुने गए। मौके पर संरक्षक मुंताजिर अहमद रजा,खालिक खान,नाजिर खान,सुहैल अंसारी, इमरान खान,शेख अनवर,मो.जान, मंसूर अंसारी, आजाद अंसारी, खुर्शीद अंसारी ,हमीदुल्लाह अंसारी,नसीम खान आदि उपस्थित थे।

## उलगुलान रैली की तैयारी को ले कर बैठक

**खलारी।** बैंक चौक के पास झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड कमेटी का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनिल पासवान व संचालन कलाम रिजवी ने किय। बैठक में मुख्य बिंदु 21 अप्रैल दिन रविवार को समय 1 बजे रांची के प्रभात तारा मैदान मे उल्गुलान रैली मे सामिल होने की तयारी पर चर्चा किया गया। बैठक मे सभी कार्यकर्ता विचार एवं सुझाव दिये की खलारी प्रखंड से भी हजारों की संख्या मे भाग लेंगे एवं रैली को सफल बनायें। बैठक में प्रखंड संयुक्त सचिव चितरंजन सिंह राजकुमार गन्झु, प्रखंड उपाध्यक्ष सुभाष प्रजापति राजेश प्रसाद अरुण यादव, युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष युवा मोर्चा गौरव सिंह शिवनाथ मुंडा, खलारी प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा संगठन सचिव सुनील यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कलाम रिजवी उपाध्यक्ष आजम अंसारी, बिश्रामपुर पंचायत अध्यक्ष हैदर अली खान, झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के एरिया सचिव रंथु उरावं ,एवं संतोष छोटू राम ,इशरत अली ,अर्सद अंसारी , सहित अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जा कर मोदी के कार्यों और लक्ष्य बतायें : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता गण।

**ओरमांझी।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी में रविवार को लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलिप मेहता की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। भाजपा प्रत्याशी सह सांसद संजय सेठ ने बूथ कार्यकताओं को गांव-गांव में जाकर मोदी सरकार की योजनाओं व उपलब्धी को जनता को बताने को कहा। उन्होंने कहा दो वर्षा कोविड लॉकडाउन के कारण उसे मात्र 2.5 वर्ष ही देश व जनता का सेवा करने का अवसर मिला। उन्होने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में जो कार्य किया है, कांग्रेस ने 50 वर्ष में नही किया। मिशन 400 पार का मंत्र दिया और कहा बुथ जीत कर ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। प्राभारी नसीबलाल महतो कहा कोई भी उम्मीदवार एक जाति विशेष की वोट से कभी चुनाव नही जीत सकता। राष्ट्रहित की भावना ही सभी जाति धर्म समुदाय को जोड़ती है। बैठक में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, डा. बिरसा उरांव, अलखनाथ महतो, राजधाम साहू, भानुप्रताप महतो, अरविंद कुमार बबलू, राजकिशोर साहू, राजनाथ उरांव, मुखिया सुनील उरांव, दीपक बड़ाईक, धनराज बेदिया, पंसस ललिता मेहता, नीलमोहन पहन, अजय साहू, उमाशंकर साहू, लक्ष्मण साहू, चतुर साहू, विक्रांत तिवारी, शशि मेहता, राजेंद्र चौधरी, सत्यमराज कुशवाहा, सत्यनारायण तिवारी, दुगार्शंकर साहू, अमरनाथ चौधरी, चेतू मुंडा, रामकिंकर पहन, भीम मुंडा, सिकंदर महतो, जेठाराज नायक, कामेश्वर महतो, धनंजय महतो, तेजू प्रजापति, विजय महतो, सुरेंद्र कुमार महतो, रोहन वर्मन, सुरेंद्र प्रजापति,, चन्द्रमोहन महतो, शंकर महतो, नंदकिशोर मुंडा, बालक महतो, अरबिंद महतो, विकाश भोगता, आफताब आलम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## राहे में प्रकृति की आराधना कर मांगी सुख समृद्धि, निकाली गयी शोभायात्रा

**राहे।** प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर रविवार को राहे प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव का आयोजन कटियाडीह गांव में किया गया। पाहन शिवनाथ मुंडा,दिलीप मुंडा ओर मुची राम मुंडा ने विधिवत सिंगा-बोंगा की पूजन किये।सरना समिति के तत्वावधान में प्रखंड के सभी नौ पंचायत के सरना समिति के सांस्कृतिक दल उपस्थित होकर भव्य शोभायात्रा निकाली।शोभायात्रा कटियाडीह से शुरू होकर नावागांव,पाठकडीह,सुभाष चौक राहे होते हुए भगतसिंह चौक गोमदा पहुँची।

# बड़ें बैंक की वकालत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि महामारी के पहले हुए सरकारी बैंको के एकीकरण की एक प्रमुख वजह थी बड़े आकार पर कारोबार सक्षम बनाना। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या सरकार कुछ और सरकारी बैंकों का विलय करने के बारे में विचार कर रही है। उदाहरण के लिए पिछले दौर के विलय में ओरियंटल बैंक ऑफ इंडिया का पंजाब नैशनल बैंक के साथ विलय किया गया था जबकि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कॉर्पोरेशन बैंक और आन्ध्रा बैंक का विलय किया गया था। इसके अलावा इलाहाबाद बैंक का विलय इंडियन बैंक में किया गया था। फिलहाल तो एसबीआई का बहीखाता उसके बाद के तीन बड़े बैंकों के समग्र बहीखाते से भी बड़ा है। अर्थव्यवस्था के विकास के साथ बैंकों का आकार भी बढ़ेगा और कुछ बैंक अन्य बैंकों की तुलना में तेजी से विकसित होंगे लेकिन यह संभव नहीं लगता कि अगले कुछ वर्षों में भारत में एसबीआई के आकार के चार या पांच बैंक हों। शायद सरकार का विचार यह होगा कि बड़े बैंक देश के बुनियादी क्षेत्र की जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकेंगे। परंतु तथ्य यह है कि बैंक अक्सर बुनियादी क्षेत्र की परियोजनाओं को उनके कारोबार की बुनियादी प्रकृति की वजह से ऋण देने के अनिच्छुक होते हैं। बुनियादी परियोजनाओं को पूरा होने में आमतौर पर बहुत अधिक वक्त लगता है जिससे बैंकों के लिए परिसंपत्ति-देनदारी की विसंगति उत्पन्न हो जाएगी, भले ही उनका आकार कुछ भी हो। इसके अलावा सरकार एक विकास वित्त संस्थान की स्थापना कर रही है ताकि बुनियादी क्षेत्र की सहायता की जा सके। इसके अलावा दीर्घावधि के कर्ज को आदर्श रूप से तो बॉन्ड बाजार से जुटाया जाना चाहिए और उसका बीमा तथा पेंशन फंड से भी वित्त पोषण किया जा सकता है।

# श्रम कानून में बदलाव

दरअसल, तर्क है कि सरकार न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ी है। तर्क है कि कानून श्रमिकों की पेशागत सुरक्षा को प्राथमिकता देती है जो काम करने का बेहतर वातावरण बनाने और आर्थिक विकास को गति देने का कार्य करेंगे। साथ ही सुधार कारोबारी सुगमता को सुनिश्चित करेंगे। तर्क यह भी है कि इससे लालफीताशाही और इंस्पेक्टरी राज पर अंकुश लगेगा। ये सुधार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेंगे और भविष्य निधि संगठन तथा कर्मचारी राज्य निगम के दायरे का विस्तार करके श्रमिकों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे। कहा जा रहा है कि देश के संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इससे कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। अब सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। उनका वेतन डिजिटल माध्यम से भुगतान करना होगा। साल भर में श्रमिकों का हेल्थचेकअप करना भी अनिवार्य किया गया । सरकार का कहना है कि वह प्रवासी श्रमिकों का डेटा बैंक तैयार कर रही है तथा व्यवस्था की जा रही है कि प्रवासी मजदूरों को मूल निवास जाने के लिये साल में एक बार यात्रा भत्ता दिया जाये। पहले किसी कंपनी में दुर्घटना होने पर जुमार्ने की जो राशि सरकार के खाते में जाती थी, अब नये कानून में जुमार्ने की आधी राशि पीड़ित को देने की बात कही गई है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और कई श्रमिक संगठन इन सुधारों का विरोध कर रहे हैं। भारतीय मजदूर संघ ने भी कानून बनाने में जल्दी करने पर सवाल उठाये हैं। लेकिन सुधारों का प्रभाव और समय को लेकर भले हम आलोचना करें लेकिन इन नीतियों के प्रभाव हमें अगले वित्तीय वर्ष में ही देखने को मिलेंगे। देश में निजी क्षेत्र के बढ़ते प्रभाव और श्रमिक-नियोक्ता तनाव के बीच यह कानून व्यापकता लिये हुये है लेकिन के क्रियान्वयन का मूल्यांकन अभी शेष है।

# इंटरनेट के माध्यम से देश में रोजगार और विकास






-प्रेम प्रकाश

2023 तक भारत में ओटीटी इंडस्ट्री में 45 फीसद वृद्धि की संभावना है। इसे यों भी कह सकते हैं कि कोरोना ने इस संभावना को दोगुना कर दिया है। पहले जहां देश में अमेजॉन और नेटफ्लिक्स जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का ही दबदबा था, वहीं अब ओरिजनल कंटेंट के मामले में भारतीय प्लेटफॉर्म्स उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। कुछ भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म तो इनसे काफी आगे हैं।

**भारत** सहित दुनिया के इतिहास में बीते तीन दशक इस लिहाज से खासे अहम हैं कि इसने व्यक्ति, अभिव्यक्ति और सभ्यता के साझे बूते के साथ आधुनिकीकरण की पूरी प्रक्रिया और आशय को ही बदल दिया। दिलचस्प यह कि यह सब जिस तेजी के साथ घटित हुआ उसके पीछे तकनीक की वह संजालीय ताकत है, जिसे हम इंटरनेट कहते हैं। दुनिया के बाकी हिस्सों के मुकाबले भारत में इस बदलाव का खास मतलब इसलिए है क्योंकि यहां समाज और संस्कृति का बहुलतावादी अस्तित्व पारंपरिक तौर पर कायम रहा है।

**इंटरनेट के ढाई दशक**

इंटरनेट ने भारत में 25 साल पूरे कर किए हैं। आज इंटरनेट इस्तेमाल करने के मामले में हमारा देश दुनिया में दूसरे स्थान पर है। दरअसल, बीते ढाई दशक से भारत जिस तरह डिजिटल मोड में आता गया है, उसमें बड़ी भूमिका निभाई है कंप्यूटर ने। कंप्यूटर से हमारा परिचय उदारीकरण के दौर से पहले का है। यह परिचय अपवाद से तब आम व्यवहार का हिस्सा बना जब 15 अगस्त 1995 को भारत को इंटरनेट का तोहफा मिला। विदेश संचार निगम ने देश का पहला इंटरनेट कनेक्शन दिया। 2010 तक आते-आते स्मार्टफोन की आमद ने हमारी निजी और सार्वजनिक दुनिया को एक साथ नियंत्रित करना शुरू कर दिया।

आज आलम यह है कि देश में 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं और यह हमारे लिए पानी या आक्सीजन की तरह जरूरी हो गया है। बदलाव की यह प्रक्रिया हमारे जीवन को कई स्तरों पर बदल रही थी। लेखन से लेकर अभिव्यक्ति और मनोरंजन की दुनिया के हिस्से यह बदलाव जिस रूप में आया, वह तो दंग कर देने वाला है। एक सामान्य समझदारी के लिए हम कह सकते हैं कि मानव सभ्यता का 21वीं सदी में दाखिला उस आभासलोक में उतरने जैसा है, जो कहने को तो हमें पूरी दुनिया से एक माउस या एक क्लिक के साथ जोड़ देता है पर वास्तव में यह जुड़ाव संवेदना और सामाजिकता की दुनिया में एक व्यक्ति को किस तरह नितांत अकेला करता गया है, यह आज हम अनुभव कर सकते हैं।

**कोरोना और ओटीटी**

इस साल के दूसरे-तीसरे महीने से कोरोना का कहर हमारे आसपास पहुंच चुका था। टीवी धारावाहिकों और सिनेमा हॉल में जाकर फिल्म देखने के शौकीन आज वेब सीरीज या ओटीटी (ओवर द टॉप)पर रिलीज होने वाली फिल्मों की बात कर रहे हैं। यह एक बड़ा बदलाव है और यह आगे किस तरह और ज्यादा प्रभावी होगा इसे कुछ अध्ययनों और तथ्यों से हम समझ सकते हैं।

2023 तक भारत में ओटीटी इंडस्ट्री में 45 फीसद वृद्धि की संभावना है। इसे यों भी कह सकते हैं कि कोरोना ने इस संभावना को दोगुना कर दिया है। पहले जहां देश में अमेजॉन और नेटफ्लिक्स जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का ही दबदबा था, वहीं अब ह्यओरिजनल कंटेंट के मामले में भारतीय प्लेटफॉर्म्स उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। कुछ भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म तो इनसे काफी आगे हैं। लेट्सओटीटीग्लोबल डॉट कॉम की मलेशिया स्थित संपादक डॉ. सुनीता कुमार बताती हैं कि भारत में साल-डेढ़ साल पहले 40 ओटीटी प्लेटफॉर्म थे, लेकिन अब इनकी संख्या दोगुनी होकर 80 से भी ज्यादा हो गई है। बदलाव का यह संजाल हमें आगे और कहां ले जाएगा यह कहना मुश्किल है। हां, एक बात जो मौजूदा स्थिति में कही-समझी जा सकती है वह यह कि इस बदलाव के साथ अभ्यस्त होने से ज्यादा जरूरी है इसके प्रति सचेत होना। यह सचेत भाव इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इससे कहीं न कहीं मनुष्य की वह नियति तय होगी जिसमें यह तारीखी तौर पर जाहिर होगा कि मनुष्यता पर अगर तकनीक इस कदर हावी हो जाए कि अनुभव और अभ्यास की उसकी रचनात्मकता बड़े पैमाने पर आभासी दुनिया में तैरने लगेगी तो फिर आधुनिकता और मनुष्यता का साझा हश्र क्या होगा। वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान के क्रम में लिटमस या एसिड टेस्ट की बातें खूब होती हैं। यह शब्द विचार और विमर्श के क्षेत्र में भी खासा प्रचलित है। अभी हम जिन संजालीय बदलावों और उनसे जुड़ी चिंता की बात कर रहें हैं उसे समझने के लिए मौजूदा समय काफी माकूल है।

ऐसा इसलिए क्योंकि कोरोना संकट के दौरान निश्चित तौर पर सहयोग और सौहार्द की कई बड़ी मिसालें देखने को मिली हैं, पर ये सारे उदाहरण या तो आपवादिक हैं या कुछ लोगों के निजी पुरुषार्थ के किस्से। आम समाज का चरित्र इस दौरान अपने ही लोगों के प्रति खासा असहयोगपूर्ण रहा है, असहिष्णु रहा है। इसलिए इस दौरान जो हम टीवी स्क्रीन, कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर देख रहे हैं, उससे जुड़ी विषयवस्तु या कंटेंट काफी मायने रखता है।

**हाल और सवाल**

सेक्रेड गेम्स को न सिर्फ दर्शक मिले बल्कि वे टिके भी रहे। इसके प्रसारण के समय से ही यह सवाल सुगबुगाने लगा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म को स्वच्छंद छोड़ना ठीक है क्या आज आलम यह है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जाना ही इसलिए जा रहा है कि यह देह और संबंधों की दुनिया को हर स्तर पर बेनकाब करता है।

**तकनीक और इंसानी स्फीति**

सवाल यह है कि सभ्यता के इतिहास में अब तक जो रचनात्मक अनुभव हमारे हिस्से आए हैं क्या हम उसे अंतिम तौर पर गंवाने के मुहाने पर खड़े हैं।कोरोनाकाल के कुछ अध्ययनों में यह बात आई भी है कि संवेदना और सौहार्द के दरकार के दौर में हम लगातार हिंसक होते जा रहे हैं। यह हिंसा मन और शरीर से आगे भाषा तक में जाहिर हो रही है। आगे हमारे लिए यह चुनौती होगी कि इस हश्र के पीछे की तकनीकी ताकत को लेकर हम नए सिरे से विचारशील होंगे या फिर उन स्फीतियों को सीधे-सीधे स्वीकार कर लेंगे, जिनके शिकार आज हम तेजी से हो रहे हैं।

**खबरों की लीक और तकनीक**

बात तकनीक और इस कारण आए बदलावों की हो और मीडिया की चर्चा न हो, ऐसा संभव नहीं है। इंटरनेट के कारण खबरों की एक नई दुनिया आज हमारे सामने है। इस दुनिया ने खबरों के अर्थ और आशय को ही सिर्फ नहीं बदला है, बल्कि इसके साथ ही बदल गई है इसे देखने-समझने की हमारी पूरी दृष्टि।

खास बात

## पैतृक संपति में बेटी का अधिकार

**बिंदिशा सारंग**

**कड़वी** सच्चाई यह है कि उन्हें वह आजादी और वित्तीय स्वतंत्रता नहीं मिलती है, जो पुरुषों के लिए सुलभ है। अच्छी बात यह है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। उदाहरण के लिए भारत में विरासत कानूनों को ही लें, विशेष रूप से हिंदू परिवारों में उत्तराधिकार और विरासत के कानूनों को। हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि बेटियों को हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) की संपत्तियों में समान हिस्सेदारी के अधिकार मिलेंगे, भले ही उनके पिता 9 सितंबर तक जिंदा थे या नहीं। डीएसके लीगल में पार्टनर नीरव शाह ने कहा, 'पहले स्थिति यह थी कि 2005 का अधिनियम शुरू होने की तारीख को किसी जीवित समान हिस्सेदार की जीवित बेटी होनी चाहिए। पिछली कानूनी स्थिति जन्म से प्राप्त हिस्सेदारी के अधिकार को पूरा करने में असफल रही है। शाह कहते हैं, 'हाल के फैसले ने यह स्थिति बदल दी है। इसमें कहा गया है कि बेटी को अपने जन्म से ही पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा, भले ही उसके पिता उसके जन्म के समय जिंदा थे या नहीं।' सीधे शब्दों में कहें तो इस फैसले से संयुक्त परिवार की संपत्ति की विरासत के लिहाज से बेटियों के अधिकार और जिम्मेदारियां बेटों के समान हो गई हैं।

समीर जैन कहते हैं, ' एक संयुक्त हिंदू परिवार (जेयूएफ) वह है, जिसमें सभी व्यक्ति किसी एक पूर्वज के वंशज हैं और जिनकी एकसमान उपासना पद्धति और संयुक्त संपत्तियां हैं।' समान हिस्सेदारी कानून की उत्पत्ति है। यह संयुक्त हिंदू परिवार का छोटा रूप है, जिसमें वंश का प्रमुख और तीन क्रमानुगत पुरुष वंशज शामिल हैं। पैतृक संपत्ति वह है, जो किसी हिंदू बेटे को अपने पिता, दादा और परदादा से मिलती है। जैन कहते हैं, 'वर्ष 2005 के संशोधन का मकसद बेटियों को भी इस तथाकथित प्रीमियम क्लब में शामिल करना था।'गौर करने वाली बात यह है कि 9 सितंबर, 2005 से पहले जन्मी बेटियां केवल संशोधन की तारीख से अपने अधिकारों का दावा कर सकती हैं।

# मिथिला प्रस्थान

धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सिद्धाश्रम** (बक्सर) पहुंचते ही विश्वामित्र ने राम एवं लक्ष्मण को भविष्य में होने वाले युद्ध को ध्यान में रखकर एक ऐसी विद्या की सिद्धि करवाई जिससे भूख एवं प्यास युद्ध के दौरान प्रातः काल से संध्या तक न सताए। श्री राम को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण देने के लिये महर्षि विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ द्धारा नियोजित किये गये थे। उन्होंने श्री राम और लक्ष्मण को धर्नुविद्या का प्रशिक्षण दिया। आग्नेयास्त्र, वायव्यास्त्र एवं ऐन्द्रास्त्र इत्यादि जितने भी दिव्यास्त्र थे वे सब तथा उनको संधान करना भी सिखाया। गुरु भक्ति का व्यवहारिक रुप श्री राम को महर्षि विश्वामित्र ही सिखाए।

**अहिल्या उद्धारः** श्री राम और लक्ष्मण ताड़का एवं सुबाहु समेत अन्य राक्षसों का संहार कर महर्षि विश्वामित्र का यज्ञ रक्षा किये। यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद एक दिन महर्षि विश्वामित्र श्री राम से बोले- श्री राम मिथिला के राजा जनक जनकपुर में धनुष यज्ञ आंरभ करने वाले हैं । आप दोनों भाई भी साथ वहां चलिये। यह आदेश सुनकर श्री रामचन्द्र ने विचार किया कि अयोध्या से चलते समय गुरु वशिष्ठ ने कहा था कि मुझें अब ब्रह्मर्षि विश्वामित्र के आज्ञाधीन रहना है। ये जैसा चाहें वैसा ही कर्म करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। अतः मुझे एवं लक्ष्मण को जनकपुर चलना चाहिए। महर्षि विश्वामित्र तथा अन्य ऋषियों के साथ श्री राम और लक्ष्मण सिद्धाश्रम से जनकपुर के लिये प्रस्थान किये। जनकपुर जाने के मार्ग में थोड़ी दूर तय किये।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**


विपदा में
मन के बल का हथियार
चलाना पड़ता है
अपने हिस्से का सूरज भी
खुद खींच के लाना पड़ता है ,
वापस आना पड़ता है,
फिर वापस आना पड़ता है।

**- अमिताभ बच्चन**

आपके ट्वीट

ज्ञान अमृत है और पुस्तकें उस अमृतत्त्व - निर्बाध ज्ञान परंपरा की संवाहिकायें-प्रसारिकाएँ हैं।अविद्याजनित विकृतियों से मुक्त कर अंतस को प्रकाशित करने वाले सद्ग्रन्थों का नित्य पारायण करें।पुस्तकें सच्ची पथप्रदर्शक हैं !

**- अवधेशानंद गिरी**





आप सभी को उत्साह एवं हर्षोल्लास के त्योहार बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएँ। मेरी कामना है कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं आरोग्य लेकर आये।

**- चंपई सोरेन सीएम**

# डॉ.आम्बेडकरः महिला सशक्तीकरण के हिमायती

**संजीव**

बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताए मार्ग का अनुसरण करेंगे। उनके बनाए संविधान का पालन करेंगे। ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे देश के किसी कानून का उल्लंघन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे।इसलिये उनकी जयन्ती पर श्रद्धांजलि देने का सबसे अच्छा तरीका है- उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं।

बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ के एक गरीब परिवार में हुआ था। वे भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिला स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनका बचपन बेहद कष्ट में बीता।। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती।

भारतीय संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते हैं। जबकि उन्होंने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होंने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हें सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डॉ.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें।

सामयिक

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं, जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तीकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तीकरण का असली आविष्कार है।इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण आम्बेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ. भीमराव आम्बेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था।

डॉ. भीमराव आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओं के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लड़कों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाएं तो प्रगति कर सकते हैं। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा, पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। आम्बेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरूआत ही शिक्षित करो से होती है।

कॉर्टून वर्ल्ड




लेटर टू एडिटर

## कानून से असुरक्षा

**श्रम** कानून के सुधार में नया कानून बनाया गया है, जिसके तहत तीन सौ से कम काम करने वाले कर्मचारियों को कोई कम्पनी बिना सरकार की मंजूरी लिए कभी भी निकाल सकती है। ऐसे में हर कोई कम्पनी अब अपनी मनमानी करेगी, जहां गरीब आदमी का जरूरत से ज्यादा शोषण होगा तो हर समय नौकरी जाने का डर, कही न कहीं उसकी सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है। **-रमन कुमार, रांची**

## नशे का प्रभाव

**धन** ऐश्वर्य-संपन्नता की वसूली नशे के माध्यम से करते हुए फिल्में, धारावाहिक, मनोरंजन का घालमेल समाज में परोसा जा रहा है। दुनिया को हंसाने-रुलाने का बीड़ा उठा खुद की जिंदगी से खिलवाड़ करने का अवसर जुटा रहा है। प्रशासन व शासन सख्त कानून बना नशे में लिप्त फिल्मी व्यवसायियों पर कड़ी निगरानी बनाए।

**- रविन्द्र कुमार, हजारीबाग**

# आधुनिक जीवन शैली की देन है रात में नींद न आना

**प्रशांत झा**

**आपको** कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है।

पूरी नींद नहीं सोने से कई तरह की बीमारियां घेर लेती हैं। रात को नींद नहीं आने का आपके दिन के साथ पूरा संबंध है। आपकी जीवनशैली, खान-पान और शरीर से जुड़ी कोई अन्य बीमारी सब इसके जिम्मेदार हैं। आज के समय में ज्यादातार लोगों को अनिद्रा की शिकायत होती है। अनिद्रा हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदेह होती है और नींद क्यों नहीं आती यह सोच-सोच कर भी हम अपनी नींद खराब कर लेते हैं।

**बिस्तर से दूर करता दफ्तर**

हम सबकी जीवनशैली ऐसी हो गई है कि बस पंजों पर खड़े रहते हैं। काम का बोझ एक ऐसा सच है जो हर कोई अपनी मर्जी से नहीं ढोना चाहता। बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है। लेकिन यह आपकी मजबूरी हो या चुनाव, इसका हल तो आपको निकालना होगा।आयरन की कमी से लेकर मोटापा दूर करने में कारगर है अंडा, जानिये नाश्ते में कैसे खाना उचित

कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी

स्वास्थ्य

दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है और डॉक्टर आपकी पर्ची पर बिस्तर पर आराम लिख देते हैं। फिर आपको मजबूरी में बिस्तर पकड़ना पड़ता है। तो ऐसी स्थिति आने से पहले अपने बिस्तर पर पर्याप्त समय दिया करें। नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। तो यह सोच लें कि तनाव लेने भर से कोई काम आसान नहीं हो जाता है।

नौकरी को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले लोग भी अनावश्यक तनाव लेते हैं। एक समय नौ से पांच की नौकरी का मजाक उड़ाने वाली पीढ़ी आज चौबीस गुणे सात के जाल में उलझ गई है। लेकिन अब लोग सेहत और काम के बीच के तनाव के बारे में जागरूक भी हो रहे हैं।

**आपके दिमाग में क्या है**

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए पॉडकास्ट पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्व तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और आनलाइन खबरें पढ़ना। बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। हमने अपने दिमाग को एक मिनट के लिए खाली छोड़ा ही नहीं है तो फिर नींद पर उन सूचनाओं का एक साथ हमला होने लगता है।

आपको कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें। अपनी मनपसंद कोई हल्की-फुल्की किताब पढ़ें और किसी भी तरह की विवादित बातें न सोचें। इन दिनों एक मजाक प्रचलित है कि नींद आंखें बंद करने से नहीं इंटरनेट का डाटा बंद करने से आती है। अच्छी नींद के लिए बिस्तर पर जाने से पहले आभासी दुनिया से कट जाने में ही भलाई है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## बरकाकाना में जनसंघर्ष मोर्चा ने बाबा साहेब की जयंती मनाया



**बरकाकाना।** अंबेडकर जनसंघर्ष मोर्चा और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने रविवार को घुटुवा में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाया। जनसंघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष रंजीत राम ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर सिर्फ एक व्यक्ति नहीं थे, हर पीड़ित व शोषित की प्रखर आवाज थे। मानवाधिकार के अमीत कुमार ने कहा कि बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए समाज के अंतिम पायदान के लोगों को पूर्ण रूप से शिक्षित कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ना होगा। मौके पर रंजीत राम,अमित कुमार,शंकर मिस्त्री, सुरेन्द्र पाण्डेय,शंकर कालिंदी, रामबीर कुमार, सोनू कुमार, शम्भु कुमार, धर्मनाथ कुमार, प्रमोद राम, रतन कुमार, चंदन बेदीया, धनेश्वर महतो, शाखा राम, आशिष राम, मनोज राम, बिक्रम राम,सुभाष कालिंदी,केदार राम, विक्की राम, रिक्की कुमार, कुण्दन कुमार, ईश्वर दयाल महतो, शिव कुमार, आदित्य कुमार आदि उपस्थित थे।

## सूर्य षष्ठी महायज्ञ में भंडारा कल



भुरकुंडा (रामगढ़)। नदी तट स्थित छठ मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ के छठे दिन रविवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए श्रद्धालु महिला-पुरूषों व बच्चों की भारी भीड़ अहले सुबह से उमड़ी रही। देर रात तक श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि व हरियाली खुशहाली की कामना की। सोमवार को पूर्णाहुति व हवण के साथ महायज्ञ का समापन होगा।16 अप्रैल को भव्य भंडारा होगा।

## सौंदा डी में मनी अंबेडकर जयंती



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी में रविवार को संविधान रचयिता बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाई गई। सौंदा डी पीओ रामेश्वर मुंडा ने बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सपनो को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। पीओ ने कहा कि समाज का संपूर्ण विकास के लिए शिक्षित होना जरूरी है। मौके पर मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय, संजय यादव, एचएन यादव, रुदल कुमार, दशरथ कुर्मी सहित कई लोग मौजूद थे।

## छठव्रतियों ने सूर्य को दिया अर्घ्य



**रामगढ़।** शहर और आसपास रविवार को छठव्रतियों ने नदियों व सरोवरों में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर खुशहाली की कामना की। शहर के बिजुलिया तालाब छठ घाट और दामोदर नदी छठ घाट पर खूब चहल पहल रही। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रती अपने परिजनों के साथ पहुंचे थे। सोमवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चैती छठ संपन्न हो जाएगा।

## झारखंड की संस्कृति है सरहुल : अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साईड स्थित सरना स्थल में शनिवार को सरहुल पूजा समिति के तत्वावधान में मिलन समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया व संचालन सचिव संतोष उरांव ने किया। महोत्सव में विधायक अंबा प्रसाद, विधायक जेपी पटेल, भारतीय जनतंत्र मोर्चा की केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम व मुखिया अजय पासवान, पूर्व पार्षद दर्शन गंझू शामिल हुए। अंबा प्रसाद ने कहा कि सरहुल झारखंड की संस्कृति की पहचान है। विशिष्ट अतिथि निशि पांडेय ने लोगों को पेड़ों की कटाई नहीं करने सहित अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों की सुरक्षा हमसबों को दायित्व है। निशि पांडेय ने कहा कि सरहुल जल, जंगल, जमीन व संस्कृति की रक्षा का भी संदेश देता है।

# दिगवार में रामनवमी तोरणद्वार में लगायी आग

## दोनों समुदाय ने की घटना की निंदा, कहा-दोषियों पर हो कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़/(कुजू)।** जिले के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिगवार चौक पर रामनवमी को लेकर लगाए गए तोरणद्वार में शनिवार रात करीब डेढ़ बजे असमाजिक तत्वों ने आग लगाकर क्षेत्र के सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का असफल प्रयास किया। असामाजिक तत्वों ने बड़ी चालाकी से तोरण द्वार के बगल गली से छिपकर मशाल के माध्यम से तोरणद्वार में आग लगाई है। घटना की खबर पाकर क्षेत्र के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। माहौल धीरे-धीरे गर्म होने लगा। लेकिन दोनों समुदाय के प्रबुद्ध जनों ने आगे बढ़कर मामले को नियंत्रित किया। खबर पाकर रामगढ़ एसडीएम आशीष गंगवार, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार, मांडू बीडीओ संजय कोंगाड़ी, अंचलाधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी, मांडू पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा, मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय,अनिल सदानंद कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला। घटनास्थल के निकट पड़े मशाल को जब्त किया। एसडीएम सहित उक्त सभी अधिकारियों ने दिगवार चौक स्थित पंचायत भवन में क्षेत्र के दोनों समुदाय के प्रबुद्ध जनों, जनप्रतिनिधियों सहित आम लोगों के साथ की बैठक।

एसडीएम ने शांति बनाए रखने के लिए क्षेत्र के दोनों समुदाय के लोगों व जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिसने भी इस प्रकार के कृत्य को करके क्षेत्र के सांप्रदायिक सौहार्द वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास किया है, उसे हर हाल में चिन्हित कर दंडित किया जाएगा। पूरा जिला प्रशासन गंभीर है। उन्होंने कहा कि हम पर आप सभी विश्वास करें। हमारे ऊपर जिले के एसपी और डीसी भी हैं। जहां आप जाने को स्वतंत्र हैं। लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि ऊपर के पदाधिकारी के पास जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सीसीटीवी फुटेज में मोटरसाइकिल तथा उस पर सवार दो लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया जाएगा। आप चाहें तो अपनी ओर से आवेदन दे सकते हैं। एसडीएम ने बैठक में मौजूद लोगों से अपनी बातों को रखने की बात कही। लोगों ने प्रशासन को कहा कि इस तरह की घटना करने वाले की हर हाल में पहचान होनी चाहिए। कुकृत्य करने वाले का कोई धर्म संप्रदाय नहीं होता। दोषी की पहचान और सजा अवश्य मिलनी चाहिए।

बैठक में जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों के अलावा क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों में मनोज गिरी, शमीम अंसारी,हरि नारायण कुशवाहा, द्वारिका प्रसाद भंडारी, अरूण कुमार कुशवाहा, खेमलाल महतो, डाक्टर रोहण लाल, वार्ड पार्षद कुलदीप प्रसाद कुशवाहा, अर्जुन यादव, दिलेश्वर कुशवाहा, अर्जुन कुशवाहा, विनोद कुशवाहा आदि मौजूद थे।



क्षतिग्रस्त तोरणद्वार।





घटना की जांच करते एसडीएम आशीष गंगवार।

### दिगवार चौक पर भारी पुलिस बल हुये तैनात

घटना के बाद क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिले से वज्र वाहन, पर्याप्त पुलिस बल, महिला पुलिस को दिगवार चौक पर तैनात कर दिया गया है। एसडीएम, एसडीपीओ, बीडीओ,सीओ,सहित मांडू पुलिस इंस्पेक्टर, मांडू,कुजू थाना प्रभारी कैंप किए हुए हैं। स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# हजारीबाग जिले में तोड़ी जा रही है नशे के सौदागरों की कमर

## जल्द हीं गिरफ्त में होगा सरगनाः अरविंद कुमार सिंह

अभय सिंह

**हजारीबाग।** नशे के खिलाफ जिला प्रशासन ने अभियान छेड़ रखा है। ये पहली बार हो रहा है कि बड़े पैमाने पर नशे की खेप पकड़ी जा रही है जो काबिलेतारीफ है। जब से हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कमान संभाला है तब से नशे के खिलाफ इनकी कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। पहले भी कार्रवाई होती थी मगर कुछ दिनों के बाद ये शिथिल पड़ जाती थी और फिर से नशे के विषबेल पनपने लगते थे। इस बार ऐसा नहीं हो रहा। नशे के सौदागारों का कमर योजनाबद्ध तरीके से लगातार तोड़ा जा रहा है। इस क्रम में चौपारण के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के भी योगदान का चर्चा करना जरूरी है। चौपारण के चोरदाहा चेकपोस्ट नशा व अन्य अनैतिक कार्यो के लिए हमेशा से बदनाम रहा है। बिहार और झारखंड का बार्डर होने के कारण एक राज्य से दूसरे राज्य में नशें के कारोबारी पुलिस की मिलीभगत से अपने कारोबार को इस कदर फैला चूके थे कि उनसे निपटना मुश्किल हो रहा था। लेकिन अरविंद सिंह के हजारीबाग एसपी के रूप में चार्ज लेते हीं सारा खेल बदल गया। एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। ऐसी नकेल कसी है कि माफिआ सकते में हैं। ज्ञात हो कि एसपी ने अपने पहले प्रेस वार्ता में ही नशे के सौदागरों को इस कारोबार को बंद करने अन्यथा सजा भूगतने को तैयार रहने को कहा था। उनकी यह बात अब सच साबित हो रही है। हालांकि अभी भी इस क्षेत्र में प्रशासन को बहूत काम करने हैं। जिस तरह से ब्राऊन शूगर हजारीबाग के गली-



मोहल्ले में प्रवेश कर गया है। उसे हर हाल में रोकना होगा। नशे के बड़े कारोबारियों को सलाखों के पीछे भेजना होगा। बहरहाल एसपी ने जो एक रास्ता रूख अख्तियार किया है उसकी सराहना होनी चाहिए।

### एक करोड़ की मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

एसपी अरविंद कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता में कहा कि चौपारण में लगातार अफीम और डोडा के खिलाफ हजारीबाग पुलिस कार्रवाई कर रही है। इस मामले में उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि दो लोग बाइक के माध्यम से अफीम और डोडा लेकर बिहार की ओर चौपारण बॉर्डर होते हुए जाने वाले हैं। इसके बाद एसपी अरविंद कुमार सिंह ने टीम का गठन किया। टीम ने जांच अभियान चलाया जिसमें दो मोटरसाइकिल को पकड़ा गया। उनके पास से 40 किलो डोडा और 3 किलो अफीम बरामद हुआ। पूछताछ के क्रम में एक व्यक्ति के निशानदेही पर एक और जगह छापामारी की गई। वहां भी डोडा और अफीम पुलिस ने बरामद किया है। एसपी ने कहा कि नशे के खिलाफ हमारी अभियान जारी रहेगी। जल्द ही सरगना को पकड़ भंडाफोड़ कर दिया जाएगा।

## रामनवमी में पर्याप्त सुरक्षा बल उपलब्ध कराये गये हैं : आइजी



**हजारीबाग।** हजारीबाग के प्रसिद्ध रामनवमी उत्सव को लेकर हजारीबाग में बोकारो रेंज के आईजी एस माइकल राज के नेतृत्व में उच्च स्तरीय बैठक हुयी। बैठक में एसपी अरविंद कुमार सिंह ,डीआईजी सुनील भास्कर समेत जिले भर के डीएसपी और एसडीपीओ शामिल हुए। बैठक में शांतिपूर्ण ढंग से रामनवमी संपन्न कराने का लेकर चर्चा हुयी। कई दिशा निर्देश दिये गये। आईजी एस माइकल राज ने कहा कि पर्याप्त सुरक्षा बल रामनवमी के दौरान उपलब्ध कराए गए हैं। इस वर्ष चुनाव को लेकर विशेष सावधानी भी बरती जा रही है। जूलूस के दौरान ड्रोन से नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में जितने लोग सांप्रदायिक मामले में जेल गए और बेल पर है उन सभी को नोटिस निर्गत किया है। शराब के गोरख धंधे करने वालों पर नजर रखी गई है। आर्म्स एक्ट को लेकर 10 सालों में जो जेल गए हैं उन सभी को नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान जनता का भरपूर सहयोग भी मिलता है। यह उम्मीद की जा रही है कि इस बार हजारीबाग की जनता प्रशासन को भरपूर सहयोग करेगी। जिला प्रशासन ने रामनवमी जूलूस में डीजे पर प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने इस पर कहा कि जिला प्रशासन सभी बिंदुओं पर चर्चा विमर्श करने के बाद फैसला लेती है। स्थानीय कारण को देखते हुए डीजे प्रतिबंधित किया गया है।

## आशीर्वाद दें, रोजगार सृजन करेंगे : जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने रविवार को शहर के अंबेडकर चौक पर समता, मूलक के परिचायक भारत के संविधान निमार्ता बोधित्व बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने विष्णुगढ़ प्रखंड के 13 पंचायतों के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उनके साथ आजसू के केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी तिवारी महतो भी साथ रहे। जायसवाल ने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भेलवारा से किया। भिलवारा आठ माइल, विष्णुगढ़ सात माइल, बेड़ा हरियारा, खरना, महादेव बर, भंडेरी, बारा सहित कई जगहों का दौरा कर कमल निशान पर बटन दबाकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में गरीबी हटाओ का नारा देकर जनता को सिर्फ ठगने का काम किया गया। लेकिन असल रूप में देश का विकास और गरीबों का उत्थान पिछले 10 साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने कर दिखाया है। राष्ट्र के



विकास और गरीबों के संपूर्ण उत्थान एवं कल्याण हेतु फिर एक बार भाजपा का साथ दें। उन्होंने कहा कि आपका आशीर्वाद रहा तो देश के विभिन्न महानगरों और सात समंदर पार काम करने वाले इस क्षेत्र के प्रवासी मजदूर की आवाज बनूंगा और स्थानीय स्तर पर उनके रोजगार सृजन की दिशा में सकारात्मक प्रयास करूंगा। मौके पर विशेषरूप से आजसू नेता सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष किशोर मंडल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, आजसू केंद्रीय सदस्य रंजीत गुप्ता, आजसू जिला उपाध्यक्ष लिलो महतो, रूपेन्द्र महतो, दिपु अकेला ,निर्मल कुमार, भाजपा कार्यकर्ता टेकलाल यादव, राजेश सोनी, सन्तोष कुमार महतो, मधुसूदन प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

# रामगढ़ में मतदान को लेकर युवतियों में उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता

खबर मन्त्र की पहल

### सुकृति,श्रेयसी और श्रुति पहली बार करेंगी मतदान

**नए मतदाता 25 अप्रैल तक सूची में दर्ज करवा सकते हैं नाम : उपायुक्त**

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिससे लोग मतदान के प्रति जागरूक हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा लोगों को मतदान करने की पहल पर दैनिक खबर मन्त्र की ओर से भी लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसका परिणाम सामने आ रहा है और लोग चुनाव में मतदान के लिए उत्सुक दिख रहे हैं। जो युवा पहली बार मतदान करेंगे उनमें अधिक उत्साह है।

इस बार लोकसभा चुनाव में रामगढ़ गोला रोड निवासी सुकृति सिन्हा पहली बार मतदान करेंगी। मतदान को लेकर उन्होंने कहा कि मैं लोकसभा चुनाव में मतदान करूंगी। क्योंकि मतदान करने से हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा इसलिए सभी को मतदान करना चाहिए। जबकि पोचरा निवासी श्रेयसी कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वोट डालेंगी। उन्होंने कहा कि 20 मई को मैं मतदान करूंगी, हमारा लोकतंत्र मजबूत हो और देश आगे बढ़े। पहली बार मतदान करने को लेकर थाना चौक गणक नगर निवासी श्रुति कुमारी ने कहा कि इसको लेकर मैं उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को मतदान करना चाहिए। कहा कि मतदान करने से जहां लोकतंत्र मजबूत होता है वहीं, देश को आगे बढ़ाने में भी इससे मदद मिलती है। जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि किसी व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में किसी कारण से नही जुड़ पाया है वे 25 अप्रैल तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 6 ऑनलाइन तरीके से भरना होगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से यह प्रयास किया जा रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोग मतदान करें। इसको लेकर प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।



सुकृति सिन्हा, श्रेयसी कुमारी और श्रुति कुमारी

## एक नजर में

### इचाक में मतदाता जागरूकता को ले मैराथन दौड़



इचाक। प्रखंड में मतदाता जागरूकता को लेकर लक्ष्य नवयुवक संघ के पहल पर कैरियर स्टडी प्वाइंट के सहभागिता से मैराथन दौड़ हुआ, बीडीओ संतोष कुमार, सीआई लवकेश सिंह, बीपीओ राजीव आनंद, अंचल बडा बाबू ओम प्रकाश, बीपीएम जेएसएलपीएस समेत कई पदाधिकारी, पत्रकार, युवक -युवतियों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया।संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने उपस्थित लोगों को मतदान के प्रति शपथ दिलाया। मैराथन दौड़ परियोजना बालिका उच्च विद्यालय से प्रारंभ होकर खत्री मोहल्ला, कुंजारा मुहल्ला, थाना रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा। इस दौरान बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बीडीओ संतोष कुमार ने लोगों से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का अपील की। उन्होंने कहा कि युवा मतदाता आगे आएं और 18 वर्ष से अधिक उम्र के जिन युवाओं का मतदाता सूची में नाम नहीं है वे आंगनबाड़ी सेविका व बीएलओ से संपर्क कर 23 अप्रैल तक फॉर्म-6 भर कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करायें। मौके पर पत्रकार अरुण खुशबू, रामावतार स्वर्णकार, जीआरएस अशोक राम, इम्तियाज अंसारी, गिरधारी प्रसाद, जेएसएलपीएस के कॉर्डिनेटर अवनीश कुमार,लीलावती कुमारी, राम कुमार, धीरज सोनी, बादल कुमार, करन कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाएं रामोत्सवः वरुण कुमार

**विष्णुगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल , मातृशक्ति प्रखंड इकाई विभिन्न पंचायतों में रामोत्स्व मानने को लेकर प्रभु श्री राम नाम की जय घोस के साथ विभिन्न पंचायतों का भ्रमण किया। जिला विशेष संपर्क प्रमुख नरेंद्र कुमार ने कहा कि प्रभु श्री राम अयोध्या मन्दिर में विराजमान के पश्चात पहली बार रामनवमी पर्व मनाने का सौभाग्य मिला है। श्री रामोत्स्व सभी सनातनी हिन्दू अपने घर, गांव मोहल्लों में हर्षोल्लास के साथ भगवा ध्वज, दीपक जलाकर,रंगोली बनाकर श्री रामोत्सव मनाएं।जिला सह संयोजक वरुण कुमार ने रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं देकर कहा कि मंगला जुलूस, शोभा यात्रा शांतिपूर्वक निकालें,श्री रामोत्स्व उत्साह के साथ स परिवार धूमधाम से मनाएं। रामोत्सव नगर भ्रमण कार्यक्रम में जिला सह संयोजक वरुण कुमार,गौ प्रखंड संयोजक प्रकाश राणा, अविनाश पांडेय, सुरेश कुमार,शंकर वर्णवाल, हेमलाल साव, शंभू साव,अनील कुमार,पवन कुमार, संजय महतो,श्याम सुंदर विश्वकर्मा,सुनील मंडल मनोज शर्मा समेत कई विहिप एवं बजरंगदल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सनराइज पब्लिक+2 उच्च विद्यालय ने मनायी वर्षगांठ



**दारु।** पेटो में सनराइज पब्लिक+2 उच्च विद्यालय में चौथी वार्षिक दिवस मनाया गया। विद्यालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबंधक आशीष राउत, निर्देशक सीमा सिंह, प्रधानाध्यापिका सीता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। प्रबंधक आशीष राउत न पत्रकार, अतिथियों को मोमेंटो देकर और उनका स्वागत किया। अभिभावकों ने विद्यालय की वार्षिक स्थापना दिवस पर विद्यालय प्रबंधन और स्कूली बच्चों. को बधाई देते हुए विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। शिक्षक मनोज कुमार, आशीष कुमार, सौरभ साहा, रिंकू रजक, रामविलाश राउत, सुबोध कुमार, निशांत सिन्हा, कौशल कुमार, निधि स्नेहा, कविता देवी, खुशी सिन्हा, दिव्या कुमारी के साथ बच्चों के अभिभावक और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे।


### विजैया चौक पर मनी अंबेडकर की जयंती



**बरही।** गुड़ियो विजैया चौक पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मनाई। कार्यक्रम में पूर्व जीप प्रतिनिधि सह अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो क्यूम शामिल हुए। सभी लोगों ने डॉ बीआर अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के रूप में देश को सुरक्षा कवच दिया, हम सभी को इस संविधान को बचाने की जरूरत है। कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत को सभी के लिए एक न्यायपूर्ण स्थान बनाने के लिए कड़ी मेहनत की, खासकर उन लोगों के लिए जिनके साथ उनकी जाति के कारण गलत व्यवहार किया जाता था। भारत के संविधान को लिखने में मदद करने जैसे डॉ. अम्बेडकर के विचारों और कार्यों ने दुनिया भर में कई लोगों को प्रेरित किया है। मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ यादव, डपोक पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन दास, महिला नेत्री कांति देवी, बैजनाथ यादव, सुरेश यादव, कार्तिक पासवान, विद्या सागर पासवान, रामकिशन ठाकुर सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हिन्दू तन, मन... जीवन से चर्च तक लव जिहाद, मुद्दा गंभीर है !

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**




**फिल्म** 'द केरल स्टोरी' एक बार फिर चर्चा में है। किंतु इस बार इसके चर्चा में आने का कारण बना है चर्च । यह फिल्म इडुक्की डायोसीज चर्च में कक्षा 10, 11 और 12 की छात्राओं के लिए प्रदर्शित की गई। चर्च ने 'लव जिहाद' के खतरों पर प्रकाश डालते हुए ₹प्यार₹ पर एक पुस्तिका भी जारी की। केरल में कई ईसाई धर्मगुरु राज्य में ईसाई लड़कियों के इस्लाम में धर्मान्तरण का मुद्दा लगातार उठा रहे हैं और सरकार से मांग कर रहे हैं कि इस पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाए। वास्तव में फिल्म को चर्च में ईसाई लड़कियों को दिखाया जाना कोई सामान्य बात नहीं है। कहना होगा कि कहीं कुछ हो रहा है, जो बहुत ही अनुचित है। चिंता में डालता है। भविष्य को लेकर भयाक्रांत करता है। अपने समाज अस्तित्व को बनाए रखने के लिए संघर्ष और जागरुकता के लिए प्रेरित करता है।

दरअसल, ह्यलव जिहादह्न यह शब्द जब पहली बार प्रचलन में आया तो सेक्युलर जमात ने इसका मजाक बनाने में जरा भी देरी नहीं की थी । इसे मिथ्या और एक वर्ग विशेष के प्रति दुर्भावना रखने के कारण से पैदा हुए शब्द के रूप में प्रचारित किया । कहा गया, मुसलमान और इस्लाम को बदनाम करने के लिए भारत में कट्टर हिन्दुओं ने यह शब्द गढ़ा है, ह्यलव जिहादह्न जैसा कहीं कुछ भी नहीं होता। कोई मुसलमान ह्यलव जिहादह्न नहीं करता। किंतु इस ह्यलव जिहादह्न की सच्चाई यह है कि इस शब्द की उत्पत्ति किसी हिन्दू मन की उपज नहीं है।

वर्ष 2003 और 2004 में इग्लैंड समेत तमाम यूरोपीय देशों में इस बात को लेकर विवाद की शुरूआत हुई कि मुस्लिम युवा वहां की ईसाई लड़कियों को बहला-फुसलाकर न केवल काबू में कर रहे हैं, बल्कि उनको इस्लाम कबूलने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उसी समय सबसे पहले इस्लाम के इस क्रूर चेहरे को लव जिहाद का नाम दिया गया। वहीं, भारत में 14 साल पहले ह्यलव जिहादह्न शब्द का पहली बार इस्तेमाल हुआ, जब केरल कैथलिक बिशप काउंसिल ने दावा किया था कि लगभग 4,500 लड़कियों को लव जिहाद का निशाना बनाया गया है। इसी दौरान हिन्दू जनजागृति संगठन का भी आरोप सामने आया था कि केरल में 30,000 लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन किया गया है। ध्यान रहे, यह आंकड़ा केरल राज्य का है, वह भी चौदह वर्ष पहले का।

पहली बार 2009 में यह शब्द प्रचलन में तब आया जब इसको लेकर केरल के तत्कालीन मार्क्सवादी मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन ने कहा कि समूचे केरल के इस्लामीकरण की साजिश चल रही है। यहां सुनियोजित तरीके से हिन्दू और ईसाई लड़कियों के साथ मुस्लिम लड़कों के निकाह कराने का षड्यंत्र चलाया जा रहा है। तत्पश्चात तत्कालीन जस्टिस केटी शंकरन ने भी माना था कि केरल के कुछ हिस्सों में जबरन धर्म परिवर्तन के मामले मिले हैं। केरल उच्च न्यायालय ने 'प्यार' की आड़ में 'जबरन' धर्म परिवर्तन के संकेत पाए जाने पर सरकार से ऐसे 'भ्रामक' कृत्यों पर रोक लगाने के लिए कानून बनाने पर विचार करने को कहा । न्यायालय का कहना था कि "प्यार के बहाने कोई बाध्यकारी, भ्रामक धर्म परिवर्तन नहीं हो सकता।"

इस वक्त पुलिस रिपोर्ट में यह सामने आया कि ₹कुछ संगठन₹ अन्य धर्म की लड़कियों को इस्लाम में परिवर्तित करने का 'ठोस' प्रयास करते पाए गए। । पुलिस की विशेष शाखा की रिपोर्ट के अनुसार, मुस्लिम संगठन अपनी ह्यलव जिहादह्न की योजना को पूर्ण करने के लिए अच्छे परिवारों की प्रतिभाशाली उच्च जाति की हिन्दू और ईसाई लड़कियों को 'फंसाने' का काम करते हैं । साक्ष्य के आधार पर अदालत ने पाया कि यह षड्यंत्र 1996 में कुछ मुस्लिम संगठनों के द्वारा शुरू किया गया था। न्यायालय ने जिन संगठनों की ओर इशारा किया था, उनके बारे में जानने पर सामने आया कि पापुलर फ्रंट आफ इंडिया और नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट जैसे इस्लामिक संगठन इस कार्य में लगे थे। इनकी गतिविधियों और राज्य में जबरन मतांतरण को लेकर यहां के ईसाई संगठनों और विश्व हिंदू परिषद ने गंभीर चिंता जताई थी। लेकिन तत्कालीन वामपंथी सरकार ने इसे जरा भी गंभीरता से नहीं लिया।

वस्तुतः समय बीतने के साथ कई वर्ष आज बीत चुके हैं, न्यायालय ने जो कहा, वह अपनी जगह है, लेकिन ह्यलव जिहादह्न का सच आज भी वही है, जोकि 14 साल पहले केरल में था। आज केरल ही क्यों भारत के हर राज्य में ह्यलव जिहादह्न से जुड़े अनेकों प्रकरण सामने आ रहे हैं। जब पर्दे पर ₹द केरल स्टोरी₹ फिल्म आई तब देश के कई राज्यों में पीड़िताएं अपने साथ हुए अत्याचार की कहानी बताने सामने आईं । कुछ ने हिम्मत दिखाकर पुलिस प्रकरण भी दर्ज कराए, जिसके बाद देश भर में बड़ी संख्या में लोगों ने यह स्वीकार्य किया कि हां, यह ह्यलव जिहादह्न ही है जो गैर मुस्लिम लड़कियों को अपना शिकार बना रहा है।

इस फिल्म के आने के साथ ही यह चर्चा भी शुरू हो गई कि इस्लामी धर्मांतरण और आतंकवाद के तमाम चेहरे पूरी दुनिया के सामने हैं। उनमें जो सबसे लेटेस्ट है वह है ह्यलव जिहादह्न। इन सभी का एक ही उद्देश्य कि है पूरी दुनिया को ह्यदारुल इस्लामह्न बना दिया जाए । (इस्लाम में मुस्लिम शासन वाले देश को ह्यदारुल इस्लामह्न और गैर मुस्लिम शासन वाले देश को ह्यदारुल हर्बह्न कहा गया है। कट्टरपंथी मुस्लिम मानते हैं कि भारत में शासन करने के लिए पर्याप्त मुस्लिम हैं, इसलिए इस देश को ह्यदारुल इस्लामह्न होना चाहिए) ।

यही कारण है कि कहीं 2050 तक भारत को ह्यदारुल इस्लामह्न बना देने की योजना बनती है तो कहीं आज ही इसे ह्यदारुल इस्लामह्न बना दिया जाए इसके लिए षड्यंत्र रचे जाते हैं। इसलिए अपनी जनसंख्या बढ़ाने के लिए हर हथकंडे के तहत कहीं बम,बंदूक, तलवार के सहारे धर्मांतरण किया जा रहा है तो कहीं अन्य धर्मों की मान्यताओं के प्रति नफरत भर, उनका मजाक बनाकर भ्रम पैदा करते हुए कन्वर्जन किया जा रहा है । इसमें कहीं, धर्मांतरण करने के लिए ये इस्लामिक लोग ह्यलव जिहादह्न का सहारा ले रहे हैं। वस्तुतः आज इससे जुड़ी कहानियां अनेक हैं।

कहना होगा कि इस्लाम से जुड़े कुछ शरारती तत्वों के दिमाग से उपजे इस विचार का आतंक कितना भयंकर है, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि सिर्फ हिन्दू तन, मन, जीवन ही नहीं ईसाईयत भी इससे आज अपने पर भारी संकट अनुभव कर रही है। चर्च चिंतित है कि कहीं यह इस्लामिक ह्यलव जिहादह्न उनके अस्तित्व को ही न निगल ले। यह बेहद गम्भीर विषय है। हिन्दू, ईसाई क्या, कई संस्कृतियों के अस्तित्व के लिए ह्यलव जिहादह्न बहुत बड़ा संकट है। आज लगातार देश भर से सामने आ रहे इस तरह के मामले यह सिद्ध कर रहे हैं कि इस्लाम को माननेवाले मुसलमानों में शरारती तत्वों ने ह्यलव जिहादह्न को ह्यदारुल इस्लामह्न के लिए अपना हथियार बना लिया है। जबकि भारतीय संविधान इस तरह के किसी भी जिहाद को करने की अनुमति नहीं देता। भारत सभी मत, पंथ, संप्रदाय, धर्म, मजहब, रिलिजन के सह अस्तित्व को बराबर से स्वीकार्य करता है, ऐसे में इस्लाम की यह अतिवादिता एक अपराध है, जिसे तुरंत रोका जाना चाहिए । सच्चे प्रेम के लिए नाम बदलने या किसी षड्यंत्र को करने की जरूरत नहीं पड़ती है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## सुगंध के साथ मौसमी बीमारियों में राहत

**संध्या सिंह**



**हर मौसम** की अपनी सेहत संबंधी समस्याएं होती हैं। गर्मी का मौसम भी हमारे लिए कई तरह की ऐसी समस्याएं लेकर आता है। ज्यादा गर्मी में हीट क्रैम्प, थकावट, लू लगना व शरीर में पानी की कमी, फूड पॉयजनिंग, घमौरियों, चिकनपॉक्स, डायरिया और हैजा जैसी समस्याएं खूब सताती हैं। इस मौसम में पुदीना एक ऐसी कारगर हर्ब है, जो गर्मियों में होने वाली सेहत संबंधी ज्यादातर परेशानियों से हमें राहत दिलाती है। इसीलिए पुदीना को गर्मियों की महौषधि कहते हैं। पुदीना गर्मियों की ज्यादातर परेशानियों से हमें राहत दिलाता है। लू लग जाने पर, फूड पॉयजनिंग होने की स्थिति में, त्वचा के रूखी हो जाने पर, गर्मियों में शरीर में पानी की कमी होने की स्थिति में, जी मितलाने जैसी तमाम गर्मी संबंधी समस्याओं में पुदीना हमें तात्कालिक राहत देता है।

**जड़ से लेकर कौंपल तक काम का**

पुदीने के साथ एक अच्छी बात यह भी होती है कि इस जड़ी-बूटी का हर हिस्सा काम का यानी औषधीय होता है। चाहे ये इसकी पत्तियां हों, तना हो, टहनियां हों, जड़ें हों या कोई भी हिस्सा, पुदीना पूरी तरह से हमें गर्मियों की परेशानियों में राहत देता है। दूसरी बेहतर बात यह भी होती है कि पुदीने में भरपूर औषधीय और पोषक तत्व पाये जाते हैं, साथ ही इसकी सुगंध भी हर किसी को पसंद आती है। बहुत कम ही लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें पुदीने की सुगंध से एलर्जी होती है। पुदीना वास्तव में गर्मी के दिनों में शरीर में पानी कम हो जाने के स्थिति में तो कई तरह से फायदेमंद होता ही है, यह हमारी त्वचा को चमकदार और आकर्षक बनाता है। मुंह में किसी भी तरह के छालों या संक्रमण को रोकता है, इसलिए हर्बल एक्सपर्ट गर्मी के मौसम में हर किसी को पुदीना खाने की सलाह देते हैं।

**इम्यूनिटी बढ़ाये और दुर्गंध भगाये**

पुदीना एक अद्भुत हर्ब है। अगर आप गर्मियों में हर दिन सुबह या शाम दो गिलास पुदीने का पानी या पुदीने का शरबत पी लें , और अगर डायबिटीज नहीं है, तो गर्मी से होने वाली ज्यादातर परेशानियां खत्म हो जाती हैं। गर्मियों में पुदीने के इस्तेमाल का एक फायदा यह होता है कि हमारे मुंह से बदबू और पसीने से दुर्गंध नहीं आती। यह हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करता है।


**धूप व गर्मी में इस्तेमाल**

धूप लगने से होने वाली ज्यादातर परेशानियों का यह तात्कालिक निदान देता है। अगर गर्मियों में पुदीने की पत्तियों को पीसकर 20 से 25 मिनट तक चेहरे में इसका लेप लगा लें, तो पूरे दिन ही नहीं बल्कि कई दिनों तक चेहरा तरोताजा बना रहता है वरना इस मौसम में त्वचा बिल्कुल ढीली, मुरझायी और अजीब सी हो जाती है। गर्मियों में थकान महसूस होने पर पुदीने का पानी पी लें, इसे पीते ही तुरंत थकान दूर होती है।

**पाचन में मददगार औषधि**

गर्मियों में अकसर अपच की समस्या हो जाती है ऐसे में पुदीना बहुत राहत देता है। क्योंकि पुदीने में एंटीऑक्सीडेंट होता है, इसलिए यह हमारे पाचन को मिनटों में दुरुस्त कर देता है। पुदीना हमें इस मौसम में एलर्जी और अस्थमा से भी राहत देता है। अगर बलगम श्वासनली में फंसा हुआ है तो पुदीना इसे निकालने में मदद करता है। पुदीने में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटी माइक्रोबियल गुण भी होते हैं, इसलिए यह हमारे इम्यून सिस्टम को दुरुस्त रखता है।

## गुमनाम सी हो गयी अदाकारा आलिया भट्ट



**पहले** शादी, फिर बेटी का आगमन-अभिनेत्री आलिया भट्ट के जीवन में खुशी और व्यस्तता की ये दो खास वजहें हैं। वहीं इसका एक पक्ष कैरियर में ठहराव भी है। यूं तो शादी के बाद यह दौर हरेक अदाकारा के जीवन में आता है। शायद ही कोई फिल्म उनके हाथ में हो। घर-गृहस्थी में रमी, खामोश सी हैं लेकिन फिर सक्रिय होने का इरादा भी है। यानी नजर कैरियर की दिशा पर भी है।

यह एक कटु सच है कि इस समय आलिया भट्ट अपने कैरियर के मद्धम गति के दौर से गुजर रही है। वैसे भी ज्यादातर आलोचक मानते हैं कि बॉलीवुड में आलिया भट्ट का वह रुतबा अब शायद ही वापस लौटे। आलिया अब एक बेटी की मां भी हैं। वैसे शादी के बाद हीरोइन की स्थिति हमेशा बदलती है। मगर आलिया को कैरियर के मामले में झटका कुछ जोरदार ही लगा है। खास तौर से अपनी फिल्म ह्यरॉकी और रानी की प्रेम कहानीह्न के बाद वह इस समय लगभग घर पर बैठ चुकी हैं। उनकी ताजा गतिविधियों पर एक नजर-

**फिल्मी पारी का हाल**

हम इस सच को झुठला नहीं सकते हैं कि बॉलीवुड हीरोइन के मामले में काफी तंगहाली के दौर से गुजर रहा है। जहां कंगना अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत कर चुकी हैं,वही दीपिका का चार्म भी अब ऐसा नहीं रहा है। बॉलीवुड की नई क्रेज कियारा आडवाणी की फिल्मी पारी भी कोई खास रफ्तार नहीं ले पा रही है। विडंबना देखिए कि तमाम सरपरस्ती के बावजूद आलिया भट्ट के दस साल का फिल्मी ग्राफ भी एकदम नीचे आ चुका है। अमेरिकन फिल्म ह्यहार्ट ऑफ स्टोन के अलावा उनके पास शायद ही कोई फिल्म हो। अब यह दीगर बात है कि बतौर प्रोड्यूसर उनकी फिल्म जिगरा की शुटिंग शुरू हुई है। इससे अलावा कुछ भी नहीं।

वैसे रणबीर कपूर से अफेयर के बाद से ही आलिया के कैरियर में ठहराव आ गया था। उसके बाद शादी, और फिर बेटी के आगमन के चलते आलिया ने अपने कैरियर की लगाम काफी ढीली छोड़ दी।

# और भी 'जलियांवाला बाग नरसंहार' हैं भारत में

**रमेश शर्मा**



**जलियांवाला** बाग नरसंहार को 13 अप्रैल को एक सौ चार वर्ष हो जाएंगे । 13 अप्रैल 1919 को जनरल डायर ने वैशाख उत्सव के लिए एकत्रित भीड़ और सैकड़ों निर्दोष नागरिकों पर गोलियां चलाने का आदेश दिया था । इसमें तीन सौ से अधिक लोगों का बलिदान हुआ और डेढ़ हजार से अधिक लोग घायल हुए थे । इनमें से भी अनेक लोगों ने बाद में प्राण त्यागे । ये सब संख्या जोड़े तो मरने वालों के आंकड़ा आठ सौ के पार हो जाता है। भारत में सामूहिक नरसंहार का एक लंबा इतिहास है । अंग्रेजों से पहले भी सामूहिक नरसंहार हुए । हर आक्रांता ने नरसंहार किए हैं। भारत पर विदेशी आक्रमण और विदेशी हमलावरों द्वारा लूट और अपनी सत्ता स्थापित करने के लिए यह खूनी खेल लगभग बारह सौ वर्ष तक चला । शायद ही कोई ऐसा दिन गया हो जब भारत की धरती अपने ही बेटों के रक्त से लाल न हुई हो । सैकड़ों घटनाओं का जिक्र तक नहीं है । जिनका है उनका एक दो पंक्तियों में मिलता है । यदि सभी सामूहिक नरसंहार की गणना की जाए तो लिखने के लिए पन्ने कम पडेंगे।

अंग्रेजों द्वारा भारत में किया गया यह नरसंहार भी पहला या अंतिम नहीं है । अंग्रेजीराज में भी विभिन्न स्थानों पर ऐसे सामूहिक नरसंहार किए जाने की घटनाएं भी पचास से अधिक हैं। इनमें हजारों लोगों का बलिदान हुआ । लेकिन जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार भारतीय इतिहास में एक नया मोड़ लेकर आया । उसके बाद भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संघर्ष में तेजी आई । यह तेजी दोंनो प्रकार के आंदोलन में देखी गई । अहिंसक और आलोचनात्मक संघर्ष में भी और सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन में भी । जलियांवाला बाग सामूहिक नरसंहार के बाद मानों भारतीयों की सहनशक्ति जबाब दे गई थी । यह ठीक वैसा ही है जैसे जल से भरा हुआ प्याला एक बूंद पानी भी पचा नहीं पाता । एक अतिरिक्त बूंद और आने पर छलक उठता है। भीतर का पानी भी बाहर फेंकने लगता है। इससे पहले भी ऐसी घटनाएं स्वतंत्रता या स्वाभिमान संघर्ष के लिये निमित्त बनी हैं । 1857 में भी यही हुआ था । प्लासी का युद्ध जीतकर ही अंग्रेजों ने भारत में दमन चक्र चलाना आरंभ कर दिया था । जो 1803 में दिल्ली पर कब्जा करने के बाद बहुत तेज हुआ ।

किंतु 1857 में मंगल पांडे के बलिदान के बाद भारत में क्रांति की ज्वाला धधक उठी और पूरे देश में अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष का आरंभ हो गया । बलिदानी मंगल पांडे का प्रतिकार ही 1857 की क्रान्ति का मूल बनी। इतिहास की वही पुनरावृत्ति जलियांवाला बाग कांड के बाद हुई । उस दिन जलियांवाला बाग में लोग किसी संघर्ष के लिये एकत्र नहीं हुए थे । वैशाखी मनाने एकत्र हुए थे । यदि संघर्ष के लिए एकत्र होते तो महिलाओं और बच्चों को भी साथ क्यों ले जाते । हां, यह बात अवश्य है कि वे अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक थे । वहां एकत्र समूह संस्कृति और परंपरा निर्वहन के संकल्प के साथ ही वहां एकत्र हुए थे । लेकिन अंग्रेजी फौज ने चारों ओर से घेर लिया और अंधाधुंध फायरिंग आरंभ कर दी । इस कांड के प्रतिशोध के लिए सैकड़ों युवाओं ने संकल्प लिया किंतु सफलता क्रांतिकारी ऊधमसिंह को मिली । उन्होंने लंदन जाकर जनरल डायर को मौत की नींद सुला दिया । इस कांड पर अंग्रेजों को खेद जताने में सौ साल लगे । 2019 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने पहली बार खेद जताया ।

इससे पहले अंग्रेजों ने इस घटना और इस तरह की तमाम घटनाओं को कभी गंभीरता से न लिया था । वे हर नरसंहार का औचित्य प्रमाणित करते रहे । अंग्रेजों या यूरोपियन्स ने ऐसे नरसंहार केवल भारत में ही नहीं किए हैं । पूरी दुनिया में किए हैं । इसका कारण यह है कि वे इस प्रकार के सामूहिक नरसंहार करने के आदी रहे हैं । मध्य एशिया से लेकर यूरोप तक के लोग जिन भी देशों में भी गए, उन देशों में जाकर अपनी सत्ता स्थापित करने या स्थापित सत्ता को सशक्त करने के लिये नरसंहार ही किए हैं । ऐसा कोई देश अपवाद नहीं । अमेरिका और अफ्रीका में अंग्रेजों के ऐसे नरसंहार किए जाने की घटनाओं से भी इतिहास भरा है । अंग्रेज ही नहीं अन्य यूरोपियन्स समूहों द्वारा भी सामूहिक नरसंहार करना सामान्य बात है । भला यूरोप का ऐसा कौन सा देश है जहां यहूदियों का सामूहिक नरसंहार न हुआ हो । लाखों यहूदियों का तड़पा-तड़पा कर प्राणांत किया गया । केवल भारत है, भारत की सनातन परंपरा है। इन्हीं लोगों ने विश्व बंधुत्व, परोपकार, सेवा और मानवीय मूल्यों की स्थापना की बात की । भारतीय जन जब गए, जहां गए, दुनिया के जिस कोने में गए, शांति का संदेश लेकर ही गए । न तो सत्ता हथियाने के षडयंत्र चलाये और न लूट बलात्कार किए । यदि हम इतिहास की घटनाओं का विश्लेषण करें तो हम पायेंगे कि सनातन परंपरा का अनुपालन करने वाले भारतीयों के अतिरिक्त अन्य सभी समूहों द्वारा की गई प्रेम, शांति और भाईचारे की बातें मानो बनावटी रहीं, दिखावा रहीं । वे सेवा शांति की बात करके अपने निश्चित अभियान में सदैव लगे रहे ।ऐसा आज की दुनिया में भी देख सकते हैं । लेकिन भारतीय सदैव इससे अलग रहे । वैदिक आर्यो से लेकर स्वामी विवेकानंद तक जो जहां गया, सबसे जीवन का संदेश ही दिया । पूरे विश्व को अपना कुटुम्ब माना और प्रकृति से जुड़कर सह अस्तित्व के साथ जीने की शिक्षा दी । आज के आधुनिक युग में भी यदि भारतीय बच्चे कहीं जा रहे हैं तो सेवा के लिए जा रहे हैं । आज की दुनिया में भला ऐसा कौन सा ऐसा संस्थान है जो भारतीयों की सेवा से पुष्पित और पल्लवित न हो रहा हो । सुविख्यात वैज्ञानिक संस्थान नासा से लेकर बिल गेट्स के औद्योगिक समूह तक सबकी नींव में भारतीय हैं । लेकिन अन्य का चरित्र और संस्कार ऐसे नहीं हैं । उनका आरंभिक स्वरूप, बातचीत और व्यवहार भले ही कैसा हो पर बहुत शीघ्र वे शोषण और दमन पर उतर आते हैं । भारत में लगभग सभी विदेशी आगन्तुकों ने ऐसा ही किया । यदि उनके विचारक पहले समूह बनाकर आए तो भी वे भूमिका के लिए आये थे । जो बाद के हमलावरों के आने पर स्पष्ट हुआ। अंग्रेजों ने भी यही शैली अपनाई । अंग्रेजों ने सबसे पहले विचारक भेजे, दक्षिण भारत में चर्च बनाया, दूसरे क्रम पर व्यापार की बात हुई और अंततः सत्ता शोषण और दमन का आरंभ । यही है अंग्रेजों का इतिहास ।

अंग्रेजों ने जो आरंभ सबसे दक्षिण भारत से किया, वही शैली उन्होंने पूरे भारत में अपनाई । पहले चर्च, फिर व्यापार। फिर सेना । भारत के मध्य भाग के शासकों की हो या दिल्ली के दरबार की सब जगह एक ही शैली । दिल्ली और पंजाब पर कब्जा करने में अंग्रेजों को लगभग पौने दो सौ साल लगे । मुगल दरबार में अंग्रेजों की आमद 1600 के बाद आरंभ हुई और 1803 में दिल्ली पर अधिकार कर लिया । उनका चौथा चरण सामूहिक दमन नरसंहार और लूट का ही रहा है । जलियांवाला बाग की भांति ही अंग्रेजों द्वारा सामूहिक दमन और नरसंहार से भारत का हर कोना रक्त रंजित है । अंग्रेजों ने एक दर्जन से अधिक नरसंहार तो केवल वनवासी क्षेत्रों में किए थे। कौन भूल सकता है गुजरात के सांवरकाठा कांड को ।

अंग्रेजों ने वनवासियों को समस्या सुनने के बहाने एकत्र किया और गोलियों से भून दिया। इस कांड में भी सैकड़ों वनवासी बलिदान हुए । शव उठाने वाला भी कोई न बचा था । मध्य प्रदेश में सिवनी जिले से लेकर नर्मदापुरम तक की पूरी वनवासी पट्टी पर कितना रक्त बहा, कोई देखने वाला तक नहीं। झारखंड में बिहार में क्रूरता और बर्बरता से हुए इन नरसंहारो के विवरण भरे पड़े हैं । जो स्वयं अंग्रेज अधिकारियों ने अपनी डायरियों के पन्नों पर लिखे हैं। 1822 में नागपुर के राजा द्वारा परिवार सहित वन में चले जाने की घटना से अंग्रेज इतने बौखलाये कि नागपुर से लगे पूरे मध्य प्रांत में गांव के गांव जलाए गए, सामूहिक नरसंहार किए । तब मध्य प्रदेश का महाकौशल भी इसी मध्य प्रांत का एक हिस्सा था ।

इस पर स्वयं नागपुर के अंग्रेज रेजीडेन्ट ने इस प्रकार गांव जलाने और सामूहिक नरसंहार को अनुचित बताया था । 1857 की क्रान्ति की विफलता और अंग्रेजों ने अपनी जीत के बाद तो मानो सामूहिक नरसंहार का अभियान ही चला दिया था सभी क्रांतिस्थलों पर जो सामूहिक नरसंहार किए । इनमें लखनऊ, कानपुर, कालपी, झांसी, इंदौर, गोडवाना, भोपाल में गढ़ी अम्बापानी की घटनाएं इतिहास में दर्ज हैं । इसी प्रकार दिल्ली पर दोबारा अधिकार करने के बाद अंग्रेजों ने दिल्ली के आसपास पूरी जाट पट्टी में लाशों के ढेर लगा दिए थे । उनका विवरण पढ़ कर रोंगटे खड़े होते हैं । कानपुर में सामूहिक नरसंहार करने के लिए अंग्रेजों ने सत्ती चौरा कांड का बहाना लिया । सत्ती चौरा कांड का विवरण अंग्रेजों द्वारा कूटरचित है ।

भारतीय क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों का कोई नरसंहार नहीं किया था । कानपुर में क्रांतिकारियों की सफलता के बाद सत्ती चौरा में अंग्रेज समूह एकत्र हो गया था । यह समूह क्रांतिकारियों से घिरा हुआ था । लेकिन क्रांतिकारियों ने किसी को क्षति नहीं पहुंचाई । नाना साहब पेशवा ने अंग्रेज स्त्री बच्चों, पादरियों सहित सभी सामान्य नागरिकों को जाने दिया । उन्हें सुरक्षा देकर रवाना कर दिया था । वहां जो अंग्रेज मरे ये सभी सैनिक थे और वे थे जिन्होंने आत्मसमर्पण नहीं किया था । लेकिन अंग्रेजों ने इस घटना को नरसंहार करार दिया । और जब दूसरा दौर आया, अंग्रेजों की अतिरिक्त कुमुक आई । कानपुर पर अंग्रेजों का दोबारा अधिकार हुआ तब उन्होंने किया था सामूहिक नरसंहार । इस नरसंहार में न केवल क्रांतिकारियों की ढूंढ-ढूंढ कर हत्या की अपितु उन गांवो में भी सामूहिक नरसंहार किए जिन गांव वालों ने क्रांतिकारियों को छिपने के लिए सहायता की थी । देश भर ऐसे वीभत्स दृश्य उपस्थित हुए जो मानवता को भी शर्मशार करने वाले हैं ।

1857 में नरसंहार की इन सभी घटनाओं में एक बात सभी स्थानों पर दोहराई गई । वह यह कि अंग्रेजी सेना ने पहले घेरकर क्रांतिकारियों से हथियार डालने को कहा, यह आश्वासन भी दिया कि यदि हथियार डाल कर समर्पण कर दोगे तो माफी दे दी जाएगी । तोप के मुहानों पर, चारों तरफ से घिरे क्रांतिकारी जो भोजन की सामग्री की तंगी तक से जूझ रहे थे, के सामने हथियार डालने के अतिरिक्त कोई रास्ता भी नहीं था । उन्होंने शस्त्र रख दिए लेकिन जैसे ही क्रांतिकारियों ने हथियार डाले उनके शरीरों को गोलियों से छलनी कर दिया गया । यह कहानी हर जगह दोहराई गई । यह भारतीय मानस का भोलापन है कि वे बार-बार धोखा खाते हैं । दूसरे पर जल्दी विश्वास कर लेते हैं । भारत की परतंत्रता की बुनियाद में दो ही बातें हैं । एक भारतीयों का भोलापन, और दूसरे विदेशियों का कुटिल विश्वासघात । जब हम अतीत की किसी भी बड़ी घटना का स्मरण करते हैं तो परिदृश्य में ये बातें ही उभरकर सामने आतीं हैं । जलियांवाला बाग के सामूहिक नरसंहार की स्मृति आते ही क्रांतिकारी ऊधम सिंह का बलिदान गर्व से सीना चौड़ा कर देता है ।यह सबक जलियांवाला बाग में बलिदान हुए देशवासियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

# लखनऊ नहीं रोक पाया सॉल्ट का तूफान
## कोलकाता ने आइपीएल इतिहास में पहली बार लखनऊ को हराया

एजेंसी

**कोलकाता।** धारदार गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के धाकड़ प्रदर्शन की मदद से कोलकाता नाइटराइडर्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स पर एकतरफा जीत हासिल की। ईडन गार्डंस स्टेडियम में सुपर संडे के पहले मुकाबले में केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए लखनऊ को सिर्फ 161 रन पर रोक दिया और फिर 26 गेंद पहले आठ विकेट रहते आसानी से मैच अपने नाम किया। यह सीजन के छह मैच में केकेआर की पांच मैच में चौथी जीत है। दूसरी ओर लखनऊ को छह मैच में तीसरी जीत झेलनी पड़ी। केकेआर के लिए मैच पहले मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट झटके तो बाद में ओपनर फिल साल्ट ने 47 गेंद में 89 रन की नाबाद मैच विनिंग पारी खेली। फिल साल्ट को कप्तान श्रेयस अय्यर का बखूबी साथ मिला, जिन्होंने 38 गेंद में 38 रन बनाते हुए एंकर का रोल बखूबी प्ले किया।



**केकेआर के लिए सॉल्ट रहे हीरो**

इस सीजन में कोलकाता नाइटराइडर्स के ओपनर्स अलग ही रंग में नजर आ रहे हैं। सुनील नरेन और फिल सॉल्ट मिलकर लगभग हर मैच में रंग जमा रहे हैं। आज सुनील नरेन छह गेंद में सिर्फ छह रन बनाकर आउट हो गए तो फिल सॉल्ट ने मोर्चा संभाला, उन्होंने लगभग हर गेंदबाज की बराबर पिटाई की। 47 गेंद में 89 रन की पारी खेलते हुए विनिंग बाउंड्री लगाकर टीम को जीत दिलाई। 189.36 स्ट्राइक रेट की इनिंग में उनके बल्ले से 14 चौके तीन छक्के निकले।

**लखनऊ की बॉलिंग पटरी से उतरी**

गाबा टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच विनिंग स्पैल फेंकने वाले कैरेबियाई पेसर शेमार जोसफ इस मैच से अपना आइपीएल डेब्यू कर रहे थे, लेकिन पहले ही मैच में उनकी बेदम पिटाई हो गई। अपने चार ओवर के कोटा में 11.75 की इकॉनमी से 47 रन लुटा दिए। लखनऊ के लिए मोहसिन खान सबसे सफल गेंदबाज रहे, दोनों विकेट उन्होंने ही लिए, उनके अलावा सारे गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। लखनऊ ने इस मुकाबले में 21 रन एक्सट्रा लुटाए, ये रन बचने चाहिए थे।

**फिर बैटिंग भी सुपर फ्लॉप**

एलएसजी की टीम इस मैच में स्थानीय दिग्गज फुटबॉल क्लब मोहन बागान सुपरजायंट्स की ऐतिहासिक लाल और हरे रंग की जर्सी में मैदान में उतरी। लखनऊ के लिए सिर्फ निकोलस पूरन (32 गेंद में 45 रन) और कप्तान लोकेश राहुल (27 गेंद में 39 रन) ही चल पाए। पूरन ने आखिरी ओवर्स में चार छक्के और दो चौके लगाए, जिससे एलएसजी ने 160 रन के आंकड़े को पार किया। राहुल ने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए। पिछले मैच में अर्धशतक लगाने वाले आयुष बडोनी ने 27 गेंद में दो चौके और एक छक्का की मदद से 29 रन बनाए। इन तीनों के अलावा टीम का कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े को पार नहीं कर पाया। केकेआर के लिए मिचेल स्टार्क ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि सुनील नरेन ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर एक विकेट लिया। वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसेल को भी एक-एक सफलता मिली।

### लखनऊ 161/7 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| डीकॉक कै. नरेन बो. अरोड़ा | 10 | 08 | 02 | 00 |
| राहुल कै. सिंह बो. रसेल | 39 | 27 | 03 | 02 |
| हूडा कै. सिंह बो. स्टार्क | 08 | 10 | 01 | 00 |
| बदोनी कै. रघुवंशी बो. नरेन | 29 | 27 | 02 | 01 |
| स्टोइनिस कै. साल्ट बो. चक्रवर्ती | 10 | 05 | 02 | 00 |
| पूरन कै. साल्ट बो. स्टार्क | 45 | 32 | 02 | 04 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 07 | 08 | 00 | 00 |
| अरशद बो. स्टार्क | 05 | 04 | 01 | 00 |

**अतिरिक्त** :08

**विकेट पतन** : 19-1, 39-2, 78-3, 95-4, 111-5, 155-6, 161-7.

**गेंदबाज** :मिचेल स्टार्क : 4-0-28-3, वैभव अरोड़ा : 3-0-34-1, हर्षित राणा : 4-0-35-0, सुनील नरेन : 4-0-17-1, वरुण चक्रवर्ती : 4-0-30-1, आंद्रे रसेल : 1-0-16-1.

### कोलकाता 162/2 (15.4 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| फिलिप साल्ट नाबाद | 89 | 47 | 14 | 03 |
| नरेन कै. स्टोइनिस बो. मोहसिन | 06 | 06 | 01 | 00 |
| रघुवंशी कै. राहुल बो. मोहसिन | 07 | 06 | 00 | 01 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 38 | 38 | 06 | 00 |

**अतिरिक्त** : 22

**विकेट पतन** : 22-1, 42-2.

**गेंदबाज** :शमर जोसेफ : 4-0-47-0, मोहसिन खान : 4-0-29-2, क्रुणाल पंड्या : 1-0-14-0, यश ठाकुर : 2-0-25-0, अरशद खान : 2-0-24-0, रवि बिश्नोई : 2.4-0-17-0.

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 06 | 05 | 01 | 00 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 05 | 04 | 01 | 00 | 08 | +1.688 |
| चेन्नई | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +0.726 |
| हैदराबाद | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.344 |
| लखनऊ | 06 | 03 | 03 | 00 | 06 | +0.038 |
| गुजरात | 06 | 03 | 03 | 00 | 06 | -0.637 |
| पंजाब | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -0.218 |
| मुंबई | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -0.234 |
| दिल्ली | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 06 | 01 | 05 | 00 | 02 | -1.124 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 319 |
| रियान | राजस्थान | 284 |
| सैमसन | राजस्थान | 264 |
| रोहित | मुंबई | 261 |
| गिल | गुजरात | 255 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| चहल | राजस्थान | 11 |
| बुमराह | मुंबई | 10 |
| मुस्तफिजुर | चेन्नई | 10 |
| रबाडा | दिल्ली | 09 |
| खलील | दिल्ली | 09 |

## दूसरी जीत की तलाश में हैदराबाद से भिड़ेंगा बेंगलुरु




**बेंगलुरु।** आइपीएल 2024 के 30वें मैच में सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस सत्र में हैदराबाद सनराइजर्स को हराकर अपनी दूसरी जीत हासिल करने के लिए मैदान में उतरेगा। सितारों से सजी बेंगलुरु की टीम को इस सत्र की अपनी दूसरी जीत के लिए विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक के बल्लेबाजी में कमाल के साथ उसके गेंदबाजों को भी अपनी धारा दिखानी होगी।

## रोहित के लिए जान की बाजी लगा दूंगी : जिंटा

मुल्लांपुर। मुल्लांपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में पंजाब किंग्स को एक बार फिर से हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में अगले साल होने वाली आइपीएल मेगा ऑक्शन को लेकर पंजाब किंग्स की सहमालकिन प्रिटी जिंटा का एक बयान चर्चा में आ गया है। प्रिटी ने साफ तौर पर रोहित शर्मा को अपनी टीम का कप्तान बनाने की इच्छा जाहिर की है। प्रीति जिंटा ने 'चैंपियन कप्तान' रोहित शर्मा की सराहना की। उन्होंने एक इंटरव्यू में दावा किया कि अगर रोहित शर्मा मेगा नीलामी में उपलब्ध होंगे तो वह पंजाब किंग्स टीम में रोहित शर्मा को लाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगी। प्रिटी ने कहा कि उनकी टीम को एक ऐसे कप्तान की कमी खलती है जो खिलाड़ियों के बीच कुछ स्थिरता और चैंपियन मानसिकता ला सके। अगर रोहित शर्मा मेगा नीलामी में आते हैं तो मैं उन्हें पाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा दूंगा। हमें अपनी टीम में केवल एक ऐसे कप्तान की कमी खल रही है जो कुछ स्थिरता और चैंपियन मानसिकता लेकर आता है।

# शतक बना कर भी मुंबई को नहीं जिता सके रोहित
## चेन्नई के लिये आखिरी 4 गेंद पर धोनी का 20 रन बना टर्निंग पॉइंट!



**रोहित शर्मा ट्वंटी 20 में 500 छक्के लगाने वाले पहले एशियाई प्लेयर बने**

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में एक बार फिर से इतिहास रच दिया। रोहित ने इस दौरान ट्वंटी 20 में 500 छक्के भी पूरे कर लिए। रोहित ने मैच से पहले आइपीएल में 271, टी20 इंटरनेशनल में 190 छक्के लगाए थे। जबकि 36 छक्के भारत के लिए घरेलू ट्वंटी 20 टूर्नामेंट खेलकर लगाए थे। रोहित ने चेन्नई के खिलाफ 3 छक्के लगाते ही 500 छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

**पुरुष टी20 क्रिकेट में 500+ छक्के लगाने वाले बल्लेबाज**

1056 - क्रिस गेल, विंडीज
860 - कीरोन पोलार्ड, विंडीज
678 - आंद्रे रसेल, विंडीज
548 - कॉलिन मुनरो, न्यूजीलैंड
500 - रोहित शर्मा, भारत

## जिस वानखेड़े में धोनी ने ठोका था विश्व कप विनिंग सिक्स, वहीं आखिरी मैच में ठोकी छक्कों की हैट्रिक

वानखेड़े स्टेडियम में बतौर क्रिकेटर संभवतः आखिरी मुकाबला खेल रहे महेंद्र सिंह धोनी ने रविवार को दर्शकों को झूमने का एक और मौका दे दिया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस मुकाबले में मैदान पर उतरने से पहले क्रिकेट फैंस क्रिकेट विश्व कप 2011 का वो फाइनल मुकाबला याद कर रहे थे जब धोनी ने छक्का लगाकर टीम इंडिया को जीत दिलाई थी और जिससे 28 साल बाद भारत में विश्व कप वापस आया था। धोनी ने भी प्रशंसकों को निराश नहीं किया। आखिरी ओवर में उतरे धोनी ने हार्दिक पांड्या की 4 गेंदों पर 20 रन बना दिए जिसमें लगातार 3 छक्के भी शामिल थे। धोनी की इस पारी ने चेन्नई को 200 पार तो पहुंचाया ही साथ ही साथ मुंबई के दर्शकों को एक कभी न भूलने वाली याद भी दे दी।

**20वें ओवर में लगा चुके 61 छक्के:** धोनी का 20वें ओवर में रिकॉर्ड शानदार रहा है। वह अब तक 309 गेंदें खेलकर 244 की स्ट्राइक रेट से 756 रन बना चुके हैं जिमसें 51 चौके और 61 छक्के शामिल हैं। इसी सीजन में भी वह 20वें ओवर में 12 गेंदें खेलकर 41 रन बना चुके हैं। इसमें दो चोके और पांच छक्के शामिल हैं। उनकी यहां स्ट्राइक रेट 341 बनती है।



एजेंसी

**मुंबई।** पांच-पांच बार की चैंपियन टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स की टक्कर को आइपीएल का एल-क्लासिको कहते हैं। ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में रविवार रात दोनों टीमों के बीच ऐसा ही घमासान देखने को मिला, जिसमें येलो आर्मी यानी चेन्नई सुपरकिंग्स ने मैदान मारा। खचाखच भरे स्टेडियम में टॉस गंवाकर पहले बैटिंग करते हुए चेन्नई ने स्कोरबोर्ड पर 206 रन टांगे। जवाब में मेजबान मुंबई के लिए रोहित शर्मा ने 63 गेंद में नाबाद 105 रन जरूर बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। मुंबई छह विकेट खोकर 186 रन ही बना पाई और जीत से 20 रन दूर रह गई। चेन्नई के लिए इम्पैक्ट खिलाड़ी श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथिशा पथिराना ने चार ओवर में 28 रन देकर चार बेशकीमती विकेट चटकाते हुए प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

**सूर्या के आउट होने से मुंबई के लिए फंसा मैच**

207 रन के लक्ष्य के जवाब में मुंबई इंडियंस ने सात ओवर में बिना किसी नुकसान के 70 रन बना लिए थे। आठवें ओवर की पहली गेंद पर शानदार बल्लेबाजी कर रहे ईशान किशन 15 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद क्रीज पर उतरे पिछले मैच के हीरो सूर्यकुमार यादव। फैंस को लगा कि वह रनगति को आगे बढ़ाएंगे, लेकिन अपनी दूसरी ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गए। यही मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। मथीशा पथिराना ने ऑफ स्टम्प लाइन के बाहर गेंद डाली, जिसे सूर्या ने थर्ड मैन की ओर स्लाइस किया, गेंद छक्के के लिए सीमारेखा के बाहर जा रही थी तभी मुस्ताफिजुर रहमान ने बाउंड्री रोप्स के आगे जबरदस्त संतुलन दिखाते हुए शानदार कैच लपका। इस दौरान उन्होंने गेंद को अंदर की ओर उछाला और दोबारा में मैदान के अंदर आते हुए उसे लपक लिया।

**गायकवाड़ और दुबे का अर्धशतक**

टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (40 गेंद में पांच छक्के और पांच चौकों से 69 रन) और शिवम दुबे (38 गेंद में नाबाद 66 रन, दो छक्के, 10 चौके) के बीच तीसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी के बूते चेन्नई सुपरकिंग्स ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 206 रन बनाए। गायकवाड़ ने छक्के के साथ 33 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। दुबे ने इस बीच पंड्या की गेंद पर एक रन के साथ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

**हूटिंग के बीच धोनी के गले लगे हार्दिक**



मैच की शुरूआत से पहले जब आखिरी बार वॉर्म-अप करने के लिए दोनों टीम के खिलाड़ी मैदान पर थे तो वहां एमएस धोनी को देखते ही हार्दिक पंड्या दौड़ पड़े और गर्मजोशी से उन्हें गले से लगा लिया। इस दौरान माही के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कुराहट देखते ही बनती थी। ग्राउंड पर लगातार हूटिंग के बीच अब विराट कोहली के बाद धोनी भी खुलकर हार्दिक पंड्या के सपोर्ट में खड़े हो गए।

### चेन्नई 206/4 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे कै. पंड्या बो. कोएटजी | 05 | 08 | 01 | 00 |
| रचीन कै. किशन बो. गोपल | 21 | 16 | 02 | 01 |
| ऋतुराज कै. नबी बो. पंड्या | 69 | 40 | 05 | 05 |
| शिवम दुबे नाबाद | 66 | 38 | 10 | 02 |
| मिचेल कै. नबी बो. पंड्या | 17 | 14 | 01 | 00 |
| एमएस धोनी नाबाद | 20 | 04 | 00 | 03 |

**अतिरिक्त** :08

**विकेट पतन** : 8-1, 60-2, 150-3, 186-4.

**गेंदबाज** :मोहम्मद नबी : 3-0-19-0, गेराल्ड कोएटजी : 4-0-35-1, जसप्रीत बुमराह : 4-0-27-0, आकाश मधवाल : 3-0-37-0, श्रेयस गोपल : 1-0-9-1, हार्दिक पंड्या : 3-0-43-2, रोमारियो शेफर्ड : 2-0 33-0.

### मुंबई 186/6 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा नाबाद | 105 | 63 | 11 | 05 |
| किशन कै. ठाकुर बो. पथिराना | 23 | 15 | 03 | 01 |
| सूर्यकुमार कै. रहमान बो. पथिराना | 00 | 02 | 00 | 00 |
| तिलक कै. ठाकुर बो. पथिराना | 31 | 20 | 05 | 00 |
| हार्दिक कै. जडेजा बो. देशपांडे | 02 | 06 | 00 | 00 |
| डेविड कै. रचीन बो. रहमान | 13 | 05 | 00 | 02 |
| रोमारियो शेफर्ड बो. पथिराना | 01 | 02 | 00 | 00 |
| मोहम्मद नबी नाबाद | 04 | 07 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 07

**विकेट पतन** : 70-1, 70-2, 130-3, 134-4, 148-5, 157-6.

**गेंदबाज** : तुषार देशपांडे : 4-0-29-1, मुस्तफिजुर रहमान : 4-0-55-1, शार्दूल ठाकुर : 4-0-35-0, रवींद्र जडेजा : 4-0-37-0, मथीशा पथिराना : 4-0-28-4.


## पलक गुलिया ने निशानेबाजी में हासिल किया भारत का 20वां ओलंपिक कोटा

**रियो डी जनेरियो।** भारत की पलक गुलिया ने आइएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के लिए 20वां ओलंपिक कोटा हासिल किया। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को आइएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में पलक गुलिया ने कांस्य पदक जीता और निशानेबाजी में भारत का 20वां पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। वहीं सान्याम पांचवें स्थान पर रहीं।

## सर्वेश कुशारे ने जीता ऊंची कूद का खिताब

**कैलिफोर्निया।** भारत के सर्वेश कुशारे ने ब्रायन क्ले इनविटेशनल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद का खिताब जीतकर अपने सीजन की शानदार शुरूआत की है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के अजुसा पैसिफिक यूनिवर्सिटी में शनिवार को आयोजित ऊंची कूद प्रतियोगिता में सर्वेश कुशारे ने ग्रुप ए में 2.19 मीटर छलांग लगातार पहला स्थान हासिल किया। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर है, जो उन्होंने 2022 के अंत में दर्ज किया था। वह हांगझोऊ में एशियन गेम्स में 2.26 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। इस प्रतियोगिता में अमेरिका के एजे मैक्लोफ्लिन 2.08 मीटर की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। तीसरा स्थान अमेरिकी कैस डोब्रोवोल्स्की, व्याट थिएल और कनाडा के एडेन ग्राउट के बीच साझा किया गया, जिन्होंने 2.03 मीटर की ऊंची कूद दर्ज की।

## मेस्सी के शानदार खेल से इंटर मियामी ने स्पोर्टिंग केसी को 3-2 से हराया



**कैंसास सिटी।** करिश्माई खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायक की भूमिका निभाई जिससे इंटर मियामी सीफ ने एमएलएस (मेजर लीग सॉकर) में स्पोर्टिंग कैनसस सिटी को 3–2 से हराया। इंटर मियामी के लिए इस मैच में मेस्सी के साथ दिग्गज लुइस सुआरेज ने भी गोल किया। टीम के लिए एक अन्य गोल डिएगो गोमेज ने दागा। मेस्सी और सुआरेज जैसे बड़े खिलाड़ियों को देखने के लिए स्टेडियम में बड़ी संख्या (72,610) में प्रशंसक पहुंचे थे। एमएलएस इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ के सामने मेस्सी ने इस इंटर मियामी के लिए सत्र का अपना पांचवां जबकि सुआरेज ने छठा गोल किया। स्पोर्टिंग कैनसस सिटी के लिए दोनों गोल एरिक थॉमी (छठा और 58वां मिनट) ने किए।

# अंजू-हर्षिता ने रजत, मनीषा और कुंडू ने जीता कांस्य पदक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हाल ही में चयन ट्रायल में भारत की शीर्ष महिला पहलवान विनेश फोगाट को 53 किग्रा वर्ग में हराकर सुर्खियां बटोरने वाली रेलवे की पहलवान अंजू और हर्षिता ने किर्गिस्तान के बिश्केक में एशियन चैंपियनशिप में अपने-अपने वर्गों में रजत पदक जीता। इन दोनों पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई थी और उम्मीद थी कि वे स्वर्ण पदक लाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका और दोनों पहलवानों को रजत से संतोष करना पड़ा।

**अंजू फाइनल में बरकरार नहीं रख सकीं लय**

अंजू ने फाइनल मुकाबले को छोड़कर हर राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। रेलवे की पहलवान अंजू ने फिलीपींस की आलिया रोज गावलेज और श्रीलंका की नेथमी अहिंसा फर्नांडो पर तकनीकी श्रेष्ठता से जीत दर्ज की थी। सेमीफाइनल में हालांकि उन्हें चीन की चेन लेई से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन वह यह मुकाबला 9-6 से जीतने में सफल रही थीं। फाइनल में अंजू का सामना उत्तर कोरिया की जि हयांग किम से हुआ, लेकिन सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात यह रही कि अंजू फाइनल में एक भी अंक अर्जित नहीं कर सकीं और तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर उन्हें स्वर्ण पदक मुकाबला में हार मिली।



**हर्षिता को चीन की प्रतिद्वंद्वी ने हराया**

हर्षिता का सफर अंजू की तुलना में संघर्षपूर्ण रहा था और फाइनल तक पहुंचने के दौरान उन्होंने तीन अंक गंवाए थे। हर्षिता ने उज्बेकिस्तान की ओजोदा जरीपबोएवा को तकनीकी श्रेष्ठता (13-3) से हराने के बाद कजाखस्तान की अनास्तासिया पानासोविच को 5-0 से हराया। फाइनल उनका मुकाबला चीन की कियान जियांग से हुआ। हर्षिता 72 किग्रा वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में चीन की प्रतिद्वंद्वी के सामने चुनौती पेश नहीं कर सकीं और उन्हें 2-5 से हार का सामना करना पड़ा।

**भारतीय पहलवानों ने जीते कुल छह पदक**

भारतीय पहलवान भले ही इस चैंपियनशिप में एक भी स्वर्ण पदक नहीं जीत सके, लेकिन भारतीय पहलवान ने कुल छह पदक जीते। भारत ने इन चैंपियनशिप में तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक जीते। महिलाओं में राधिका ने 68 किग्रा में रजत पदक जीता था, जबकि शिवानी पवार को कांस्य से संतोष करना पड़ा था। पुरुषों के फ्रीस्टाइल वर्ग में उदित (57 किग्रा) ने रजत पदक जीता, जबकि अभिमन्यु (70 किग्रा) और विकी (97 किग्रा) ने अपने-अपने वर्गों में कांस्य पदक जीते। ग्रीको रोमन पहलवान सोमवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।

# स्पोर्ट्स जीवन का अहम हिस्सा, निरंतर खेलते रहना चाहिए : आदित्य विक्रम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची ओपन टेनिस चैंपियनशिप 2024 (सीजन 2) का समापन समारोह खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वाइल्डकार्ड टिकट द्वारा जीशान, जितेंद्र, रफीक, अनिमेष और दिलीप की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न शहरों से खासकर रांची, जमशेदपुर, धनबाद, हजारीबाग और पटना से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता आदित्य विक्रम जायसवाल उपस्थित थे। इस मौके पर आदित्य विक्रम जयसवाल ने सर्वप्रथम रांची ओपन टेनिस चैंपिनशिप 2024 के कमिटी के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसा आयोजन होते रहना चाहिए। इससे बच्चों को खेल के प्रति बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि एक बहुत पुरानी कहावत है विजेता सिर्फ वो नहीं जो जीतता है,बल्कि विजेता वह है जो अंतिम मुकाम पाने तक खेलता रहे। आदित्य विक्रम ने उदहरण देते हुए कहा कि एक बार चंद्रगुप्त ने चाणक्य को कहा था किस्मत में लिखी है तो मेहनत क्यों करे। इसपर चाणक्य ने कहा क्या पता किस्मत में मेहनत से मिलेगा लिखा हो। उन्होंने कहा स्पोर्ट्स जीवन का अहम हिस्सा है निरंतर खेलते रहना चाहिए। आप सब आने वाले दिनों में भी राज्य और देश के लिए खेलें और नाम रोशन करें।

**विजेता खिलाड़ी**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंडर-10 पुरुष : विजेता- अंकुर (पटना), उपविजेता- साहस परमार (रांची)।

अंडर-12 पुरुष : विजेता- अंकुर (पटना), उपविजेता- अंशुमान (पटना)। अंडर-12 महिला : विजेता- आशी (पटना), उपविजेता- जरिया (पटना)।

अंडर-14 पुरुष : विजेता- अर्श (रांची), उपविजेता- इवान डेनियल (जमशेदपुर)। अंडर-14 महिला : विजेता- आशी (पटना), उपविजेता- जरिया (पटना)।

अंडर-16 पुरुष : विजेता- समर्थ (रांची), उपविजेता- आयुष (रांची)। अंडर-16 महिला : विजेता- अदिति (पटना), उपविजेता - मेबल (जमशेदपुर)।

अंडर-18 पुरुष : विजेता- हेमंत (पटना), उपविजेता - समर्थ (रांची)। अंडर-18 महिला : विजेता- अदिति (पटना), उपविजेता - गौरी (पटना)। पुरुष एकल: विजेता- राजन (पटना), उपविजेता - रणवीर (धनबाद)। महिला एकल: विजेता- अदिति पटना), उपविजेता - गौरी (पटना)।

पुरुष डबल्स : विजेता- राजन और एनके सिंह (पटना), उपविजेता - अनिमेष और दिलीप (रांची)।

महिला डबल्स : विजेता- शीन और गौरी (पटना), उपविजेता - जरिया और आशी (पटना)। मिक्स डबल्स : विजेता- राजन और गौरी (पटना), उपविजेता - हेमंत और शीन (पटना)।

अंडर 12 गर्ल्स डबल: विजेता - आशी और जरिया (पटना), उपविजेता - अद्विता और हिमांशी (पटना)।

अंडर 18 बॉयज डबल: विजेता - हेमंत और अंकुर (पटना), उपविजेता - शिरीष और अविरल (पटना)। वेटरन्स सिंगल 35+ : विजेता - राजेश (रांची), उपविजेता - रणवीर (धनबाद)। वेटरन्स डबल्स 45+ : विजेताः राजन और एनके सिंह (पटना), उपविजेता - राजेश और हर्षप्रीत शामिल है।

स्पीड न्यूज

## रक्सौल में नेपाली शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के हरैया ओपी पुलिस ने नेपाली शराब के साथ एक कारोबारी युवक को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली कि नेपाल से भारी मात्रा में शराब की खेप ग्रामीण रास्ते से आ रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गश्ती दल ने चिन्हित क्षेत्र में जांच अभियान शुरू किया। इस दौरान नयका टोला निवासी शरीफ खान के 19 वर्षीय पुत्र परवेज खान को 150 पीस एंबीशन, 6 पीस हाइलैंडर, 14 बोतल गोल्डन ओके तथा 22 बोतल ब्लैक ओके के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस उक्त धंधेबाज से पूछताछ कर न्यायिक हिरासत में भेज रही है।

## बाबा साहब की मनायी गई 133वीं जयंती

**रमना।** युवा अम्बेडकर क्लब सिलिदाग-गड़ई के तत्वावान में भारत रत्न भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 133वां जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर मिशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें दूसरे प्रखंड से आये कलाकारों नें मिशन गीत से समा बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत बौद्धिक मन्त्रोंचार और सामूहिक दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ताहिर अंसारी व मानवाधिकार गढ़वा जिलाध्यक्ष अजय यादव ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर सहायक अयापक दिलीप कुमार, अजय चंद्रवंशी, बुल्का मुखिया अनीता देवी, वर्तमान विधायक प्रतिनिधि रुपनारायण यादव, शिवकुमार सिंह कुशवाहा आदि लोग उपस्थित थे।

## अंबेडकर जयंती पर डीसी ने बाबासाहेब को किया नमन

**गढ़वा।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर डीसी शेखर जमुआर ने समाहरणालय के सभागार में डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भी डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। साथ ही सभी ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने एवं संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया।

## झारखंड कुर्मी महासभा की बैठक संपन्न

**गढ़वा।** शहर के दीपुवा मुहल्ला पटेल नगर स्थित जेपीएस सेंट्रल पब्लिक स्कूल में रविवार को झारखंड कुर्मी महासभा के गढ़वा जिलाध्यक्ष डॉ. ज्वाला प्रसाद के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात जिले में कुर्मी समाज को एकजुट कर जोड़ने के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने को लेकर चर्चा किया। साथ ही सभी को अध्यक्ष ने समाज को जोड़ने और आगे बढ़ने को लेकर शपथ दिलाया। जिला महासचिव गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि आज हमारा समाज आर्थिक तथा राजनितिक रूप से काफी कमजोर है। हम सब को आज के राजनीतिक हालत पर भी ध्यान देना जरूरी है।

## भवनाथपुर में मनायी गई डॉ अंबेडकर की जयंती

**भवनाथपुर।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर अंबेडकर युवा परिषद मकरी के तत्वावधान में प्रखंड में भव्य रैली निकाली गई। यह रैली मकरी पंचायत से रवाना हुई, जो खरौधी मोड़, बाजार, कर्पूरी चौक, रेलवे साइडिंग, टाउनशिप अंबेडकर पार्क होते प्रखंड कार्यालय होते मकरी पंचायत भवन में समाप्त हुई। रैली में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया। वहीं युवा हाथों में नीले झंडे लेकर बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान टाउनशिप अंबेडकर पार्क में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।

# जो लोग खुद ही बेल पर हों, वह क्या मोदी जी को जेल में भेजेंगे : राजनाथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बिहार के जमुई और बांका में जनसभा को संबोधित किया। इन दोनों लोकसभा क्षेत्र में चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग खुद ही बेल पर हों, वह क्या मोदी जी को जेल में भेजेंगे? उन्होंने कहा कि राजद का अहंकार इस हद तक बढ़ गया



है कि कहते हैं हमारी सरकार बनेगी तो पीएम मोदी को जेल में डाल देंगे। किसने मां का दूध पिया है जो मोदी जी को जेल में डालेगा। जमुई लोकसभा क्षेत्र के श्रीकृष्ण सिंह स्टेडियम में आयोजित जनसभा में राजग से चिराग रामविलास की पार्टी के उम्मीदवार अरुण भारती के पक्ष में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि चिराग पासवान एनडीए की पिच के रन हिटर हैं। जितने रन बनाने की जरूरत होगी, उतनी रन बनाने की क्षमता चिराग पासवान रखते हैं। आज मैं पूरी तरह से आश्वस्त हूं कि रामविलास पासवान जी का जो सपना था, उसे वे निश्चित रूप से साकार करेंगे। जमुई में जनसभा को संबोधित करने के बाद राजनाथ सिंह बांका के लिए रवाना हो गये। बांका के शंभुगंज स्थित हाई स्कूल मैदान में दोपहर 2.30 बजे उन्होंने दूसरी चुनावी जनसभा को संबोधित किया। दूसरे चरण में निर्धारित बांका लोकसभा सीट से एनडीए ने जदयू के गिरधारी यादव को उम्मीदवार बनाया है। तेजस्वी यादव के हेलीकॉप्टर में मछली खाने पर कहा कि आपको कुछ भी खाना हो, खाओ लेकिन दिखाने की क्या जरूरत है ? मैं लालू यादव से कहूंगा कि ऐसे लोगों को संभालिए। रक्षा मंत्री बांका में जनसभा को संबोधित करने के बाद देवघर होते हुए वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## बंजरिया प्रखंड के 11 मतदान केन्द्र अति संवेदनशील

**पूर्वी चंपारण।** जिले पश्चिम चंपार लोकसभा में पड़ने वाले नरकटिया विधानसभा के बंजरिया प्रखंड में आगामी 25 मई को 1 लाख 23 हजार मतदाता मतदान करेगे। इसको लेकर जिला व प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर पर सभी तैयारी पूरी की जा रही है। सको लेकर लगातार अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का सत्यापन व निरीक्षण किया जा रहा है। विशेषकर त्रिवाह क्षेत्र के सिकरहना सहित नेपाली नदियों के किनारे बसे उन गांवों का निरीक्षण कर मतदान केंद्र तक पहुंचने में आने वाली दिक्कतों की जानकारी जुटायी जा रही है। साथ ही मार्गों में आनेवाली बाधाओं को दूर करने को लेकर पथ निर्माण विभाग को भी निर्देश जारी किया गया है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए अर्द्ध सैनिक बल के ठहराव की व्यवस्था की जा रही है।

# मोदी के मिशन 400 पार को सफल बनायें, एनडीए प्रत्याशियों को जितायें: दूबे

एजेंसी

**पश्चिम चंपारण(बगहा)।** बगहा एक प्रखंड क्षेत्र के कोट माई स्थान में रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकताओं की एक बैठक हुई। बैठक में एनडीए कार्यकताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर एनडीए की जीत दर्ज करने को लेकर एक साथ हामी भरी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दूबे ने वाल्मीकि नगर लोकसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के प्रत्याशी सांसद सुनील कुमार को पुनः भारी मतों से विजयी बनाने की अपील कार्यकताओं से



की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन 2024 लक्ष्य 400 पार को सफल बनाने के लिए सांसद सुनील कुमार को पुनः भारी मतों से विजयी बनाने की अपील उपस्थित कार्यकताओं से की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी ने की और संचालन जदयू के जिलाध्यक्ष भीष्म साहनी ने किया। कार्यक्रम मे वाल्मीकिनगर लोकसभा सांसद प्रत्याशी सुनील कुमार, बगहा विधायक राम सिंह, एमएलसी भीष्म सहनी, जदयू नेता राकेश सिंह समेत दर्जनों की संख्या में लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।सभी ने बाल्मीकि नगर लोकसभा सीट से सांसद सुनील कुमार को जिताने की बात कार्यक्रम में कहीं।

## भाजपा के संकल्प पत्र में सिर्फ इधर-उधर की बातें: तेजस्वी

**पटना।** रविवार को जारी भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि घोषणा पत्र में किसी के लिए कुछ नहीं है। मेनिफेस्टों में सिर्फ इधर-उधर की बातें कही गयी गयी हैं। **बिहार के लिए कुछ नहीं :** श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने जो चुनावी घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें बिहार के लिए कुछ भी नहीं है। न स्पेशल पैकेज का जिक्र है और ना ही बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की बात कही गयी है। बिहार और उसकी तरह जो गरीब प्रदेश हैं भाजपा उन्हें कैसे आगे बढ़ाएगी, इसके बारे में भी कोई जिक्र उनके घोषणा पत्र में नहीं है। केवल हवा-हवाई बातें कही गयी हैं। बिहार के लिए कुछ नहीं है। **युवाओं और किसानों का जिक्र नहीं :** तेजस्वी ने कहा है कि भाजपा के घोषणा पत्र में किसान और युवाओं के लिए क्या करेंगे, इसका तो कई जिक्र ही नहीं किया गया है। बताइये युवाओं का कोई जिक्र नहीं किया गया है। देश में 60 फीसदी युवा हैं, लेकिन उनके लिए भाजपा के घोषणा पत्र में कुछ नहीं है। कितने लोगों को नौकरी देंगी, इसकी चर्चा नहीं की गयी है। उसी तरह से देश में 80 फीसदी किसान हैं और किसानों के बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया है। महंगाई और गरीबी को कैसे खत्म करेंगे, इसकी कहीं चर्चा नहीं है। **गरीबों को मुफ्त राशन कांग्रेस की योजना :** तेजस्वी ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 सालों में क्या-क्या किया यह सबको पता है। केवल स्कीम का नाम बदल देना है और बिहार जैसे राज्यों पर भार डाल देना है।

खबर एक नजर में

## काराकाट में फंस गये उपेंद्र कुशवाहा भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने बढ़ा दी मुश्किलें

**पटना।** एनडीए की तरफ से उपेंद्र कुशवाहा को विहार की काराकाट लोकसभा सीट से टिकट दिया गया है। कोईरी और कुर्मी जाति बाहुल्य लोकसभा सीट से उपेंद्र कुशवाहा दूसरी बार भाग्य आजमा रहे हैं। उधर जब से भोजपुरी स्टार और सिंगर पवन सिंह ने काराकाट से चुनाव लड़ने का एलान किया है, तब से उपेंद्र कुशवाहा की चिन्ताएं और भी बढ़ गयी हैं। यदि पवन सिंह लड़ जाते हैं, तो उपेंद्र की मुसीबत काफी बढ़ जायेगी। महागठबंधन की तरफ से यह सीट सीपीआईएमएल के खाते में आयी है। सीपीआईएमएल ने राजा राम सिंह कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया है। जिन जाति के वोटरों को लेकर उपेंद्र कुशवाहा अपनी जीत पक्की मान कर चल रहे थे, उसी जाति के एक अन्य प्रत्याशी के आ जाने से इनकी परेशानी बढ़ सकती है। काराकाट में चुनाव एक जून को होना है। अभी चुनाव में बहुत वक्त है, लेकिन पवन सिंह अगर चुनाव मैदान में आ जाते हैं तो क्या होगा वहां का समीकरण। उपेंद्र कुशवाहा के साथ कौन सा खेला होने वाला है ! आगे बढ़ने से पहले यहाँ बता दें कि काराकाट लोकसभा सीट पर अब तक सिर्फ कुशवाहा बिरादरी के उम्मीदवार ही जीतते रहे हैं। यहां पहला चुनाव 2009 में हुआ था,जिसमें जदयू प्रत्याशी महाबली कुशवाहा की जीत हुई थी। 2014 में एनडीए की तरफ से राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा चुनाव जीते थे। जबकि 2019 में एक बार फिर जदयू से महाबली कुशवाहा चुनाव जीते थे। इस बार एनडीए की तरफ से उपेंद्र कुशवाहा चुनाव मैदान में हैं। जबकि राजा राम सिंह कुशवाहा सीपीआईएमएल की तरफ से मजबूती से डटे हुए हैं। अब चर्चा है कि पवन सिंह ने चुनाव लड़ने का एलान क्यों किया है। पवन सिंह को भाजपाने वेस्ट बंगाल की आसनसोल सीट से टिकट दिया था, लेकिन पवन सिंह ने वहां से चुनाव लड़ने से मना कर दिया था। उसी सीट से बिहारी बाबू यानी शत्रुध्न सिन्हा टीएमसी की तरफ से चुनाव मैदान में हैं। पवन सिंह ने बिहार की आरा लोकसभा सीट से टिकट माँगा था, लेकिन भाजपा ने उनको वहां से टिकट ना देकर आरा से केंद्रीय मंत्री आर के सिंह को टिकट दे दिया। पवन सिंह ने बहुत पहले एक्स पर एक पोस्ट डाल कर यह कह दिया था कि उन्होंने धरती माता से वादा किया है कि इस बार चुनाव जरूर लड़ेंगे। ऐसे में यह तय माना जा रहा है कि पवन सिंह शायद अब पीछे नहीं हटने वाले हैं। खैर अब सवाल यह है कि अगर पवन सिंह काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ जाते हैं तो क्या हो सकता है। अब सबसे अहम बात यह है कि क्या उपेंद्र कुशवाहा की राजनीति अब खतम होने जा रही है। क्या वो यहां इस बार फंस गए हैं। क्या इस चुनाव के बाद उपेंद्र कुशवाहा आने वाले समय में चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। भाजपा को अच्छी तरह से पता है कि अगर पवन सिंह चुनाव जीत जाते हैं तो वो निश्चित तौर पर भाजपा के समर्थन में आ जायेंगे। ऐसे में आशंका यही है कि अंदर खाने कहीं उपेंद्र कुशवाहा को ठिकाने लगाने की तयारी तो नहीं कर ली गई है। क्योंकि उपेंद्र कुशवाहा पहले कई बार बीजीपी और नीतीश कुमार का विरोध कर चुके हैं।

## बाबा साहेब की जयंती पर किया माल्यार्पन

**सहरसा।** संविधान निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर की 133वीं जयंती समारोह पर अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ के तत्वावधान में अम्बेडकर चौक स्थित आयुक्त कार्यालय के सामने अवस्थित प्रतिमा पर डीएम ने माल्यार्पन किया। सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार झा एवं कार्यक्रम के आयोजक अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति कर्मचारी संघ जिला इकाई सहरसा द्वारा माल्यार्पन। वही कर्मचारी संघ, छात्रावास के विद्यार्थी एवं विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने बाबा साहेब के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर संविधान की रक्षा एवं अक्षुण्ण रखने के लिए संकल्प जताया।

## मोतिहारी में हथियार सहित दो अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए अपराध की योजना बना रहे दो अपराधियों को हथियार सहित गिरफ्तार किया है।जिला पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त कारवाई एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी सत्येन्द्र सिंह के नेतृत्व में हुई। पुलिस को सूचना मिली कि डुमरियाघाट के बनपरूआ से दो अपराधी मोटरसाईकिल पर केसरिया थाना क्षेत्र के सागरचुरामन गांव में किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में आ रहे है।

# डीआईजी विकास ने पुलिस अधिकारियों के साथ की मीटिंग



खबर मन्त्र संवाददाता

**अररिया।** पूर्णिया रेंज के डीआईजी विकास कुमार ने फारबिसगंज में 16 अप्रैल को निकलने वाले रामनवमी रथयात्रा जुलूस में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मौके पर एसपी अमित रंजन और एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के साथ थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।डीआईजी विकास कुमार ने पुलिस अधिकारियों से रामनवमी रथयात्रा को लेकर की गई तैयारी का फीडबैक लेते हुए समीक्षा भी की और मौके पर अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर जानकर देते हुए पूर्णिया रेंज के डीआईजी विकास कुमार ने बताया कि रामनवमी को लेकर विधि व्यवस्था संधारण हेतु बैठक कर समीक्षा की गई है। जिला प्रशासन और अनुमंडल प्रशासन की ओर से की गई तैयारी का जायजा लिया गया।जिला और अनुमंडल प्रशासन की ओर से विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने लोगों से भी अपील की कि भाई-चारा और सद्भावना के साथ जुलूस निकाले।जुलूस के कारण विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने रामनवमी रथयात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने का दावा किया।एक सवाल के जवाब में डीआईजी ने बताया कि चुनाव का समय है और वीआईपी का चुनावी दौरा हो सकता है।जिसकी संभावना को लेकर सभा स्थल का जिला प्रशासन के द्वारा जायजा लिया जा रहा है। सभा स्थल को लेकर विभिन्न मैदानों का अवलोकन किया जा रहा है।

## भाजपा का घोषणा पत्र विकसित भारत का संकल्प पत्रः गिरिराज सिंह

**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भाजपा के घोषणा पत्र सह संकल्प पत्र को विकसित भारत का संकल्प पत्र बताया है। गिरिराज सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों को ध्यान में रखकर यह संकल्प पत्र जारी किया है। भाजपा के इस संकल्प पत्र को युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान को ध्यान में रख कर बनाया गया है।

# सरिसवा नदी के प्रदूषण को लेकर लोगो ने जतायी नाराजगी



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले में नेपाल की सीमा से सटे रक्सौल शहर में बहने वाली नेपाली सरिसवा नदी के प्रदूषण को लेकर लोगों ने नाराजगी जतायी है। रविवार को शहर छठिया घाट मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों की एक बैठक वार्ड पार्षद कुंदन सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरिसवा नदी के प्रदूषित जल को लेकर कई चर्चा कर नाराजगी जतायी गयी। वार्ड पार्षद कुंदन सिंह ने बताया कि बीते दस माह पहले सरिसवा नदी के प्रदूषण की समाप्ति को लेकर नेपाल के पर्यावरण संरक्षक सुनील यादव के द्वारा सरिसवा नदी का प्रदूषित जल लेकर रक्सौल से काठमांडू तक का

**सरिसवा नदी की प्रदूषित जल को लेकर काठमांडू तक 12 दिन का पैदल कांवर यात्रा किया गया**

पैदल यात्रा निकाली गयी थी। मंत्रियों के आश्वासन के बाद भी करीब दस माह बीत गए लेकिन सरिसवा नदी का प्रदूषण खत्म नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि छठिया घाट पर शहर के दर्जनों वार्डों से महिलाएं छठ करने आती है। लेकिन नदी का जल प्रदूषित होने के कारण लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती है। जिसको देखते हुए आज छठ व्रतियों को अर्घ्य देने के लिए अलग से एक गड्ढा बनाकर स्वच्छ पानी की व्यवस्था की गयी है,जो दुखद है। यदि सरिसवा नदी का जल स्वच्छ रहता तो यहां आसानी से छठ पर्व होता। वही नेपाल के सुनील यादव ने कहा कि मेरे द्वारा सरिसवा नदी की प्रदूषित जल को लेकर काठमांडू तक 12 दिन का पैदल कांवर यात्रा किया गया था। मंत्री के आश्वासन के बाद भी अभी तक कोई कारगर कदम नहीं उठाया गया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि यदि सरिसवा नदी का जल प्रदूषण मुक्त नहीं होगा तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राजू राम, बृजकिशोर गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### जिनको किसी ने ...

**विकसित भारत के चार स्तंभ :** पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में यह संकल्प पत्र जारी किया है। संकल्प पत्र जारी होने के बाद श्री मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारीशक्ति इन चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। भाजपा ने एक बार फिर अपने घोषणापत्र की ईमानदारी का प्रदर्शन किया है। हमारा संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों - युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाता है। हमारा फोकस जीवन की गरिमा एवं गुणवत्ता और निवेश से नौकरी पर है। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नये अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नयी भागीदारी के होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए मुफ़्त भोजन की योजना पांच साल और चलेगी ताकि वे किसी वजह से फिर से गरीबी के जाल में नहीं फंस जायें। वहीं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये है मोदी की गारंटी। राजनाथ सिंह ने कहा कि मुझे इस बात का हर्ष और संतोष है कि मोदी जी के नेतृत्व में हमने देशवासियों से किया गया हर वादा पूरा किया है।

### झारखंड की चार ...

घोषित प्रत्याशी बिना स्टार प्रचारकों के ही अपने स्तर से जनसंपर्क और छोटी-छोटी सभाएं कर रहे हैं। साथ ही नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने की भी कोशिशें कर रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रचार सोशल मीडिया पर हो रहा है। **न्याय उलगुलान महारैली :** इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान 21 अप्रैल से विधिवत शुरू हो जायेगा। इस दिन रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो ने न्याय उलगुलान रैली का आयोजन किया है। रैली में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे. दीपांकर भट्टाचार्य, पंजाब के सीएम भगवंत मान, बिहार से तेजस्वी यादव, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित गठबंधन के दिग्गजों का जमावड़ा होगा। उसी दिन से इंडिया गठबंधन का प्रचार अभियान भी जोर पकड़ेगा। इस पूरे कार्यक्रम की बागडोर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के कंधों पर है। वह लगातार बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी ले रही हैं।

### झारखंड में बनेगा...

समिति में सदस्य सचिव के पद पर अतुल कुमार को शामिल किया गया है। इस संबंध में नगर विकास विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। राज्य सरकार किराया संबंधित विवादों के त्वरित निपटारे के लिए दूसरे राज्यों के प्रावधानों का भी अध्ययन कर रही है।
**डीसी से वापस लिये जायेंगे अधिकार :** किराये से संबंधित विवादों, शिकायतों एवं अपराधों के निपटारे और न्याय निर्णय की शक्ति जिलों के डीसी से वापस लेने का प्रस्ताव भी है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि झारखंड में पंजाब, हरियाणा और छत्तीसगढ़ के प्रावधानों की तरह अपीलीय प्राधिकार के रूप में झारखंड भवन पप्ता, किराया एवं निष्कासन, नियंत्रण अधिनियम 2011 या संशोधित को लागू किया जाएगा। राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने भी इस संबंध में सलाह दी है। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद विधेयकके प्रारूप को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसकी स्वीकृति कैबिनेट से लेकर विधानसभा से भी ली जाएगी।

# डीसी ने की समीक्षा बैठक



बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गर्मी मौसम के मद्देनज़र संभावित पेयजल संकट से निपटने एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों पर एमएफ सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर रविवार को समाहरणालय गढ़वा के कन्फ्रेंस हल में डीसी शेखर जमुआर ने समीक्षात्मक बैठक की।

बैठक में सर्वप्रथम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता, सोशल मोबलाइजर तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जिले के सभी प्रखंडों में गर्मी के मौसम को देखते हुए चापाकलों, जलमीनारों एवं पेयजल के अन्य स्रोतों की समुचित व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर निर्देशित किया गया।

साथ ही लोकसभा आम चुनाव के तहत जिले में बनाए गए मतदान केन्द्रों पर एएमएफ की सुविधा को लेकर भी समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित सभी अभियंताओं ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर एएमएफ के तहत बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कर दी गई है। कुछ मतदान केंद्रों पर रनिंग वाटर में समस्याएं आ रही है, जिन्हें ससमय पूर्ण कर लिया जाएगा।

# पुराने जाम भव का नवनिर्माण नहीं होने से किसानों में रोष

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के सिलीदाग पंचायत के गड़गड़वा बांध वर्षो से उपेक्षा का दंश झेल रहा। सिलीदाग-झुरहा मोड़-बुल्का मुख्य सड़क का लम्बे इंतजार के बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित योजना के माध्यम से गत वर्ष से ही निर्माण कार्य कछुए की गति से चल रही है। लेकिन इस सड़क के पुल-पुलिया निर्माण में कछुए जैसे मजबूती नहीं दिख रही। गड़गड़वा बांध में बढ़का भव का मरम्मती कार्य सलोनी शशांक जेभि के द्वारा किया जा रहा है। गत वर्षो से ही यह भव जाम है जिससे पानी निकासी नहीं होता, इस भव के नव निर्माण नहीं होने से पानी निकासी नहीं होगा और इससे तीन पंचायत के किसानों की सिंचाई सिंचित प्रभावित होगा। गड़गडवा बांध में बना भव जाम हो गया है। भव का नव निर्माण नहीं होने से किसानों में असंतोष है। इस संबंध में किसान अशोक चंद्रवंशी ने कहा कि इस



राजेश गुप्ता

भव के जाम होने से धान फसल की पटवन और सिंचाई सही तरीके से नहीं हो पाता है। पैदावार प्रभावित होता है। यदि अभी ही इसका समाधान नहीं किया गया तो सड़क नव निर्माण हो जाने से अगले पांच वर्षो तक धान सिंचाई प्रभावित रहेगा, क्योंकि सिंचाई के लिए पानी ही प्राप्त नहीं हो पायेगा। किसान राजेश कुमार गुप्ता का कहना है कि ज़ब सड़क के जितने भी भव पहले से है उन सभी का नव निर्माण हुआ है तो इस भव का रंगरोगन कर संवेदक द्वारा सरकारी खजाना को लुटा जा रहा है। यदी इस जाम भव को अभी साफ नहीं किया गया तो धान फसल की सिंचाई करने में हमलोगों को बहुत कठिनाई होगी। प्रभात सिंह कुशवाहा, राजू कुमार ने कहा कि बढ़का भव गत वर्ष पहले ही अंदर से जाम हो गया। जिससे बरसात का पानी सिंचाई के लिए किसानों को नहीं मिल पाता है और किसान को खरीफ़ फसल की सिंचाई में बहुत दिक्क़त होती है। इस भव के पानी से सिलीदाग, बाबुडीह और भागोडीह पंचायत के किसानों की खेत की सिंचाई होती है। इस संबंध में संवेदक ने कहा कि इस पुल के लिए नवनिर्माण का योजना नहीं है। केवल टूट फुट को मरम्मती कर ठीक कर देना है, इसके लिए 12-14 हजार का ही एस्टीमिट बनता है।


स्पीड न्यूज

## शाहिद कपूर को पसंद आयी फिल्म 'मैदान'



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अजय देवगन की फिल्म मैदान बेहद पसंद आयी है। अमित शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म मैदान फुटबॉल कोच सैय्यद अब्दुल रहमान के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में अजय देवगन ने 1952 से 1962 तक रहे भारतीय फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाई है। उन्हें आधुनिक भारतीय फुटबॉल का वास्तुकार भी कहा जाता है। फिल्म मैदान हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। शाहिद कपूर ने कहा कि मैदान को देखकर वाकई एन्जॉय किया। इसे बहुत अच्छी तरह से बनाई गई है। दोस्तों जाकर इसे देखो।

## मंडी से विक्रमादित्य सिंह होंगे कांग्रेस के प्रत्याशी



**शिमला।** कांग्रेस केंद्रीय चुनाव समिति ने हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह उप-चुनाव की सीटों पर विचार-विमर्श करने के लिए कांग्रेस मुख्यालय में बैठक बुलाई, जिसमें अंतत: मंडी संसदीय सीट के लिए विक्रमादित्य सिंह और शिमला से विनोद सुल्तानपुरी की उम्मीदवारी पक्की हो गई। दोनों युवा नेता वर्तमान में विधायक हैं। सबसे पुरानी पार्टी ने उन्हें लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारने का फैसला किया है। आपदा के पैसे को लूटने का काम कांग्रेस ने किया: कंगना

## आपदा के पैसे को कांग्रेस ने लूटा : कंगना रनौत



**मंडी।** भारतीय जनता पार्टी की मंडी लोकसभा से प्रत्याशी व फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस लूटपाट के बजाय कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में आई। हम पूछना चाहते हैं कि महिलाओं की 1500 की गारंटी कहां गई ? युवाओं को पांच लाख का रोजगार कहां गया? कंगना ने कहा कि हमे सतर्क रहना है झूठी गारंटी को पूरी करने के लिए झूठ फॉर्म बनाना कांग्रेस के नेताओं की पुरानी चाल है।

## मुद्रा लोन के नाम पर ठगी करने वाला धराया

**देहरादून।** देश भर में प्रधानमंत्री (पीएम) मुद्रा ऋण योजना के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय साईबर ठगों के गिरोह का सरगना उत्तराखंड पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व, एसटीएफ ने गिरोह के दो सदस्यों को देहरादून से पकड़ा था। अब पकड़े गए सरगना से एसटीएफ ने 13 मोबाईल, सात बैंक के एटीएम कार्डस, सात सिम कार्डस और आधार कार्ड व कई लाखों रुपये के हिसाब किताब की 10 डायरियां बरामद की हैं।

## काशीपुराधिपति की शरण में रणबीर- कृति सेनन



**वाराणसी।** सुपरस्टार रणवीर सिंह और अभिनेत्री कृति सेनन ने रविवार को काशीपुराधिपति के दरबार में दर्शन पूजन किया। श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन के बाद आह्लादित रणबीर सिंह ने हर–हर महादेव का कालजयी उद्घोष भी किया। पूजा के बाद रणबीर ने प्रशंसकों का अभिवादन भी किया।

# ईरान ने इजरायल पर दागे सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलें

एजेंसी

- सीरिया में एक अप्रैल को शीर्ष कमांडर सहित सात अधिकारी मारे गए थे
- इरान के हमले को विफल कर दिया गया : नेतन्याहू
- सभी मिसाइलों और ड्रोनों को गिराने में अमेरिका ने की मदद : बाइडेन



**यरुशलम।** वर्षों से छद्म युद्ध में जुटे ईरान और इजरायल के बीच की तल्खी आखिरकार खुल कर सामने आ गयी है तथा ईरान ने सीरिया स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के हमले के बाद बदले की कार्रवाई के तहत उस पर सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया है। इजरायली सेना ने कहा कि इजरायल और अन्य देशों ने 300 से अधिक क्रूज मिसाइलों और ड्रोनों को रोका है, जिनमें से ज्यादातर इजरायली हवाई क्षेत्र के बाहर हैं। इजरायल ने कहा कि बहुत कम नुकसान हुआ है, लेकिन लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि हमने इजरायल को लगभग सभी मिसाइलों और ड्रोनों को गिराने में मदद की। ईरान और यमन, सीरिया एवं इराक से उसके प्रतिनिधियों ने इजरायल में सैन्य सुविधाओं के खिलाफ एक अभूतपूर्व हवाई हमला किया। ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि हमला विशिष्ट लक्ष्यों को निशाना बनाकर किया गया था। ईरान ने एक अप्रैल को सीरिया में अपने वाणिज्य दूतावास पर हमले का बदला लेने की कसम खायी थी, जिसमें एक शीर्ष कमांडर सहित सात आईआरजीसी अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इजरायल पर उस हमले को अंजाम देने का आरोप लगाया था, लेकिन इजरायल ने न तो इसकी पुष्टि की और न ही इसका खंडन किया था। इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ईरान के बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमले को विफल कर दिया गया है साथ ही उन्होंने संयुक्त प्रयासों के माध्यम से जीत का वादा भी किया। नेतन्याहू ने कहा कि हमने दखल दी , हमने रोका, साथ मिलकर हम जीतेंगे।बाइडन ने कहा कि उन्होंने इजरायल की सुरक्षा के लिए अमेरिका की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि कुछ ईरानी मिसाइलें इजरायल के अंदर गिरीं, जिससे सैन्य अड्डे को मामूली क्षति हुई लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। इजरायल की एम्बुलेंस सेवा ने बताया कि दक्षिणी अराद क्षेत्र में मलबे में से नुकीली चीजों से चोटिल होने से सात वर्षीय बेडौइन लड़की घायल हो गयी है।

## राजस्थान : कार में आग से दो बच्चियों समेत सात जिंदा जले

**सीकर।** सीकर जिले के फतेहपुर पुलिस थाना क्षेत्र के चूरू-सालासर हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार कार और ट्रक में टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में कार सवार दंपती और उनकी दो बेटियों समेत सात लोग जिंदा जल गए। सभी लोग मेरठ से सालासर बालाजी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक मृतकों में दंपति हार्दिक बिंदल (37) पुत्र नरेंद्र, स्वाति बिंदल (32) पत्नी हार्दिक, दीक्षा (7) पुत्री हार्दिक और दीक्षा की 4 साल की बहन और मंजू बिंदल (58) पत्नी नरेंद्र बिंदल, नीलम गोयल (55) पत्नी मुकेश गोयल व आशुतोष गोयल (35) पुत्र मुकेश गोयल शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब : राहुल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब हैं। गांधी ने रविवार को कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है।उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि इंडिया समूह की योजना बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की पक्की नौकरी दी जाएगी। युवा इस बार श्री मोदी के झांसे में नहीं आएगा तथा कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार क्रांति लाएगा। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि मंच से खुद कुछ और बोलते हैं और अपने नेताओं से कुछ और बुलवा रहे हैं। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र तो दिखावा है और असली घोषणा पत्र संविधान बदलो पत्र है।

**भाजपा का संकल्प पत्र केवल दिखावाऔर असली घोषणा पत्र संविधान बदलो पत्र : प्रियंका**

श्रीमती वाड्रा ने कहा कि गली-गली, राज्य दर राज्य भाजपा के नेता, भाजपा के प्रत्याशी संविधान बदलो पत्र लेकर घूम रहे हैं और बाबासाहेब के संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश विरोधी, समाज विरोधी, लोकतंत्र विरोधी ये सारे षड्यंत्र भाजपा पहले नीचे से ही शुरू करती है। शुरूआत में सबसे ऊपर के नेता जनता के सामने संविधान की कसमें खाएँगे मगर रात में संविधान को खत्म करने की पटकथा लिखते हैं। बाद में पूरी सत्ता पाने पर संविधान पर हमला करेंगे। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि बाबा साहेब का संविधान भारत की आत्मा है। हमारा संविधान देश के करोड़ों लोगों को सम्मान से जीवन जीने का हक देता है। इसलिए सबको एकजुट होकर भाजपा के संविधान बदलो मिशन को खारिज करना होगा और डंके की चोट पर कहना होगा देश संविधान से चलेगा और हम सब संविधान बदलने की मंशा रखने वालों को मिलकर हरायेंगे।

# कांग्रेस के घोषणापत्र में खतरनाक वादे

## किसकी भलाई करने की बात कर रहा है इंडी गठबंधन : मोदी

एजेंसी

- किसी भी देश की सुरक्षा के लिए होते हैं परमाणु हथियार
- शाही परिवार धमकी दे रहा है, मोदी तीसरी बार पीएम बना तो देश में आग लग जाएगी
- कांग्रेस ने जिस समाज को हमेशा वंचित रखा, उस समाज की बेटी देश की पहली नागरिक है



**पिपरिया (नर्मदापुरम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन के घोषणा पत्र पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन की जैसी घातक सोच है, वैसा ही घातक घोषणा पत्र है और इतने खतरनाक वादे करते हुए विपक्ष के लोग आखिर किसकी भलाई करने की बात कर रहे हैं।

मोदी मध्यप्रदेश के नर्मदा किनारे बसे नर्मदापुरम के पिपरिया में भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभा में उपस्थित यहां से सटे छिंदवाड़ा संसदीय सीट के पार्टी प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के नाम का भी उल्लेख करते हुए उन्हें भारी मतों से जिताने की अपील की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।


दिल्ली में भाजपा का घोषणा पत्र जारी करने के फौरन बाद पिपरिया पहुंचे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन को जम कर निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन समझ ही नहीं पा रहे कि घोषणा पत्र एक जिम्मेदारी होती है, गठबंधन के लोग ऐसे-ऐसे वादे कर रहे हैं। देश किस दिशा में जाएगा, समझ ही नहीं पा रहे। उनके घोषणापत्र में एक से एक खतरनाक वादे हैं, एक साथी कह रहे हैं कि भारत से परमाणु हथियार खत्म कर देंगे। भला कोई देश ऐसा सोचेगा क्या। ये हथियार किसी भी देश की सुरक्षा के लिए होते हैं। गठबंधन के लोग इस प्रकार की बात करके आखिर किसकी भलाई सोच रहे हैं। जैसी घातक उनकी सोच है, वैसा ही घातक घोषणा पत्र है। वहीं भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के रूप में आपके सामने है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि कांग्रेस के शहजादे ने एक झटके में देश की गरीबी हटाने की जो घोषणा की है अभी, उसे सुन कर सभी को बस हंसी ही आएगी। देश पूछ रहा है कि आखिर ये 'शाही जादूगर' इतने साल तक कहां छिपा था। 50 साल पहले उनकी दादी ने गरीबी हटाने की घोषणा की थी, 2014 से पहले 10 साल तक इन्होंने रिमोट से सरकार चलाई और अब एक झटके वाला मंत्र कहां से लाए हैं ये। ये गरीबों का मजाक है या नहीं, कभी झटके से गरीबी दूर होती है क्या। ऐसे दावे करते हैं और इसी कारण हंसी का पात्र बन जाते हैं, देश कभी इन्हें गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी। कांग्रेस के लोग 2014 और 2019 में भी यही बोलते थे, राममंदिर और धारा 370 पर भी यही बोलते थे, कभी आग लगी क्या। कांग्रेस का काम देश को डराना और भ्रम फैलाना है। आग देश में नहीं, उनके दिलों में लगी है। 10 साल से सत्ता से बाहर हैं, ऐसे छटपटा रहे हैं, जैसे उनकी भावी पीढ़ियों का सब कुछ लुट गया हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी डॉ अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस जैसी पार्टियों ने सदा डॉ अंबेडकर को अपमानित किया है। कांग्रेस ने जिस समाज को हमेशा वंचित रखा गया, आज उस समाज की बेटी देश की पहली नागरिक है। देश के डिजिटल पेमेंट के ऐप का नाम भी भीम यूपीआई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद कई दशक तक कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधे या रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाई। इसी परिवार ने आपातकाल लगाया। कांग्रेस ने लोकतांत्रिक सरकारों को मनमर्जी से गिराया। अपने हिसाब से इतिहास तोड़ा मरोड़ा। खुद का महिमामंडन करवाया। कांग्रेस की माने तो लोकतंत्र बिल्कुल ठीक चल रहा था, पर जैसे ही गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना, तो पार्टी अफवाह फैलाने लगी कि अब संविधान पर खतरा हो जाएगा।

## मोदी तीसरी बार पीएम बनें तो नक्सलमुक्त होगा छत्तीसगढ़ : शाह



**रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ में एक जनसभा में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। उन्होंने राज्य की जनता को मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त राज्य बनाने का भरोसा दिया। शाह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते है कि मोदी संविधान बदल देंगे। इनके चले-चपेटे कहते हैं कि मोदी फिर आए तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। मैं बताना चाहूंगा कि यह लोग झूठ का व्यापार करते हैं। चाहे कुछ भी हो जाए भाजपा ना आरक्षण खत्म करेगी और ना करने देगी। शाह ने कहा कि संतोष पांडेय को दिया वोट सीधे नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगा।



**मारीशस समेत कई देशों के राजनयिकों ने लगायी बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी**

**वाराणसी। मॉरीशस, श्रीलंका, सेशेल्स और मोलडोव समेत कई देशों के राजनयिकों ने रविवार शाम श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। सभी विदेशी राजदूतों ने दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के बाद राजदूत आह्लादित दिखे। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सभी राजनयिकों एवं उनके परिजनों का श्री विश्वनाथ दुपट्टा एवं प्रसाद देकर स्वागत किया।**

## 10 मई को खुलेंगे यमुनोत्री के कपाट


**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा के लिए प्रतिष्ठित यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर 10 मई को रोहिणी नक्षत्र में दिन 10 बजकर 29 मिनट पर खुलेंगे। श्री बदरीनाथ, श्री केदारनाथ और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और समय पहले ही घोषित किया जा चुका है। अब यमुनोत्री धाम के साथ चारों धामों की कपाट खलने की तिथि और समय घोषित होने के बाद पर्यटन विभाग जल्द ही तीर्थयात्रियों के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर सकता है।

## अमरनाथ यात्रा 29 जून से, आज से रजिस्ट्रेशन

**जम्मू।**अमरनाथ यात्रा इस साल 29 जून से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा का पंजीकरण सोमवार से शुरू होगा। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने कहा यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी, जबकि पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा।

# रामलला का आज से 18 अप्रैल तक नहीं होगा वीआईपी दर्शन

- ऑनलाइन बने सभी पास निरस्त, ट्रस्ट की अपील रामलला के जन्मोत्सव पर मोबाइल लेकर न आएं मंदिर



**अयोध्या।** रामनवमी पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला का वीआईपी दर्शन नहीं हो पायेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से रामलला के 15 से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन को पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है। इस दौरान किसी भी तरह के वीआईपी दर्शन और पहले से बने वीआईपी पास पर रोक लगा दी गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को गाइडलाइन जारी किया है। जिसमें 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक किसी भी तरह के वीआईपी दर्शन और वीआईपी पास पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान श्रद्धालु सुगम दर्शन पास और आरती के पास का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक के बीच के ऑनलाइन बना लिए गए पास निरस्त किये गए हैं। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने लोगों से अपील किया है कि राम लला के जन्मोत्सव के मौके पर मोबाइल लेकर राम जन्मभूमि ना आएं। साथ ही रामलला के दर्शन को लेकर जारी पूर्व पास को राम मंदिर ट्रस्ट ने निरस्त किया।

# नयी सरकार में मिलेंगे तीनों सेनाओं के नये प्रमुख

एजेंसी

- एक ही एनडीए बैच के दोस्तों के पास है तीनों भारतीय सेनाओं की कमान
- एडमिरल करमबीर सिंह, एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया और सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी 56वें बैच के दोस्त थे
- नये डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश, स्क्रीनिंग कमेटी ने सुझाए 3 वैज्ञानिकों के नाम



**नयी दिल्ली।** यह चुनावी वर्ष न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि तीनों सेनाओं को नए चेहरे मिलने के लिहाज से भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए भी अहम है। आने वाले दिनों में भारत को थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नए प्रमुखों के साथ-साथ देश की प्रमुख रक्षा एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए भी नया अध्यक्ष मिलेगा। फिलहाल नौसेना, थल सेना और डीआरडीओ के लिए नए प्रमुखों को लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले वायु सेना प्रमुख का चयन बाद में किया जाएगा। खास बात यह है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और एडमिरल आर. हरि कुमार 61वें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पाठ्यक्रम में बैचमेट हैं। यह देश के लिए लगातार दूसरा मौका है जब एक ही एनडीए बैच के तीन दोस्तों के हाथों में देश की तीनों सेनाओं की कमान है। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों का नेतृत्व करने वाली तिकड़ी में एडमिरल करमबीर सिंह, एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया और सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी 56वें एनडीए बैच के साथी थे। रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अप्रैल के अंत तक नौसेना को नया प्रमुख मिल जाएगा, क्योंकि 25वें प्रमुख एडमिरल हरि कुमार 30 अप्रैल को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय की चयन समिति ने पांच वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों के नाम नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) को भेजे हैं। उम्मीद है कि एसीसी जल्द ही अगले नौसेना प्रमुख की घोषणा करेगी। वरिष्ठता को देखते हुए नौसेना स्टाफ के वर्तमान उप प्रमुख वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी प्रमुख दावेदार हैं। वाइस एडमिरल त्रिपाठी जुलाई 1985 में नौसेना में शामिल हुए। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है और उन्होंने फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर सिग्नल संचार अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अधिकारी के रूप में भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व में परिचालन क्षमताओं को बढ़ाते हुए भारतीय नौसेना के जहाजों आईएनएस विनाश, आईएनएस किर्च और आईएनएस त्रिशूल की कमान संभाली है। इसके बाद अगली नियुक्ति सेना प्रमुख की होगी, क्योंकि जनरल मनोज पांडे 31 मई को अपना पद छोड़ देंगे। जनरल पांडे ने 30 अप्रैल, 2022 को जनरल मनोज मुकुंद नरवणे से सेना की बागडोर संभाली थी। भारतीय सेना चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है, जिसमें 2 मिलियन से अधिक सक्रिय कर्मी हैं। सरकार को नए डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश है, वर्तमान अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामथ करीब तीन साल के कार्यकाल के बाद 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Class - X

| | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 |
| Science Practical | ₹ 65 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

Class - IX

| | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !